kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-100 | रविवार, 11 मई 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



सीमा के 10-15 किलोमीटर की पट्टी में आने वाले गांवों की पहचान करें और वहां कितनी खेती योग्य जमीन है, इसका आकलन किया जाए। उनकी मदद कैसे की जाए, इसकी योजना राज्य सरकारों के साथ मिलकर बनाएं।

शिवराज सिंह चौहान

स्त्री-पुरुष लिंगानुपात 899 से बढ़कर 913 पर 12

आपातकालीन तैयारियों की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने की उच्चस्तरीय समीक्षा 12

# पाकिस्तानी रक्षा प्रणाली पांच दिन में तबाह

## पाकिस्तान के हवाई ठिकाने स्कर्दू, जकूबाबाद और भुलारी को भारत ने भारी नुकसान पहुंचाया

एजेंसी

नयी दिल्ली। पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में आतंकवादी अड्डों को निशाना बना कर बीते पांच दिनों से जारी भारत की सैन्य कार्रवाई शनिवार को नाटकीय अंदाज़ में रोक दी गयी।

बीते पांच दिनों में पाकिस्तान ने भारत पर पांच सौ से अधिक ड्रोन, राकेट एवं मिसाइलों से हमला किया लेकिन भारतीय वायु प्रतिरक्षा प्रणाली ने किसी भी भारतीय सैन्य एवं महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को नुकसान नहीं पहुंचने दिया जबकि भारतीय कार्रवाई से पाकिस्तान के सैन्य प्रतिष्ठानों एवं आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त करके पाकिस्तान रक्षा प्रणाली की कमर और पाकिस्तानी सैनिकों का मनोबल टूट गया।

भारतीय सेनाओं की पाकिस्तान स्थित आतंकवादी अड्डों और पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों को जबरदस्त नुकसान पहुंचने के बाद पाकिस्तान के सैन्य अभियान महानिदेशक (डीजीएमओ) ने आज अपराह्न भारतीय सेना के डीजीएमओ से टेलीफोन पर बात की और दोनों पक्षों ने भारतीय समयानुसार शाम पांच बजे से ज़मीन, हवा, एवं समुद्र से एक दूसरे के विरुद्ध सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति जतायी। पर सैन्य कार्रवाई रोकने को लेकर बनी सहमति पर भारत ने स्पष्ट किया है कि यह सहमति केवल सैन्य कार्रवाई तक सीमित है और भारत की ओर से पाकिस्तान पर सिंधु जल संधि पर रोक सहित सभी प्रतिबंध यथावत जारी रहेंगे।



- भारत और पाकिस्तान संघर्ष विराम पर सहमत, सैन्य कार्रवाई रोकी
- हर दुस्साहस का मुंहतोड़ जवाब देने को तैयार: सेनाएं
- भारत के एक भी युद्धक विमान का नुकसान नहीं हुआ
- नियंत्रण रेखा के पास भारत ने पाकिस्तान की सैन्य चौकियों और उपकरणों को भारी नुकसान पहुंचाया

विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने शाम करीब छह बजे एक विशेष संवाददाता सम्मेलन में सैन्य कार्रवाई रोके जाने की सहमति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशक ने आज दोपहर बाद अपने भारतीय समकक्ष के साथ टेलीफोन पर बातचीत की शुरूआत की। उसके बाद हुई चर्चा में दोनो पक्ष शाम पांच बजे से सभी तरह की सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमत हो गये हैं। विदेश सचिव ने कहा, पाकिस्तान के डीजीएमओ ने अपने भारतीय समकक्ष के साथ दिन में तीन बजकर 35 मिनट पर बातचीत की थी। दोनों पक्ष भारतीय समय के अनुसार शाम पांच बजे से जमीन, हवा और समुद्र सभी क्षेत्रों में सैन्य कार्रवाई बंद करने पर सहमत हुए हैं। इस संबंध में दोनों देशों ने अपने सशस्त्र बलों को इस पर अमल के आदेश जारी कर दिये हैं। दोनों डीजीएमओ स्थिति की समीक्षा के लिए सोमवार यानी 12 मई को दिन में बारह बजे फिर से बात करेंगे। कर्नल कुरैशी ने कहा, पाकिस्तान ने झूठे आरोप लगाए कि भारतीय सेना ने मस्जिदों को नुकसान पहुंचाया। मैं यह स्पष्ट करना चाहती हूं कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है और हमारी सेना भारत के संवैधानिक मूल्य का एक बहुत ही सुंदर प्रतिबिंब है। ...हमारे अभियान विशेष रूप से भारत विरोधी गतिविधियों के लिए इस्तेमाल किए जा रहे आतंकवादी ठिकानों पर लक्षित रहे। भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा किसी भी धार्मिक स्थल को निशाना नहीं बनाया गया है। विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने पाकिस्तानी को हुए नुकसान की जानकारी देते हुए कहा कि भारतीय सशस्त्र बल पूरी तरह से तैयार, सतर्क और भारत की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जैसा कि हमने देखा है, पिछले कुछ दिनों में पाकिस्तान को हमारे ठिकानों पर बिना उकसावे के हमला करने के बाद बहुत भारी और असहनीय क्षति हुई है। उसे ज़मीन और हवा दोनों जगहों पर नुकसान उठाना पड़ा है। महत्वपूर्ण पाकिस्तानी हवाई ठिकानों- स्कार्दू, जैकोबाबाद, ● शेष पेज 11 पर

### पाकिस्तान ने 3 घंटे में ही तोड़ दिया युद्धविराम, जम्मू-कश्मीर में फिर ड्रोन हमले और गोलाबारी

**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान के बीच 86 घंटों तक चला युद्ध शनिवार शाम 5 बजे खत्म हो गया। जब दोनों देशों के बीच सीजफायर पर सहमति बन गई। लेकिन इसके 3 घंटे बाद ही पाकिस्तान ने सीजफायर का उल्लंघन किया है। जम्मू-कश्मीर में सीमा पार से पाकिस्तान की उकसावेभरी गतिविधियां एक बार फिर तेज़ हो गई हैं। शनिवार रात को पाकिस्तान ने कई इलाकों में संघर्षविराम का उल्लंघन करते हुए भारी गोलाबारी की, वहीं एक संदिग्ध ड्रोन को लेकर कश्मीर के बारामूला जिले में धमाका हुआ है। जानकारी के अनुसार, अखनूर, राजौरी और आरएसपुरा अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तान द्वारा तोपखाने से गोलाबारी की गई है। वहीं, बारामुला में एक ड्रोन से अटैक हुआ है। पाकिस्तान ने जम्मू के पलनवाला सेक्टर में भी संघर्ष विराम का उल्लंघन किया है। वहीं, भारतीय सेनाओं को मुंहतोड़ जवाब देने का निर्देश दिया गया है। सरकार ने बीएसएफ को पाकिस्तान द्वारा संघर्ष विराम उल्लंघन का मुंहतोड़ जवाब देने को कहा है।

### भविष्य में किसी भी आतंकवादी कृत्य को भारत के खिलाफ 'युद्ध की कार्रवाई' माना जायेगा: सरकार

**नई दिल्ली।** भारत ने निर्णय लिया है कि भविष्य में होने वाले किसी भी आतंकवादी कृत्य को देश के खिलाफ ''युद्ध की कार्रवाई'' माना जाएगा और उसका उसी के अनुसार जवाब दिया जायेगा। शीर्ष सरकारी सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस निर्णय के साथ, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने आतंकवादी घटनाओं के खिलाफ लक्ष्मण रेखा खींचने का प्रयास किया है तथा अपराधियों और षड्यंत्रकारियों को दृढ़ता से जवाब देने का अपना इरादा स्पष्ट किया है।

इस कदम को पाकिस्तान के लिए कड़े संदेश के रूप में देखा जा रहा है, जो भारतीयों को निशाना बनाने में शामिल विभिन्न आतंकवादी समूहों से जुड़ा हुआ है। यह निर्णय 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ बढ़ते संघर्ष के बीच लिया गया है। पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 नागरिक मारे गए थे, जिनमें ज्यादातर पर्यटक शामिल थे।

## सात मई के ऑपरेशन सिंदूर में पांच आतंकवादी सरगना ढेर

एजेंसी




नयी दिल्ली। पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र बलों के 6 मई की रात को चलाये गये ऑपरेशन सिंदूर में पांच आतंकवादी सरगनाओं के साथ साथ सैकड़ों अन्य आतंकवादी मारे गये।

सूत्रों ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर में मौलाना मसूद अजहर के परिजनों सहित ऐसे बर्बर आतंकवादी मारे गये हैं जिनकी भारत में कई बड़े आतंकवादी हमलों में तलाश थी। मारे गये आतंकवादियों में कुख्यात आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का मुदस्सर खादियां खास उर्फ मुदस्सर उर्फ अबू जुंदाल भी शामिल है। यह मरकज तैयबा, मुरीदके का प्रभारी था और इसकी पाकिस्तानी सरकार में अच्छी पैठ थी। पाकिस्तान सेना द्वारा उसके अंतिम संस्कार में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। पाकिस्तानी सेना के प्रमुख और पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज की ओर से उसे पुष्पांजलि अर्पित की गई। उसके अंतिम संस्कार की नमाज एक सरकारी स्कूल में आयोजित की गई, इसमें जमात-उद-दावा के नामित वैश्विक आतंकवादी के हाफिज अब्दुल रऊफ ने किया। पाकिस्तानी सेना एक सेवारत लेफ्टिनेंट जनरल और पंजाब पुलिस के आईजी नमाज में शामिल हुए। इस ऑपरेशन में जैश-ए-मोहम्मद का कुख्यात आतंकवादी हाफिज मुहम्मद जमील भी मारा गया है। यह मौलाना मसूद अजहर का सबसे बड़ा साला और बहावलपुर के मरकज सुभान अल्लाह का प्रभारी था। यह युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और जैश-ए-मोहम्मद के लिए धन जुटाने में सक्रिय रूप से शामिल था। मारे गये तीसरे बड़े आतंकवादी का नाम जैश-ए-मोहम्मद के ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### पाकिस्तानी हमले में झुंझुनू का जवान शहीद

**झुंझुनू।** पाकिस्तान के जम्मू-कश्मीर में ऊधमपुर के मोगा में हुये हवाई हमले में राजस्थान में झुंझुनू के वायुसेना के जवान सुरेंद्र कुमार शहीद हो गये। जिला कलेक्टर राम अवतार मीणा ने शनिवार को बताया कि सुरेंद्र कुमार 39 विंग ऊधमपुर में मेडिकल असिस्टेंट सार्जेंट थे। उनके शहीद होने की सूचना सेना मुख्यालय से उनके जीजा जयप्रकाश को फोन पर दी गई थी। जवान सुरेंद्र कुमार मेहरादासी (मंडावा) के थे। परिवार के अनुसार वह 14 वर्ष से वायुसेना की मेडिकल विंग में थे। वह करीब एक महीने पहले ही छुट्टियों के बाद उधमपुर लौटे थे। पन्द्रह अप्रैल को ही अपने परिवार को साथ लेकर ड्यूटी पर पहुंचे थे। गांव में उन्होंने नया मकान बनवाया था, जिसका गृह प्रवेश हाल ही में हुआ था। शहीद सुरेन्द्र सिंह अपने माता-पिता के इकलौते पुत्र थे। वह अपने पीछे पत्नी और दो छोटे बच्चों को छोड़ गये।

### सीबीआई ने 8 राज्यों में 42 ठिकानों पर की छापेमारी, 5 गिरफ्तार

नई दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने साइबर अपराधियों को अवैध रूप से सिम कार्ड मुहैया कराने में शामिल गिरोह के खिलाफ कार्रवाई की है। यह कार्रवाई ट्रांसनेशनल साइबर क्राइम नेटवर्क और 'डिजिटल अरेस्ट' जैसे अपराधों से जुड़ी है। 'ऑपरेशन चक्र-वी' के तहत शनिवार को इन अपराधियों के 8 राज्यों में फैले 42 ठिकानों पर एकसाथ छापेमारी की गई। इस कार्रवाई में 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई ने असम, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, कर्नाटक और तमिलनाडु में टेलीकॉम ऑपरेटर्स के पॉइंट ऑफ सेल एजेंट्स के ठिकानों पर छापे मारे। आरोप है कि ये एजेंट साइबर अपराधियों की मिलीभगत से फर्जी केवाईसी दस्तावेजों के आधार पर सिम कार्ड जारी कर रहे थे। इनका इस्तेमाल डिजिटल अरेस्ट, फर्जी विज्ञापन, निवेश धोखाधड़ी, यूपीआई फ्रॉड जैसे मामलों में हो रहा था। छापों के दौरान सीबीआई ने मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, संदिग्ध केवाईसी दस्तावेज और अपराध की आय से खरीदी गई संपत्तियों से संबंधित दस्तावेज जब्त किए हैं। गिरफ्तार पांचों आरोपी चार अलग-अलग राज्यों से हैं और इन पर टेलीकॉम नियमों का उल्लंघन कर सिम कार्ड बेचने का आरोप है।

## सरकारी माध्यमिक स्कूलों में कक्षा नौ से इंटरमीडिएट तक बढ़ी फीस

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। राजकीय व अशासकीय सहायता प्राप्त (एडेड) माध्यमिक स्कूलों में कक्षा नौ से इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई अब महंगी होगी। विद्यालयों में इसी शैक्षिक सत्र 2025-26 से शुल्क में बढ़ोत्तरी को लागू कर दिया गया है। कक्षा नौ व हाईस्कूल में 61 रुपये और कक्षा 11 व इंटरमीडिएट में 69 रुपये प्रति महीने बढ़ा शुल्क। ऐसे में कुल फीस तीन गुना तक बढ़ाई गई है। वहीं कुछ मदों में 10 गुना तक की बढ़ोत्तरी भी हुई है। वर्ष 2010 के बाद सरकारी माध्यमिक स्कूलों की फीस बढ़ाई गई है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू होने के कारण माध्यमिक स्कूलों में कक्षा छह से कक्षा आठ तक मुफ्त पढ़ाई कराई जा रही है।

शुल्क में बढ़ोत्तरी किए जाने से 2540 राजकीय व 4512 एडेड माध्यमिक स्कूलों में कक्षा नौ से इंटरमीडिएट तक के 30 लाख छात्रों के अभिभावकों की जेब पर बोझ बढ़ेगा। अभी तक कक्षा नौ व




हाईस्कूल की प्रति छात्र वार्षिक फीस 394 रुपये थी। अब यह बढ़ाकर 1130 रुपये वार्षिक कर दी गई है। यानी अभी तक हर महीने 33 रुपये शुल्क हर विद्यार्थी देता था। अब वह 94 रुपये प्रति महीने शुल्क देगा। ऐसे में इन कक्षाओं में प्रति महीने 61 रुपये और वार्षिक 736 रुपये फीस बढ़ी है। ऐसे ही कक्षा 11 व इंटरमीडिएट की प्रति विद्यार्थी वार्षिक फीस 462 रुपये थी और अब प्रत्येक विद्यार्थी को 1290 रुपये हर महीने शुल्क देना होगा। इन कक्षाओं में हर महीने अभी तक 38.50 रुपये फीस थी और अब यह 107.50 रुपये ली जाएगी। ऐसे में प्रति महीने 69 रुपये और वार्षिक 828 रुपये फीस बढ़ी है। अभी तक विकास शुल्क ● शेष पेज 11 पर

## मोदी ने उच्च स्तरीय बैठक में सीमा की स्थिति का आकलन किया

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर शनिवार को यहां एक उच्च स्तरीय बैठक में सीमा की मौजूदा स्थिति का जायजा लिया और पाकिस्तान के सैन्य दुस्साहस का जवाब देने की रणनीति पर चर्चा की।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास पर हुई बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में 7, लोक कल्याण मार्ग पर एक उच्च स्तरीय बैठक हुई। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, एनएसए अजीत डोभाल, सीडीएस जनरल अनिल चौहान, सशस्त्र बलों के प्रमुख और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। इस बैठक को इसलिए



महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि पाकिस्तान ने आज सुबह विभिन्न सैन्य और हवाई प्रतिष्ठानों पर हवाई हमले किए, जिन्हें भारतीय रक्षा बलों ने नाकाम कर दिया। भारत ने रावलपिंडी के नूर खान एयरबेस सहित पाकिस्तान के विभिन्न हवाई ठिकानों पर भी हमला किया और सैन्य ठिकानों को भारी नुकसान पहुंचाया। पिछले 24 घंटों में प्रधानमंत्री की रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ यह दूसरी बैठक है। गौरतलब है कि शुक्रवार को श्री सिंह ने पश्चिमी सीमा पर सुरक्षा स्थिति और भारतीय सशस्त्र बलों की परिचालन तैयारियों की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की थी, जिसमें जनरल चौहान, तीनों सेनाओं के प्रमुख और रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह शामिल हुए थे। उधर नागरिक सुरक्षा महानिदेशक ने भारत और पाकिस्तान के बीच बढते तनाव के बीच नागरिक सुरक्षा तैयारियों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए मीडिया चैनलों को सलाह दी है कि वे अपने कार्यक्रमों में नागरिक सुरक्षा हवाई हमले के प्रति लोगों को सचेत करने वाले सायरन का इस्तेमाल न करें क्योंकि इसे बेवजह बजाने से इसके प्रति लोगों की संवेदनशीलता खत्म हो जायेगी। नागरिक सुरक्षा महानिदेशक ने शनिवार को यहां नागरिक सुरक्षा अधिनियम 1968 की धारा 3(1) का इस्तेमाल करते हुए मीडिया चैनलों को इन सायरनों का अपने कार्यक्रमों में इस्तेमाल नहीं करने की सलाह दी है। सलाह में कहा गया है कि इस सायरन का नियमित रूप से इस्तेमाल करने से लोगों की इसके प्रति संवेदनशीलता समाप्त हो जायेगी और लोग इसे नियमित मामला समझ कर इसकी परवाह नहीं करेंगे। इसमें कहा गया है कि इसका परिणाम यह होगा कि जब वास्तव में हवाई हमले से सचेत रहने के लिए सायरन बजाया जायेगा तो लोग उस पर भी ध्यान नहीं देंगे।

### आतंकवाद के विरुद्ध संघर्ष जारी रहेगा : जयशंकर

**नयी दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि भारत आतंकवाद के साथ कोई समझौता नहीं करेगा और इसके विरुद्ध संघर्ष जारी रहेगा।

डॉ. जयशंकर ने शनिवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारत और पाकिस्तान ने एक दूसरे के विरूद्ध गोलाबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने की समझ बनायी। उन्होंने कहा कि भारत आतंकवाद और उसके सभी रूपों के खिलाफ कोई समझौता नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि आतंकवाद पर कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा, ''भारत और पाकिस्तान के बीच आज गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनी है। भारत आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ अपनी सख्त और अडिग नीति पर कायम है, और आगे भी रहेगा। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आवास पर हुई एक उच्च स्तरीय बैठक के बाद कहा गया कि आतंकवाद की किसी भी कार्रवाई को युद्ध समझा जाएगा।

## शिक्षा केवल अच्छे अंकों तक सीमित न रहे : सीएम

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। शिक्षा केवल अच्छे अंकों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसे नैतिक मूल्यों, संस्कारों और राष्ट्र प्रथम की भावना से जोड़ना चाहिए। हम अक्सर शिक्षा को अंकों तक सीमित कर देते हैं, लेकिन शिक्षा का उद्देश्य जीवन निर्माण है। एक ऐसा जीवन जो देश के लिए उपयोगी हो, समाज के लिए प्रेरणा हो। जब हम शिक्षा को संस्कारों और राष्ट्रीय मूल्यों से जोड़ते हैं, तभी विकसित भारत की नींव रखी जा सकती है। विकसित भारत वह होगा, जहां हर नागरिक सुरक्षित-समृद्ध और आत्मनिर्भर हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'विकसित भारत' का जो संकल्प देशवासियों को दिया है, उसमें शिक्षा और शिक्षकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। शिक्षक ऐसी पीढ़ी को गढ़ने का कार्य कर रहे हैं, जो आने वाले समय में न केवल अकादमिक रूप से उत्कृष्ट होंगी, बल्कि नैतिक दृष्टिकोण से भी मजबूत होंगी।

यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को सिटी मॉन्टेसरी स्कूल में आयोजित शिक्षक धन्यवाद समारोह में



कहीं। इससे पहले सीएम योगी ने आईसीएससीई बोर्ड के 10वीं-12 वीं के टॉपर्स, जेईई मेन टॉपर स्टूडेंट्स को सम्मानित किया। सीएम ने शिक्षकों को भी सम्मानित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 70 वर्ष पूर्व डॉ. जगदीश गांधी और डॉक्टर भारती गांधी ने सीमित संसाधनों के बावजूद महान उद्देश्य को लेकर इस संस्थान की नींव रखी। जब वे लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्र थे, तब न तो उनके पास कोई संसाधन था, न ही कोई विशेष व्यवस्था, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और राजधानी लखनऊ में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का सपना देखा। आज उसी सपने के परिणामस्वरूप सीएमएस में हजारों छात्र अध्ययन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर छात्र को मेरिट सूची में स्थान नहीं मिल सकता, लेकिन शिक्षा के विभिन्न क्षेत्र खेल, कला और सेवा में अपनी पहचान बना सकते हैं। मुख्यमंत्री योगी ने देश की वैदिक परंपराओं की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि हमारा वैदिक उद्घोष माता भूमिः पुत्रो?हं पृथिव्याः रहा है। यह वही भावना है, जिसे डॉ. गांधी ने 'जय जगत' के रूप में प्रस्तुत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उसी भावना को 'नेशन फर्स्ट' के सिद्धांत में दोहरा रहे हैं। हमें भी इसी सिद्धांत के साथ जीवन के हर क्षेत्र में कार्य करना चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बातों का उल्लेख करते हुए कहा कि हम सभी के लिए नेशन फर्स्ट ही पहला मंत्र होना चाहिए। ये काम सिर्फ देश के नेतृत्व, सेना के जवानों और प्रशासनिक अफसर का ही नहीं है, बल्कि शिक्षकों के लिए भी होना चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जब युवाओं के भीतर राष्ट्र के प्रति श्रद्धा का अभाव होता है, तभी देशविरोधी विचार पनपते हैं इसलिए शिक्षकों का उत्तरदायित्व बनता है कि वह न केवल ज्ञान दें, बल्कि छात्रों में देशभक्ति और नैतिकता भी रोपें। सीएम ने शिक्षकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह संस्थान हर राष्ट्रीय आयोजन (चाहे वह स्वतंत्रता ● शेष पेज 11 पर

## उत्तर प्रदेश के आठ जिलों में मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान शुरू

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। बाल कुपोषण से निपटने में संभव अभियान की सफलता के बाद, उत्तर प्रदेश सरकार ने अब राज्य के सभी आठ आकांक्षी जिलों में मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान शुरू किया है। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों ने कहा कि कुपोषण को मिटाने और बच्चों के लिए पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने के स्पष्ट उद्देश्य के साथ यह महत्वाकांक्षी पहल राज्य सरकार की अपने सबसे कम उम्र के नागरिकों के स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को पुष्ट करती है। सूत्रों ने कहा कि पायलट चरण के लिए एक व्यापक कार्य योजना पहले ही तैयार की जा चुकी है। उन्होंने कहा अभियान का लक्ष्य 3 से 6 वर्ष की आयु के बच्चों को प्रतिदिन 400 कैलोरी और 15-20 ग्राम प्रोटीन युक्त पौष्टिक नाश्ता उपलब्ध कराना है। ये भोजन टेक-होम राशन मॉडल के तहत प्रदान किया जाएगा,



जिससे निरंतरता और पहुंच दोनों सुनिश्चित होगी। सूत्रों ने बताया कि पोषण पैकेज के तहत बच्चों को फ्लेवर्ड मिल्क, केला और अन्य मौसमी फल तथा विशेष रूप से डिजाइन किया गया बाजरा चिक्की न्यूट्रीबार मिलेगा। उन्होंने कहा वाराणसी में सफलतापूर्वक संचालित इस न्यूट्रीबार ने आंगनवाड़ी लाभार्थियों में एनीमिया, बौनापन और कम वजन के मामलों को कम करने में मदद करते हुए एक मापनीय सकारात्मक प्रभाव प्रदर्शित किया है। इसके पोषण मूल्य और बच्चों के अनुकूल स्वाद के कारण आंगनवाड़ी केंद्रों में उपस्थिति और सहभागिता दोनों को बढ़ाने का श्रेय भी इसे दिया गया ● शेष पेज 11 पर

# संत रविदास का दर्शन ही विकसित भारत के संकल्प का प्रेरणास्त्रोत : योगी

एजेंसी

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकसित भारत का संकल्प, सद्गुरू संत रविदास की प्रेरणा से ही आगे बढ़ रहा है। संत ने कहा था कि ''ऐसा चाहूं राज मैं, जहां मिले सबन को अन्न, छोट बड़ा सब संग बसे, रैदास रहे प्रसन्न''। उनका यही दर्शन प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प का आधार है। हमारा देश तभी विकसित भारत बनेगा, जब हम एकजुट होकर जातिगत और आर्थिक विषमताओं को दूर कर सकेंगे। वह शनिवार को अयोध्या में प्राचीन संत रविदास मंदिर के सौंदर्यीकरण कार्य और नवनिर्मित सत्संग भवन के लोकार्पण समारोह में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने यहां सामूहिक सहभोज कार्यक्रम में शामिल होकर संतों के साथ प्रसाद भी ग्रहण किया।

उन्होंने कहा कि आज एक नई अयोध्या का निर्माण हो रहा है। संत रविदास मंदिर के सौंदर्यीकरण एवं सत्संग भवन के लोकार्पण के साथ यह प्रक्रिया और भी सशक्त हुई है। इसके लिए योगी ने महंत बनवारी पति ब्रह्मचारी महाराज को बधाई दी। सीएम योगी ने संत रविदास को मध्यकालीन संत परंपरा का सिद्ध संत बताते हुए कहा कि उन्होंने कर्मप्रधान व्यवस्था के माध्यम से सामाजिक चेतना को जागृत किया और सामाजिक विसंगतियों के खिलाफ मजबूती से आवाज उठाई। मुख्यमंत्री ने मध्यकाल के कठिन समय का जिक्र करते हुए कहा कि जब विदेशी आक्रांताओं के अत्याचार और सनातन धर्म पर खतरे के बादल मंडरा रहे थे, तब काशी में संत रविदास ने सामाजिक एकता के लिए समाज को जागरूक किया। उन्होंने आडंबर और रूढ़िवादिता के खिलाफ आवाज उठाई और कर्म को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उनकी कहावत 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' आज भी प्रासंगिक है।

सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में काशी में सीर गोवर्धन को 10 वर्षों में भव्य स्वरूप दिया गया है और अयोध्या का कायाकल्प भी उसी दिशा में एक कदम है। अयोध्या में फोरलेन सड़क, महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, माता शबरी के नाम पर अन्न क्षेत्र, निषाद राज के नाम पर यात्री विश्रामालय और राम की पैड़ी व सरयू घाट के सौंदर्यीकरण जैसे कार्यों का उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद से अयोध्या की उपेक्षा की गई, लेकिन अब सूर्यवंश की ये राजधानी देश की पहली सोलर सिटी के रूप में अपनी पहचान बना रही है।

उन्होंने पासी समाज, कबीर मठ और रजक समाज के संतों को आश्वासन दिया कि सरकार सभी वर्गों को जोड़कर आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। जब हमारा संकल्प देश के प्रति कर्तव्यों से जुड़ेगा, तो सभी समस्याओं का समाधान संभव है। हमें नेशन फर्स्ट की भावना के साथ देश को प्राथमिकता देनी होगी, तभी हम संत रविदास और भगवान राम के आदर्शों पर चलकर एक समृद्ध भारत का निर्माण कर सकेंगे।

इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक और संत रविदास मंदिर के महंत बनवारी पति ब्रह्मचारी जी महाराज, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट महामंत्री चंपत राय, व्यवस्था प्रबंधक गोपाल, ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अवध प्रांत के प्रांत प्रचारक कौशल, महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, योगी बालकनाथ महाराज, महंत रामानुजदास महाराज, डॉ सुंदरलाल महाराज, छतरदास महाराज, स्वामीदास महाराज, स्वामी भारत भूषण महाराज, सुकृत सहित सद्गुरू रविदास जी महाराज की भक्तिधारा से जुड़े अन्य संतजन एवं श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री योगी ने हनुमानगढ़ी में लगाई हाजिरी, रामलला के श्रीचरणों में झुकाया शीश

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर रामनगरी पहुंचे। उन्होंने अपने दौरे का आगाज हनुमानगढ़ी में संकट मोचन के चरणों में हाजिरी लगाकर किया। यहां उन्होंने संतों से भी मुलाकात की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने श्रीरामलला के चरणों में भी प्रणाम निवेदित किया।

सीएम योगी रामकथा पार्क स्थित हैलीपेड पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों व भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया। रामकथा पार्क से सीएम योगी सीधे हनुमानगढ़ी पहुंचे, जहां रामभक्त संकटमोचन हनुमान के दरबार में हाजिरी लगाई और प्रदेश के कल्याण की कामना की। सीएम ने दर्शन-पूजन के उपरांत निकलते समय आमजन का अभिवादन भी स्वीकार किया। मुख्यमंत्री ने हनुमानगढ़ी में संतों से



भी मुलाकात की और उनकी कुशलक्षेम जानी। यहां मुख्यमंत्री सबसे पहले गद्दीनशीन महंत प्रेमदास महाराज जी महाराज से मिले। इसके बाद मुख्यमंत्री यहां अन्य संतों से भी मिले और उनका हालचाल जाना। इसके बाद मुख्यमंत्री श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पहुंचे और श्रीरामलला के चरणों में शीश झुकाया। मुख्यमंत्री ने यहां विधिवत दर्शन-पूजन भी किया। इसके बाद उन्होंने राम मंदिर निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया, यहां चल रहे निर्माण कार्य की प्रगति के बारे में भी जानकारी ली। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को यहां चल रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने इस दौरान आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

## एस एन सिंह व उनके पुत्र के विरुद्ध सुशांत गोल्फ सिटी थाने में दर्ज हुआ धोखाधड़ी का का मुकदमा

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सुशांत गोल्फ सिटी थाने में धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश के आरोप में एस.एन. सिंह, उनके पुत्र स्वयं सिंह और पुत्रवधू स्वाती सिंह के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई है। यह मामला गोमती नगर विस्तार निवासी शिव शर्मा और उनके मित्र महेश कुमार सिंह की शिकायत पर दर्ज किया गया है।इस मामले में आरोपियों पर 1.46 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है।शिव शर्मा ने अपनी शिकायत में बताया है कि वर्ष 2021 में एस.एन. सिंह ने उन्हें और महेश कुमार सिंह को अपने पुत्र स्वयं सिंह और पुत्रवधू स्वाती सिंह के व्यवसाय में निवेश करने का लालच दिया था ।स्वाती सिंह को शेर खान कंपनी का एजेंट बताते हुए दावा किया गया कि निवेश पर प्रति माह 10 प्रतिशत का सुनिश्चित लाभ मिलेगा। इसके लिए जाली दस्तावेज, इकरारनामे और हलफनामे तैयार किए गए। शिव शर्मा ने स्वाती सिंह के खाते में 37 लाख रुपये और महेश कुमार सिंह ने 40 लाख रुपये जमा किए, जो लाभ सहित क्रमशः 68 लाख और 78 लाख रुपये की देनदारी बनती है।हालांकि, आरोपियों ने न तो मूल धनराशि लौटाई और न ही कोई लाभ दिया। जब पीड़ितों ने पैसे वापस मांगे, तो उनके साथ गाली-गलौज, मारपीट और जातिसूचक अपशब्दों का इस्तेमाल किया गया। अधिक दबाव बनाने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। इससे क्षुब्ध और भयभीत पीड़ितों ने संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) को प्रार्थना पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की।पुलिस ने शिकायत के आधार पर सुशांत गोल्फ सिटी थाने में आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी सुशांत गोल्फ सिटी अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## नगराम पुलिस ने चार शातिर चोरों को दबोचा

**नगराम , लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगराम पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। 6 मई की रात ग्राम तंमोरिया में हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए चोरों के पास से चोरी गई गेहूं की चार बोरियां भी बरामद की गई हैं।पुलिस उपायुक्त दक्षिणी क्षेत्र के आदेश पर नगराम थाना प्रभारी ने एक विशेष पुलिस टीम गठित की थी। टीम ने 10 मई की सुबह छापेमारी कर ग्राम तंमोरिया से चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। सभी आरोपियों को उस समय पकड़ा गया जब वे चोरी का सामान लेकर फरार होने की फिराक में थे।इस संबंध में ग्राम तंमोरिया निवासी राकेश पुत्र बाबूलाल ने नगराम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़ित ने बताया कि छह मई की रात करीब 12:30 बजे अज्ञात चोर उनके घर के बाहर से गेहूं की चार बोरियां चोरी कर ले गए थे। पुलिस द्वारा की गई जांच और गुप्त सूचना के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया।
गिरफ्तार अभियुक्तों में बब्लू उर्फ बउवा पुत्र रामऔतार और इन्द्रजीत सिंह उर्फ बबलू पुत्र संतोष कुमार शामिल हैं, जो तंबोरिया गांव के ही निवासी हैं। दोनों आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी चोरी, लूट, मारपीट और विद्युत अधिनियम के तहत कई मामले दर्ज हैं।नगराम पुलिस टीम की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई के चलते घटना का सफलतापूर्वक खुलासा हो सका। गिरफ्तार सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## यूपी से बाल कुपोषण दूर करने के लिए योगी सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश में बाल कुपोषण के विरूद्ध चलाये गये संभव अभियान ने आपेक्षित सफलता प्राप्त की है। प्रदेश के आठ आकांक्षात्मक जिलों में भी संभव अभियान ने उल्लेखनीय भूमिका निभाई है, लेकिन सीएम योगी ने प्रदेश से बाल कुपोषण को जड़ से समाप्त करने के लिए मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान का संचालन करने के निर्देश दिये हैं। जिसके अनुरूप प्रदेश के सभी 8 आकांक्षात्मक जिलों में संचालन के लिए मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के पायलट प्रोजेक्ट के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जा चुकी है। जिसके तहत आकांक्षात्मक जिलों के लगभग 11 लाख बच्चों को पौष्टिक स्वल्पाहार उपलब्ध कराने के लिए 254 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित किया गया है। जल्द ही ये अभियान प्रदेश के सभी आकांक्षात्मक जिलों में शुरू किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश से बाल कुपोषण को जड़ से खत्म करने और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वाकांक्षी कदम उठाया है। इसके तहत मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के पायलट प्रोजेक्ट की कार्य-योजना तैयार की गई है। इस अभियान के तहत प्रदेश के सभी 8 आकांक्षात्मक जिलों में 3 से 6 वर्ष की आयु के बच्चों को प्रतिदिन 400 कैलोरी और 15 से 20 ग्राम प्रोटीन युक्त स्वल्पाहार उपलब्ध कराया जाएगा। इस अभियान के तहत आकांक्षात्मक जिलों के 11,13,783 बच्चें चिन्हित किये गये हैं, जिनके स्वल्पाहार के लिए प्रतिदिन 44 रूपये का खर्च आएगा। अभियान के लिये 254.83 करोड़ रूपये का बजट प्रस्तावित किया गया है। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के अंतर्गत बच्चों को फ्लेवर्ड मिल्क, मिलेट चिक्की न्यूट्रीबार, एक केला या मौसमी फल और अन्य पौष्टिक खाद्य पदार्थ प्रदान किए जाएंगे।

## डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की जनपद शाखा लखनऊ का जनपदीय सदस्य सम्मेलन बलरामपुर चिकित्सालय परिसर लखनऊ में जिला अध्यक्ष अरुण अवस्थी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सम्मेलन में मुख्य रूप से चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों ने भागीदारी की जिसमें मुख्य रूप से अशोक कुमार प्रधान महासचिव चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ उत्तर प्रदेश, विशेष अतिथि के रूप में श्री विजय बंधु राष्ट्रीय अध्यक्ष ख्रगग्घ्ट्, प्रदेश अध्यक्ष सर्वेश पाटिल राजकीय ऑटोमेटिक संघ उत्तर प्रदेश, श्री कमल श्रीवास्तव प्रदेश महामंत्री लैब टेक्नीशियन एसोसिएशन उत्तर प्रदेश तथा डॉक्टर अमित सिंह प्रदेश अध्यक्ष पीएमएस एसोसिएशन उत्तर प्रदेश,सुनील यादव,प्रदेश अध्यक्ष,यूपी फार्मेसी फ़ेडरेशन सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे सम्मेलन में मुख्य रूप से कर्मचारियों के पुरानी पेंशन बहाली की लड़ाई को पुर्जो तरीके से सब के सहयोग के साथ लड़ने पर सहमति बनी साथ ही इस पर विस्तृत चर्चा हुई। सम्मेलन में डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन जनपद शाखा लखनऊ के



हुए चुनाव के बाद कार्यकारिणी का विस्तार हुआ। सम्मेलन में मुख्य रूप से जिले के नियमित सदस्यों का जिला शाखा कार्यकारिणी के द्वारा एक्सीडेंटल बीमा कराया गया,जिसकी घोषणा सम्मेलन में की गई। जिला मंत्री कपिल वर्मा ने बताया कि यह कर्मचारी सामूहिक एक्सीडेंटल बीमा योजना (5 लाख रुपये) प्रदेश के प्रथम बार किसी कर्मचारी संगठन द्वारा कराया गया है जिसे नई वर्तमान निर्वाचित कार्यकारिणी की प्रथम बैठक में सर्वसहमति के साथ प्रस्ताव पारित किया गया था जिसे आज लागू कर दिया गया।उन्होने कहा यह कर्मचारियों के हित के लिए एक बड़ा फैसला है। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष ने बताया की जिला शाखा कार्यकारिणी जिले व प्रदेश के प्रत्येक सदस्य के हित के लिए सदैव तत्पर है। उन्होने कहा की प्रदेश सरकार द्वारा जारी स्थानांतरण नीति का स्वागत है परन्तु स्थानांतरण के नाम पर किसी भी कर्मचारी का शोषण नहीं होने दिया जाएगा,जिसका चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ पुरजोर विरोध करेगा।प्रधान सचिव अशोक कुमार ने बताया की जल्द ही समस्त पैरामेडिकल कर्मचारियों के तय समय में पदोन्नति कराई जाएगी जिसके लिए महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य से वार्ता हो ग ई है। विजय बन्धु ने एक जुट होकर पुरानी पेशंन की बहाली पर लडाई की बात पर जोर दिया उन्होंने ने बताया की कर्मचारी बहुत करीब है पुरानी पेंशन के बहाली के।

## महोना में दो बाईक आपस में टकराई,दो की मौत,तीन घायल

**बीकेटी,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शुक्रवार देर रात्रि लखनऊ कमिश्नरेट के इटौंजा थाना अंतर्गत तेज़ रफ़्तार दो मोटरसाइकिल आपस में टकरा गई जिससे मोटरसाइकिल पर सवार पांच लोगों में दो को मृतक घोषित कर दिया गया तथा तीन अन्य घायलों में दो लोगों की हालत गम्भीर बनी हुई थी जिनका अस्पताल में ईलाज जारी है।वही पुलिस ने दोनों मृतकों के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अग्रिम कार्यवाही में जुटी हुई थी।प्राप्त जानकारी के अनुसार इटौंजा थाना अंतर्गत इटौंजा कुर्सी रोड़ महोना कच्ची मजार के पास शुक्रवार रात्रि लगभग दस बजे दो मोटरसाइकिल वाहन संख्या यूपी 32पीएस 4472 (टीवीएस राइडर) तथा हीरो स्प्लेंडर यूपी 32एचक्यू 9784 (स्प्लेंडर) आपस में टकरा गई जिसमें दोनों मोटरसाइकिल पर सवार सभी लोग बुरी तरह घायल हो गए जिनको पुलिस द्वारा ईलाज के लिए एंबुलेंस की सहायता अस्पताल पहुंचाया गया,जहां मोहित पुत्र अज्ञात उम्र करीब 20 वर्ष(आर्यन का मौसेरा भाई) निवासी ग्राम कठवारा थाना बीकेटी तथा महेंद्र उर्फ टोमिट पुत्र सुरेश उम्र करीब 20 वर्ष निवासी किशनपुर,महोना,थाना इटौंजा लखनऊ को मृत घोषित कर दिया तथा आर्यन पुत्र राम चंद्र निवासी अकबरपुर थाना इटौंजा,हरिओम पुत्र कामता निवासी ग्राम किशनपुर थाना इटौंजा की हालत गंभीर होने के कारण अस्पताल में ईलाज जारी है तथा बबली पुत्र टुन्ना निवासी ग्राम किशनपुर थाना इटौंजा को मामूली चोट लगने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई थी।वही पुलिस ने दोनों मृतकों के शव के पंचायतनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अग्रिम विधिक कार्यवाही में जुटी हुई थी।

## वित्त मंत्री ने पकड़ी विद्युत विभाग की अनियमितताएं, जताई नाराजगी

शाहजहांपुर। जिला विद्युत समिति की बैठक के दौरान वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने जिले की विद्युत व्यवस्था का हाल जाना। अनियमितताओं पर वित्त मंत्री का पारा हाई हो गया उन्हें नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं जाएगी। बैठक के दौरान वित्त मंत्री ने विद्युत कार्यों की बिंदुवार गहन समीक्षा की। उन्होंने खण्डवार उपकेंद्रों की स्थिति, पावर ट्रांसफार्मर की क्षमता, थ्रू रेट, उपभोक्ता संख्या, एटीएंडसी हानियां, लाइन लॉस एवं आरडीएमएस योजना की प्रगति पर विस्तार से जानकारी प्राप्त की। रेती क्षेत्र में हकीम जगमोहन के मकान के पास बिछाई गई पांच लाइन का जिक्र करते हुए उन्होंने नाराज़गी जाहिर की। यह अत्यंत गंभीर विषय है कि जो लाइनें हाल ही में डाली गईं, वे जल्द ही जल गईं। इससे यह सिद्ध होता है कि विभाग द्वारा वास्तविक क्षमता का आंकलन किए बिना ही कार्य कराया गया है। उन्होंने अधिशासी अभियंता को तत्काल प्रभाव से उक्त क्षेत्र में नई उपयुक्त क्षमता की लाइन डलवाने के निर्देश दिए। वित्त मंत्री ने कहा कि किसी भी खंड में लाइन लॉस पांच फीसदी से अधिक पाया गया ।

## गोसाईगंज में बन रहे रेलवे ओवरब्रिज का सपा सांसद ने किया निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मोहनलालगंज संसदीय क्षेत्र के सांसद आर के चौधरी ने शनिवार को गोसाईगंज कस्बे में निर्माणाधीन रेलवे ओवर ब्रिज का निरीक्षण किया।इस मौके पर सांसद के साथ मोहनलालगंज के पूर्व विधायक अंब्रीश सिंह पुष्कर,पीडब्ल्यूडी के एक्सियन आकाश कुमार यादव समेत अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान सांसद ने कस्बे में ओवरब्रिज निर्माण कार्य के चलते रोड पर हो रहे जलभराव और नागरिकों को हो रही अन्य समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्या का अतिशीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए। अधिकारियों की ओर से आश्वस्त किया कि जून में बरसात शुरू होने से पहले जलभराव की समस्या का समाधान कर लिया जाएगा।

इस अवसर पर सपा प्रदेश सचिव महताब सिंह यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष आशिक अली, विधानसभा अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा, संतोष रावत, प्रधान सर्वेश कुमार, दिनेश यादव, उत्कर्ष पटेल, मनोज कुमार रावत, सपा सभासद श्यामेंद्र कुमार मिश्रा श्यामू, मायाराम वर्मा, मोहन प्रधान, फरमान वारसी, संतराम रावत, हरीशंकर रावत, सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए **ई–निविदा** आमंत्रित करते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| **कार्य का नाम** | सप्लाई एन्ड एप्लीकेशन ऑफ पेंट्स ऑन कम्पलीट कोच बॉडी (सरफेस प्रिपरेशन, एक्सटेरियर, इंटीरियर, रूफ, अंडर फ्रेम एन्ड इट्स मेंबर्स एन्ड अदर कंपोनेंट्स) पेंटिंग ऑफ एल.एच.बी. कोचेस, विथ अंडर फ्रेम एन्ड इट्स मेंबर एंड अदर कंपोनेंट्स पेंटिंग इन आई.सी.एफ. कोचेस। | | |
| **कार्यस्थल** | सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ | **अनुमानित लागत** | **₹10,95,05,653.00** मात्र |
| **निविदा प्रपत्र का मूल्य** | शून्य। | **बिड सिक्युरिटी** | **₹6,97,500/-** मात्र (नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के द्वारा) 02 वर्ष। |
| **कार्य पूर्ण करने की अवधि** | 02 वर्ष | **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय** | दिनांकः 19.05.2025 से 02.06.2025 समय 15:00 बजे तक। |
| **प्रमाण पत्र** | फर्म के सभी Members द्वारा **ANNEXURE-A** (यदि **Company/ Proprietorship** फर्म है) के साथ Annexure-A(a) (यदि Partnership/ **HIUF/JV/ LLP** फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। | | |
| **खुलने का समय** | निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। | | |
| कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है। | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तों सहित वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है। | | |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है। | | | |

**निविदा सूचना सं.: 2025-एएमवी-सी एंड डब्ल्यू ईनिविदा- 31 दिनांक: 09.05.2025**

1403/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| **एडमिन यूनिट / जोन** | **लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य / उ.रे.** |
| **नीलामी सूची सं. / लॉट सं.** | **ADVT-LKO-LKO-OH-514-24-2 (Advertising -Out of Home)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.05.2025 समय 10:30 बजे |
| **नीलामी सूची सं. / लॉट सं.** | **ADVT-LKO-LKO-OH-513-24-2 (Advertising -Out of Home)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.05.2025 समय 10:40 बजे |
| **नीलामी सूची सं. / लॉट सं.** | **ADVT-LKO-AYC-OH-553-25-2 (Advertising -Out of Home)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 02.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20.05.2025 समय10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20.05.2025 समय10:30 बजे |
| **नीलामी सूची सं. / लॉट सं.** | **ADVT-LKO-AYC-OSN-554-25-1 (Advertising -Out of Home)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 06.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 22.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 22.05.2025 समय 10:30 बजे |
| **नीलामी सूची सं. / लॉट सं.** | **ADVT-LKO-LKO-OH-512-24-2 (Advertising -Out of Home)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 06.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 23.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.05.2025 समय 10:30 बजे |
| **नीलामी सूची सं. / लॉट सं.** | **MSS-LKO-GNG-RCR-26-24-1(Misc-Static-Services-Rail Coach Restaurant)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 07.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 23.05.2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.05.2025 समय 12:30 बजे |
| **नीलामी सूची सं. / लॉट सं.** | **MSS-LKO-JNH-RCR-32-24-1(Misc-Static-Services-Rail Coach Restaurant)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 07.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 26.05.2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 26.05.2025 समय 12:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of **www.ireps.gov.in** |

1394/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


### 35 करोड़ पौधे लगाने के लिए वन विभाग ने शुरू की तैयारी

# यूपी को हरा-भरा करने के लिए फिर एकजुट हुए विभाग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। प्रकृति व परमात्मा की असीम कृपा वाले उत्तर प्रदेश को हरा-भरा बनाए रखने के लिए योगी सरकार की पहल पर फिर सब मिलकर कार्य करेंगे। योगी सरकार ने सबका साथ और सबके प्रयास की बदौलत इस वर्ष भी 35 करोड़ पौधरोपण व उनके संरक्षण का लक्ष्य रखा है। योगी सरकार के प्रयास और जनसहयोग का ही असर है कि भारतीय वन स्थिति रिपोर्ट-2023 के मुताबिक उत्तर प्रदेश का वनाच्छादन 559.19 वर्ग किमी. बढ़ा है। योगी सरकार का निर्देश है कि हर किसी को उच्च गुणवत्ता के पौधे सुलभता से मिल सकें, इसके लिए विधिवत तैयारी भी की जाए।



- वन-पर्यावरण विभाग 14 करोड़ तो ग्राम्य विकास विभाग सूबे में लगाएगा 12.59 करोड़ पौधे
- सभी 18 मंडल योगी सरकार के प्रयास को बढ़ाएंगे आगे, पौधों की उपलब्धता की जा रही सुनिश्चित
- जुलाई के प्रथम सप्ताह में आयोजित होगा वन महोत्सव

जुलाई प्रथम सप्ताह से वन महोत्सव का होगा आयोजन : प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जुलाई के प्रथम सप्ताह (1 से 7 जुलाई) में वन महोत्सव मनाया जाएगा। पौधरोपण के लिए जिलावार, विभागवार, ग्राम पंचायत स्तर व शहरी निकाय स्तर पर कार्ययोजना तैयार कर शत प्रतिशत लक्ष्य तय किया जाएगा। इसके पहले पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर भी वृहद पौधरोपण कराया जाएगा।

लक्ष्य के मुताबिक पौधरोपण कराएंगे सभी विभाग : योगी सरकार सभी के सहयोग से इस लक्ष्य को प्राप्त करेगी। विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी इस लक्ष्य को प्राप्त करने के साथ ही सकुशल पौधरोपण को लेकर विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। वन, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन की ओर से लगभग 14 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। ग्राम्य विकास विभाग को 12.59 करोड़, कृषि को 2.50 करोड़, उद्यान विभाग 1.55 करोड़, पंचायती राज को 1.27 करोड़, राजस्व विभाग की ओर से 1.05 करोड़ पौधरोपण की तैयारी है। इसके अलावा अन्य विभाग भी लक्ष्य के मुताबिक पौधरोपण कराएंगे।

पौधरोपण के लिए इन भूमि का किया गया चयन : योगी सरकार ने अफसरों को निर्देश दिया है कि पौधरोपण हर जगह हो, जिससे पूरे प्रदेश में हरियाली लहलहाए। वन भूमि, ग्राम पंचायत व सामुदायिक भूमि, एक्सप्रेसवे व नहरों के आसपास, विकास प्राधिकरण औद्योगिक परिसर भूमि, रक्षा-रेलवे की भूमि, चिकित्सा संस्थान-शिक्षण संस्थान की भूमि, अन्य राजकीय भूमि, कृषकों का सहयोग लेते हुए उनकी निजी भूमि, नागरिकों की ओर से निजी परिसर में पौधरोपण कर यूपी को हरा-भरा किया जाए। योगी सरकार ने निर्देश दिया है कि जनसहयोग से ही पौधरोपण कराया जाएगा। पौधरोपण कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित कराई जाए। व्यापक सक्रिय जनसहभागिता व समस्त सरकारी-गैर सरकारी संस्थाओं, सिविल सोसाइटी, एनसीसी, एनएसएस, नेहरू युवा केंद्र, युवक मंगल दल, महिला मंगल दल, व्यापार मंडल, किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) आदि की भी प्रतिभागिता सुनिश्चित कराई जाएगी।

# करोरा गांव में विशालकाय ब्रह्म भोज का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ। क्षेत्र के करोरा गांव में कीर्तन भजन के साथ भव्य ब्रह्म भोज का आयोजन किया गया , करोरा निवासी दीपक तिवारी ने बताया कि उनके पिता अशोक तिवारी 2023 में पितृ पक्ष के दौरान गया जी व जगन्नाथ पुरी गये थे, सफल यात्रा के बाद शुक्रवार को विशाल ब्रह्म भोज का आयोजन किया सर्वप्रथम दूर-दूर से आए सैकड़ो भिक्षुको को पूड़ी , सब्जी, चीनी और बूंदी का प्रसाद खिलाया जिनके जयकारों से पूरा गांव गूंज उठा। इस दौरान संजू हरि पार्टी द्वारा भजन कीर्तन सुना गए जिसे सुनकर लोग भाव विभोर हो गए , भजन कीर्तन व जयकारों से पूरा गांव भक्ति में शराबोर हो गया । इस मौके पर यज्ञ सम्राट श्री प्रमोदानन्द महराज जी , बाल योगी महेश जी , भाजपा विधायक अमरेश रावत , जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज , भाकियू (धर्मेंद्र गुट) के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह साथ में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अतुल चौरसिया , जिलाध्यक्ष गिरीश द्विवेदी , प्रधान संघ अध्यक्ष देवेंद्र सिंह , ऋषि मिश्रा , संगीता रावत , प्रताप बहादुर , खंड कार्यवाह मोहनलाल गंज गिरीश त्रिवेदी व दिनेश , समाजसेवी नीरज त्रिवेदी , रज्जन मिश्रा, केपी सिंह समेत हजारों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया , भजन कीर्तन व भंडारा कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा।



**भिक्षुक समेत हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया**

# आर0 आर0 ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स में प्रज्ञान -2025 का सफल आयोज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी,लखनऊ । बख्शी का तालाब स्थित आर0 आर0 ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स, लखनऊ में चल रहे वार्षिकोत्सव प्रज्ञान -2025 का समापन शनिवार को रंगारंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनिल कुमार अग्रवाल(चेयरमैन,आर0आर0ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स)थे।मुख्य अतिथि ने छात्र / छात्राओं को सकारात्मक दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

संस्थान की तरफ से सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर बी0टेक0 में सिविल इंजीनियरिंग द्वितीय वर्ष के छात्र हिमांशु मौर्या (91.44 % अंक)तथा पॉलिटेक्निक (डिप्लोमा) में कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग तृतीय वर्ष के छात्र हर्ष अग्निहोत्री (84.73 अंक) को मुख्य अतिथि ने मोमेन्टो व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया तथा इसके साथ-साथ ब्रांच टॉप करने वाले विद्यार्थियों व उनके माता-पिता को भी मोमेन्टो व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर संस्थान के सचिव चित्रांशु अग्रवाल, निदेशक प्रोफ़ेसर(डॉ0) सूर्य प्रकाश त्रिपाठी,डीन एकेडमिक दुर्गेश वर्मा,डीन स्टूडेन्ट वेलफ़ेयर विकास सिंह, डीन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट आरती जायसवाल,चीफ प्रॉक्टर विजय बहादुर सिंह,प्रथम वर्ष के विभागाध्यक्ष आशुतोष शुक्ला तथा उपप्रधानाचार्य शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी के साथ-साथ समस्त संकाय व स्टॉफ सदस्य भी मौजूद रहें।



कार्यक्रम के विजेताओं को संस्थान के सचिव चित्रांशु अग्रवाल ने मोमेन्टो व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया तथा छात्र-छात्राओं को इस तरह के कार्यक्रम में लगातार सहभागिता करने के लिये प्रेरित किया तथा यह भी घोषणा की कि संस्थान में बच्चों के चतुर्मुखी विकास के लिए समय-समय पर इस तरह के आयोजन होते रहेंगे। इस अवसर पर मिस्टर प्रज्ञान व मिस प्रज्ञान,एकल नृत्य (सोलो डान्स)समूह नृत्य( ग्रुप डान्स),एकल गान,समूह गान का आयोजन किया गया।प्रज्ञान 2025 में संस्थान के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक प्रोफ़ेसर (डॉ0) सूर्य प्रकाश त्रिपाठी ने अपने उद्‌बोधन में छात्र-छात्राओं को सहभागिता करने के लिये धन्यवाद दिया तथा उन्होने यह भी कहा कि किसी भी संस्थान में पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम होना भी आवश्यक है।कार्यक्रम के अन्त में संस्थान के डीन एकैडमिक दुर्गेश वर्मा ने उपस्थित जनसमूह, छात्र-छात्राओं शिक्षकों तथा मीडिया से पधारे सम्मानित पत्रकार बन्धुओं का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट दोनों ने थाने में दर्ज कराया मुकदमा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ। नगराम थाना क्षेत्र के बजगिहा, बहरौली गांव में पुश्तैनी जमीन को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद मारपीट और धमकी तक पहुंच गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाते हुए नगराम थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।पहले पक्ष की ओर से रेखा देवी पत्नी रविन्द्र कुमार ने थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया कि 6 मई को सुबह करीब 9 बजे उनके पति रविन्द्र कुमार खेत की देखरेख के लिए गए थे। इसी दौरान गांव के ही शत्रोहन पुत्र सुरेश बहादुर, कृष्णा, रमलू पुत्रगण शत्रोहन, भूलई पुत्र अजात, अतुल पुत्र भूलई खेत पर पहुंचे और पुश्तैनी जमीन पर जबरन कब्जा करने की कोशिश की। विरोध करने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई, जिसमें रविन्द्र को चोटें आईं। रेखा देवी का आरोप है कि घटना के बावजूद सिर्फ एक आरोपी शत्रोहन पर ही कार्रवाई की गई, बाकी आरोपियों को छोड़ दिया गया।वहीं, दूसरे पक्ष की ओर से रानी देवी पत्नी शत्रोहन लाल गोस्वामी ने 8 मई को थाने में तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि रविन्द्र कुमार और उनकी पत्नी रेखा देवी ने जबरन उनके बाग पर कब्जा कर लिया। विरोध करने पर दोनों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। रानी देवी का कहना है कि आरोपी लगातार धमकियां दे रहे हैं, जिससे उनका परिवार डरा-सहमा हुआ है।दोनों ही पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी नगराम ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# प्रजातांत्रिक भ्रष्टाचार निवारण निवारण पार्टी का द्वितीय स्थापना दिवस मनाया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ।गोसाईगंज में सुल्तानपुर रोड के किनारे स्थित सेखनपुर गांव में प्रजातांत्रिक भ्रष्टाचार निवारण पार्टी का द्वितीय स्थापना दिवस समारोह मनाया गया।इस मौके पर पार्टी के संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष हरि चरन सिंह यादव ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस समय हमारा देश विषम परिस्थितियों से गुजर रहा है। गरीब लोगों का दर्द सुनने वाला कोई नहीं है। स्थितियों को देखते हुए उन्होंने ने एक नई राजनीतिक दल प्रजातांत्रिक भ्रष्टाचार निवारण पार्टी का गठन किया। पार्टी संस्थापक ने कहा कि उनकी पार्टी का यह दूसरा स्थापना दिवस मनाया है। उन्होंने कहा कि गरीबों,शोषितों और जरूरत मंदों के दर्द को समझना और उसका निवारण करने का काम उनकी पार्टी करेगी। स्थापना दिवस के मौके पर पार्टी अध्यक्ष ने कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से अपील की सभी लोग पार्टी के विस्तार कार्य में लग जाय। प्रजातांत्रिक भ्रष्टाचार निवारण पार्टी के स्थापना दिवस के मौके पर पार्टी के सलाहकार आशाराम यादव ( पूर्व प्रधान) , अमेठी जनपद से पूर्व सैनिक राजेन्द्र कुमार, बलिया जनपद से पूर्व सैनिक जितेंद्र कुमार ,सन्दीप कुमार, देशराज, विनोद कुमार, प्रेम चंद रावत, सुरेश वर्मा, गुड्डू वर्मा,बाबू यादव, राजेन्द्र कुमार, मनोज यादव, दयाराम यादव, गुरु प्रसाद,शिवम वर्मा, प्रताप नारायन, रंजीत चौहान, दीपक, मंशाराम चौहान के अलावा अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।



## नगरामः नाबालिग युवती को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप

नगराम, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना नगराम क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने अपनी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगाने का एक युवक पर आरोप लगाया है। पीड़ित पिता ने थाना नगराम में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित पिता ने आरोप लगाया कि उसकी लगभग 16 वर्षीय बेटी को कुछ महिनों से गांव में रह रहे मनोज पुत्र रामसजीवन निवासी लालपुर थाना निगोहां ने बीती 7 मई की शाम करीब 5:30 बजे कही बहला-फुसलाकर भगा ले गया है । पीड़ित पिता के अनुसार आरोपी युवक उसके गांव में ही एक महिला के घर पिछले एक वर्ष से रह रहा था। पीड़ित ने यह भी बताया कि उसकी पुत्री अपने साथ दस हजार नगदी उठा ले गई है। जब रामलाल ने मनोज से इस बारे में बात की तो उसने जान से मारने की धमकी देते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया। पीड़ित ने पुलिस से मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के अनुसार पीड़ित को आशंका है कि उसकी बेटी के साथ कोई अनहोनी न हो जाए। नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि तहरीर के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर तलाश जारी है।

## नगरामः धनिया की सिंचाई के दौरान खेत में दबंगों ने दम्पति को पीटा, मुकदमा दर्ज

नगराम, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना क्षेत्र के ग्राम धोबइया मजरा कमालपुर विचलिका में खेत में काम कर रहे दम्पति पर दबंगों ने हमला कर दिया। यह घटना बीते गुरुवार की शाम लगभग पांच बजे की है जब पीड़िता श्रीमती अपने पति दुर्गेश के साथ खेत में धनिया की सिंचाई कर रही थीं। इसी दौरान गांव के ही निवासी विजय कुमार, संजय पुत्र बुद्धा लाल और संजय के मामा का लड़का अजीत कुमार पुत्र मंगल निवासी बैरीसालपुर, थाना निगोहां मौके पर पहुंचे और खेत के रास्ते को लेकर विवाद करने लगे। विवाद इतना बढ़ा कि तीनों आरोपियों ने मिलकर पीड़िता और उसके पति दुर्गेश कुमार को गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया। जब दुर्गेश कुमार बीच-बचाव के लिए आए तो उन्हें भी बुरी तरह से पीटा गया और जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िता ने 112 डायल कर पुलिस को सूचना दी। इस हमले में दुर्गेश कुमार को गंभीर चोटें आई हैं। पीड़िता ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बदला लेने के लिए आरोपित ने महिला से किया दुष्कर्म

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुई शारीरिक शोषण के मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें एक आरोपित ने शादी का झांसा देकर युवती से दुराचार किया है। जबकि दूसरे व्यक्ति ने चॉकलेट देने के बहाने बच्ची से अश्लील हरकत की है। कृष्णानगर थाना क्षेत्र में सर्विलांस सेल की की टीम और पुलिस ने सयुंक्त कार्रवाई करते हुए आजमगढ़ निवासी अंगद यादव को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में अभियुक्त ने अपना जुर्म स्वीकारते हुए बताया कि इलाके में रहने वाली एक महिला से उसका पुराना विवाद चल रहा था। उसके खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया था, जिसके कारण वह उससे नाराज चल रहा था। उसी का बदला लेने के पिछले साल महिला को डरा धमकाकर अपने साथ आजमगढ़ ले गया। वह पर उसके साथ दुष्कर्म किया। कृष्णानगर थाना के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके खिलाफ पहले भी कई मामले दर्ज हैं। अभियुक्त के खिलाफ अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

जानकीपुरम थाना पुलिस ने सीतापुर के रामपुर गंगापुर निवासी रिंकू कश्यप को गिरफ्तार किया है। उपनिरीक्षक अंकित कुमार ने बताया कि आरोपित के खिलाफ नौ मई को शिकायत दर्ज करायी गई। इसमें कहा गया कि आरोपित ने एक युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। उससे पैसे ले लिए। जब उसने शादी का दबाव डाला तो उसे मारापीटा गया। पीड़ित युवती की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

इसके अलावा मड़ियाव थाना पुलिस ने नाबलिग बच्ची से अश्लील हरकत करने वाले अभियुक्त मोहम्मद अनीस को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ परिवार की ओर से दी गई तहरीर में बताया गया कि आरोपित ने चॉलेट देने के बहाने उनकी बच्ची से अश्लील हरकत की है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया है।

# रामा कॉन्वेंट इंटर कॉलेज में मातृ दिवस के मौक़े पर आयोजित हुए कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी,लखनऊ । रामा कॉन्वेंट इंटर कॉलेज में मातृ दिवस का आयोजन अत्यंत हर्ष और उमंग के साथ किया गया।इस विशेष अवसर पर विद्यालय परिसर में 100 से अधिक माताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।उन्होंने विविध कार्यक्रमों में भाग लेते हुए इस दिन को और भी खास बना दिया।

मुख्य आकर्षण के रूप में विद्यार्थियों ने भावनात्मक गीतों पर हृदयस्पर्शी नृत्य प्रस्तुतियाँ दीं।विशेष रूप से माँ-बच्चों के संयुक्त नृत्य, माताओं द्वारा व्यक्तिगत एवं समूह नृत्य, और मनोरंजक खेल गतिविधियाँ सभी के आकर्षण का केंद्र रहीं।इन सभी कार्यक्रमों ने दर्शकों को भावुक कर दिया और कार्यक्रम स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।मनोहारी प्रस्तुतियाँ देने वाले बच्चों–मानवी, श्रेष्ठा, अर्पिता,आराध्या,तेजस्विनी,क्रति,रिंकी,शगुन,बॉबी,राखी और चाँदनी–ने अपनी कला से सभी का मन मोह लिया। उपस्थित माताओं और बहनों ने जोरदार तालियों के साथ बच्चों का उत्साहवर्धन किया और कार्यक्रम की सराहना की।विशेष उपहार स्वरूप विद्यालय की ओर से प्रत्येक माँ को एक प्रेमपूर्ण भेंट दी गई,जो उनके प्रति सम्मान और आभार का प्रतीक था।विद्यालय के प्रबंधक शिव कुमार चौहान ने सभी माताओं और बच्चों को संबोधित करते हुए कहा,ल्लआज का दिन किसी एक महिला के लिए नहीं, बल्कि उस ईश्वरतुल्य शक्ति के लिए है जिसे हम 'माँ' कहते हैं।माँ–यह सिर्फ एक शब्द नहीं,एक भावना है,एक तपस्या है,और जीवन का सबसे पहला पाठ है।ङ्क



प्रधानाचार्या ने कहा कि हमें ऐसा वातावरण तैयार करना है जहाँ हर माँ को अपने बच्चे की सफलता पर गर्व हो और हर बच्चा अपनी माँ की ममता को समझ सके।

विनय सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे और अपने सक्रिय सहयोग से कार्यक्रम को भव्य स्वरूप प्रदान किया।यह आयोजन प्रेम,कृतज्ञता और आत्मीयता से भरपूर रहा,जिसे सभी ने सदैव के लिए स्मरणीय बना लिया।

## उत्तर प्रदेश में भीड़ वाली जगहों पर बढ़ायी गयी अतिरिक्त सुरक्षा, बनाये गये बंकर

लखनऊ । उत्तर प्रदेश में भीड़-भाड़ वाली जगहों जैसे मंदिरों, रेलवे स्टेशनों, बस स्टेशनों, पर्यटक स्थलों, बड़े स्कूलों, प्रमुख बाजारों, प्रमुख इमारतों, औद्योगिक क्षेत्रों, अस्पतालों के आसपास अतिरिक्त सुरक्षा बढ़ायी गयी है। यूपी पुलिस के पुलिसकर्मियों की वदी एवं सादे कपड़ों में ड्यूटी लगा दी गयी है। विशेष रूप से हवाई अड्डों एवं रेलवे स्टेशनों पर आवागमन पर गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है। रेलवे स्टेशनों के प्लेटफार्मो पर जीआरपी व आरपीएफ संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान चला रही है। उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने कहा कि प्रदेश की सुरक्षा की जिम्मेदारी यूपी पुलिस की है। इसके लिए संवेदनशील जिलों के साथ ही पूरे प्रदेश में पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने के लिए कहा गया है। जिले के पुलिस अधिकारी भीड़ वाले इलाकों में निगरानी रखेंगे। स्कूलों, अस्पतालों, रेलवे स्टेशनों जैसी जगहों पर विशेष निगरानी रखने की जरूरत है। किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि को रोकने के लिए तत्काल ही एक्शन लेंगे।

# उप्र में तापमान बढ़ने से तेज धूप के साथ गर्म हवाओं ने किया बेहाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश में आज शनिवार को तपिश भरी धूप और गर्म हवाएं अपना रंग दिखाना शुरू करेंगी। प्रयागराज, वाराणसी, सुल्तानपुर आदि जिलों में दिन का तापमान 40 डिग्री के पार चला गया। मौसम विभाग के पुर्वानुमान के अनुसार प्रदेश के पश्चिमी क्षेत्र में 11 मई को कहीं-कहीं वर्षा, वज्रपात, झोंकेदार हवा (गति 30-40 किमी/घंटा), गरज-चमक के साथ बारिश की बौछारें पड़ने की सम्भावना है। जबकि 12 एवं 13 मई को पश्चिम इलाकों मौसम शुष्क रहने की सम्भावना है। वहीं इसी अवधि में पूर्वी उत्तर प्रदेश के इलाकों में कहीं-कहीं वर्षा, गरज-चमक के साथ बारिश की फुहार पड़ सकती है। लखनऊ मौसम विभाग के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि आने वाले चार से पांच दिनों में प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में अधिकतम तापमान में पांच से छह डिग्री तक की बढ़ोतरी के संकेत हैं। बरेली, आगरा, इटावा, फिरोजाबाद, बुलंदशहर, गाजियाबाद, मेरठ, झांसी, सोनभद्र, कानपुर, अयोध्या, अलीगढ़ में तेज हवाओं और गरज चमक के साथ बूंदाबांदी देखने को मिल सकती है। राज्य में सबसे कम न्यूनतम तापमान 23.8 डिग्री सेल्सियस मेरठ में दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटों के दौरान उत्तर प्रदेश के दोनों मौसम संभागों में कहीं-कहीं पर बहुत हल्की से हल्की बारिश दर्ज की गई। दोनों मौसम संभागो में कहीं-कहीं मेघगर्जन के साथ झोंकेदार हवा भी दर्ज की गई। राज्य में सबसे अधिक हवा की गति फतेहपुर में 50 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। वहीं बीते 24 घंटों में रात्रि तापमानों की बात करें तो राज्य के सभी मण्डलों में कोई बड़ा परिवर्तन नहीं हुआ। रात्रि के तापमान राज्य के वाराणसी (वाराणसी, चंदौली, गाजीपुर, जौनपुर), लखनऊ (हरदोई, लखीमपुर खीरी, लखनऊ, रायबरेली, सीतापुर, उन्नाव), बरेली (बरेली, बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर), मुरादाबाद (बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, संभल) एवं मेरठ (बागपत, बुलंदशहर, गौतम बुद्ध नगर, गाज़ियाबाद, मेरठ, हापुढ़) मण्डल में सामान्य से अधिक (+1.6 डिग्री सेल्सियस से +3.0 डिग्री सेल्सियस) तथा शेष मण्डलों में सामान्य (-1.5 डिग्री सेल्सियस से +1.5 डिग्री सेल्सियस) रहे।



# बीकेटी स्थित एस.एस.इंटरनेशनल स्कूल में हुआ मातृ दिवस का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी,लखनऊ । किसी ने ठीक ही कहा है कि ईश्वर सर्वत्र नहीं रह सकता इसलिए उसने मां जैसी सर्वश्रेष्ठ कृति की खोज की है। मौका था राजधानी के बख्शी का तालाब स्थित एस.एस. इंटरनेशनल स्कूल के सभागार में मातृ दिवस के आयोजन का।शनिवार को मां सरस्वती की पूजन के बाद,हर मां का तिलक करवा कर स्वागत किया गया।स्कूल स्टाफ द्वारा परिचयात्मक भाषण के बाद समारोह शुरू हुआ।जिसमें मदर्स डे के उपलक्ष में विभिन्न शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम नन्हे मुन्ने छात्रों द्वारा पेश किया गया और सभी का मन मोह लिया।इसके साथ ही माताओं के लिए कई तरह के खेल और प्रतियोगिताएं भी रखे गए,जिनमें सभी ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।सभी माताओं ने अपने बच्चों के साथ सेल्फी लेकर यादें संजोई।इसके साथ ही खासतौर पर डांस फ्लोर भी तैयार किया गया जहां माताओं ने बच्चों के साथ मिलकर जमकर डांस भी किया।चेयरमैन प्रवीण सिंह चौहान वाईस चेयरपर्सन श्रीमती हेमा सिंह एवं प्रिंसिपल श्रीमती प्रिया उपाध्याय की मौजूदगी में इस समारोह का महिमा मंडन किया गया।इस अवसर पर चेयरमैन प्रवीण सिंह चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि मदर्स डे माताओं के मातृत्व,मातृत्व बंधन और समाज में माताओं के प्रभाव का सम्मान करने वाला उत्सव है,माँ बच्चे की पहली शिक्षिका होती है,इस आयोजन से हम उनको सम्मानित करते है।






# बीबीपुर वार्ड में लगी भीषण आग से तीन कारें जलकर खाक, कारण अज्ञात

कैनविज टाइम्स संवाददात



महमूदाबाद सीतापुर । सीतापुर जनपद के महमूदाबाद कस्बे के बीबीपुर वार्ड में शनिवार रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां अज्ञात कारणों से लगी आग में तीन कारें जलकर पूरी तरह खाक हो गईं। यह हादसा वार्ड के बाहर स्थित एक बाग में हुआ, जहां राम प्रकाश वर्मा की मारुति, राकेश श्रीवास्तव की टाटा, और दिनेश कुमार की टियागो खड़ी थीं। स्थानीय लोगों ने आग की लपटें देख तुरंत बुझाने की कोशिश की और फायर ब्रिगेड को सूचित किया। दमकल विभाग की टीम ने कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक सभी गाड़ियां पूरी तरह जल चुकी थीं। आग लगने के दौरान कारों में तेज धमाके भी हुए, जिससे आसपास के इलाके में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल फैल गया। घटना के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। पुलिस और प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंच कर जांच में जुटी हैं। फिलहाल आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट, शरारती तत्वों की करतूत या अन्य कोई तकनीकी कारण हो सकती है, जिसकी पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। इस हादसे से कार मालिकों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है, और इलाके में सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं।

# ग्रीन बेल्ट में होटल और दुकानों का कराया जा रहा निर्माण

## बिना नक्शा स्वीकृत कराये ही हो रहा निर्माण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

खैराबाद । जहाँ उत्तर प्रदेश सरकार लगातार अवैध कालोनियां , प्लाटिंग आदि के ऊपर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करती चली आ रही है वही खैराबाद में ग्रीन बेल्ट में होटल और दुकानों का निर्माण कराया जा रहा है यह होटल और दुकान सीतापुर से लखनऊ जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर खैराबाद रेलवे क्रासिंग के पहले रेल पटरी और सड़क के मध्य अवैध निर्माण कराए जा रहे हैं। जिसमे एक होटल और दस दुकानों का निर्माण चल रहा है। यह जमीन महायोजना में ग्रीन बेल्ट के लिए आरक्षित है। हाईवे पर बेरोकटोक हो रहे निर्माण को लेकर कई तरह की चर्चाएं हो रही हैं। विनियमित क्षेत्र की जमीनों पर किस कार्य के लिए निर्माण कराया जा सकता है। इसका निर्धारण पहले से ही है। इसके लिए शासन और प्रशासन के अफसरों के हस्ताक्षर से महायोजना 2021 स्वीकृत की गई थी, जबकि महायोजना 2031 जारी होने संबंधी कार्यवाही शासन स्तर पर चल रही है। महायोजना में सार्वजनिक सुविधाओं, स्मॉल स्केल इंडस्ट्री, ग्रीन बेल्ट, कृषि कार्य संग अन्य कार्यों के लिए जमीनें आरक्षित की गयी है।

संबंधित क्षेत्र में किसी भी प्रकार का निर्माण कराए जाने से पूर्व नियत प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र से नक्शा स्वीकृत कराना जरूरी है। लेकिन इसका कोई नक्शा भी नही है , इसके बाद भी विनियमित क्षेत्र में आरक्षित जमीनों पर कॉलोनी, मकान आदि का निर्माण अवैध ढंग से कराया जा रहा है। बीते साल नगर मजिस्ट्रेट, नियत प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र ने विनियमित क्षेत्र में मात्र दो कॉलोनी को वैध बताते हुए शेष निर्माण को अवैध बताया था। जिसके बाद भी अवैध निर्माण कार्य धड़ल्ले से होता चला आ रहा है। सीतापुर से लखनऊ जाने वाले हाईवे पर आरक्षित जमीनों पर अवैध निर्माण किया जा रहा है। दो मंजिला होटल और दस दुकानों का निर्माण चल रहा है। सूत्रों से जानकारी कि जहां निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उस स्थल को महायोजना में ग्रीन बेल्ट के लिए आरक्षित किया गया है। निर्माण कार्य बिना नक्शा स्वीकृत कराए ही कराया जा रहा है।

## सकरन की गौशालाओं में अचानक कम पड़ी सैकड़ो गाएं

सकरन /सीतापुर । क्षेत्र की कुछ गौशालाओं में अकस्मात मौजूद गायों के आकड़े इतने भयावह हैं कि जमीनी हकीकत से कोसों दूर दिख रही रजिस्टरों पर अंकित संख्या जिसका सम्पूर्ण श्रेय मुख्य विकास अधिकारी सीतापुर को जाता है जिन्होंने गौ आश्रय स्थलों में सीसीटीवी कैमरे सिर्फ इसलिए लगवाए थे कि वहाँ की जमीनी हकीकत को ऑनलाइन देख सकें फिर मात्र एक ब्लॉक की गौशालाओं से कुछ महीनों में ही कैसे गायब हो गईं कई सैकड़ा गाएं। आखिर कहां गईं वो सीसीटीवी फुटेज जिसमें नहीं दिखीं प्रतिदिन मरती हुई दर्जनों गाएं। खंड विकास अधिकारी सकरन की कड़ी सख़्ती व निगरानी के बावजूद भी अकस्मात सैकड़ो गायों के विलुप्त होने की खबर किसी के गले नहीं उतर रही। चल रहे वैवाहिक सीजन में कहीं ये गाएं मांस प्रेमियों के पेट का निवाला तो नहीं बन गईं और शादी पार्टी में गौशालाओं की गाएं बन गईं मांसभक्षियों का भोजन जिसके चलते अचानक प्रति गौशाला कम पड़ गईं इतनी गाएं।

कयास लगाए जा रहे हैं कि प्रति गौशाला इतनी गायों के गायब होने के पीछे कुछ धनलोलुप गौशाला संचालकों का है हाँथ जो चाँद के उजाले में सीडीओ सीतापुर के सीसीटीवी कैमरों के सामने ही अपनी जानें न्योछावर कर गईं मासूम गाएं।

सूत्रों से मिली जानकारियों कि मानें तो प्रति सप्ताह पशुश्वछेदित हड्डियों को लदान करने वाली एक बगैर नंबर प्लेट पिक अप क्षेत्र में भ्रमण करती मिलती है जो रात के अँधेरे में अवशेष इत्यादि लोड कर स्थानीय पुलिस को नजराना देकर निकल जाती है।

अब सोचने वाली बात तो ये है कि जब योगी सरकार ने मृत गौवंशो को रजिस्टर पर अंकित कर निर्धारित स्थल पर गहरा गड्ढा खोदकर नमक इत्यादि डालकर अंतिम संस्कार करने को आदेशित किया है तो ऐसी स्थिति में ये हड्डी चमड़ा कहां से आ रहा और कहां व किसलिए जा रहा। आखिर क्षेत्र की गौशालाओं से इतनी संख्या में अचानक कम पड़ी गायों का कारण क्या, जवाबदेह कौन? के इंतजार में क्षेत्रीय आमजनमानस।

## शोभायात्रा के दौरान हुए उपद्रव में नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

हमीरपुर । शनिवार को महाराणा प्रताप जयंती पर निकली शोभायात्रा के दौरान हुए उपद्रव और मारपीट मामले में पुलिस ने नौ नामजद सहित अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट, बलबा और दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। जबकि गांव के कुछ लोग इस मामले में राजनीतिक रोटियां सेंककर प्रधानी का चुनाव जीतकर प्रधान पद पर काबिज होने का सपना देख रहे हैं। मौदहा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिजवाही में निकल रही शोभायात्रा के दौरान कुछ अराजक तत्वों ने उपद्रव शुरू कर दिया था जिसके बाद पथराव और मारपीट के साथ जमकर बवाल हुआ था। जिसमें भारत रत्न बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के प्रतिमा की भी उंगली टूट गई थी और लगभग एक दर्जन लोगों को भी चोंटे आईं थीं। तभी से गांव में एहतियात के तौर पर पुलिस बल तैनात है। उसी मामले को लेकर पुलिस ने सिजवाही निवासी मातादीन पुत्र मंगी की तहरीर पर सार्थक सिंह उर्फ शनी सिंह, सौरभ सिंह पुत्र रंगबहादुर, रामू पुत्र हरिशरण सिंह, रामजी पुत्र अज्ञात, राहुल सिहं पुत्र अज्ञात, रवि पुत्र धीर सिंह, विकास पुत्र ज्ञान सिंह, भूरा पुत्र रामसिंह, कुन्नू पुत्र फूल सिंह सहित आधा दर्जन से अधिक अज्ञात के विरुद्ध मारपीट, बलबा, दलित उत्पीड़न सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाली प्रभारी उमेश सिंह ने बताया कि घटना की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है और आरोपियों की तलाश के साथ ही मामले की जांच की जा रही है।

## सिटी क्लब बना कौशल विकास का केंद्र, भाजपा के समर कैंप से सजे प्रतिभा निखार के रंग

मीरजापुर । गर्मी की छुट्टियाँ अब सिर्फ मौज-मस्ती तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि सीखने और संवरने का सुनहरा अवसर बन गई हैं। भाजपा नगर मण्डल पूर्वी ने इसी सोच के साथ शनिवार को कचहरी रोड स्थित सिटी क्लब परिसर में 30 दिवसीय समर कैंप की शुरुआत की। इस रचनात्मक यात्रा का शुभारंभ नगरपालिका अध्यक्ष श्याम सुन्दर केशरी ने भारत माता, भगवान गणेश, जनसंघ संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

नगरपालिका अध्यक्ष ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 30 मार्च के संबोधन में बच्चों को छुट्टियों में नए हुनर सीखने की प्रेरणा दी थी। उसी प्रेरणा को साकार करते हुए यह समर कैंप बच्चों, युवाओं और महिलाओं के लिए आयोजित किया गया है, ताकि वे अपनी छुपी प्रतिभाओं को पहचान सकें और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ा सकें। कार्यक्रम का संचालन अमित सिंह चंदेल ने किया। वहीं भाजपा नगर मण्डल पूर्वी अध्यक्ष डॉली अग्रहरि ने बताया कि जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज जायसवाल और नगर विधायक रत्नाकर मिश्र के मार्गदर्शन में यह कैंप आयोजित किया गया है। कैंप में प्रतिभागियों को योग, ध्यान, गीता पाठ, नृत्य, फिटनेस, आत्मरक्षा और चित्रकला जैसे विविध विषयों में नि:शुल्क प्रशिक्षण मिलेगा। डॉली अग्रहरि ने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को इस अवसर से जोड़ें, ताकि गर्मी की छुट्टियाँ यादगार और उपयोगी बन सकें।

# थाना समाधान दिवस महोली में प्रशासनिक सख्ती-जन शिकायत पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । थाना महोली परिसर में आज आयोजित सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन मा0 विधायक महोली शशांक त्रिवेदी, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य था, जनता की शिकायतों की सुनवाई कर उन्हें त्वरित, न्यायसंगत एवं संतोषजनक समाधान प्रदान करना।

राजस्व संबंधी प्रकरणों पर कड़ा रुख- जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने राजस्व विभाग से संबंधित शिकायती प्रार्थना-पत्रों पर संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्त मामलों का समाधान समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं न्यायसंगत हो और यह कार्य मौके पर जाकर वास्तविक स्थिति का मूल्यांकन करते हुए किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि लापरवाही की स्थिति में जवाबदेही तय की जाएगी।

**संयुक्त पुलिस-राजस्व कार्रवाई के निर्देश-** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ऐसे विवाद जिनका समाधान राजस्व व पुलिस विभाग के समन्वय से संभव है, उन्हें तत्काल प्रभाव से संयुक्त टीम द्वारा हल किया जाए। उन्होंने सभी राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को सकारात्मक, समन्वित प्रयास करने का निर्देश दिया।

**महिला शिकायतों पर संवेदनशील दृष्टिकोण-** जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिला शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को प्राथमिकता पर लिया जाए और गर्मी व मौसम की असहज परिस्थितियों को देखते हुए उन्हें अनावश्यक दौड़-भाग से मुक्त रखा जाए। उन्होंने इसे प्रशासनिक जवाबदेही का प्रश्न बताया।

**अवैध कब्जों एवं अपराधियों पर सख्त कार्रवाई-** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने प्राप्त अवैध भूमि कब्जों की शिकायतों पर स्थल निरीक्षण कर तत्काल कार्यवाही करने का आदेश दिया। वहीं, पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने थाना महोली के निरीक्षक दिलीप चौबे को निर्देशित किया कि वन माफियाओं की गिरफ्तारी क्विक रेस्पॉन्स मोड पर सुनिश्चित की जाए, क्षेत्र में अवैध पेड़ कटान पर रोक लगाई जाए। **अवैध लकड़ी सिंडिकेट पर**

### अवैध गतिविधियों पर जीरो टॉलरेंस नीति लागू

**निर्णायक कार्यवाही का आदेश-** पुलिस अधीक्षक अग्रवाल ने कहा कि तहसील लहरपुर क्षेत्र में सक्रिय लकड़ी माफियाओं एवं व्यापारियों द्वारा एक संगठित सिंडिकेट तैयार किया गया है, जो अवैध कटान एवं लकड़ी व्यापार में लिप्त है। उन्होंने इसे कानून व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा बताते हुए इस सिंडिकेट की कमर तोड़ने हेतु ठोस, तेज़ और अवैध लकड़ी कटान रोकथाम हेतु परिणाममुखी कार्यवाही के निर्देश दिए। शिकायतों एवम शिकायतकर्ताओं को मा0 विधायक शशांक त्रिवेदी ने बड़ी सरलता से हल करते हुए शिकायतकर्ताओं को संतुष्ट किया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी महोली शशिबिन्दु द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी महोली विशाल गुप्ता, निरीक्षक थाना महोली दिलीप चौबे सहित संबंधित विभागों के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# चोरी की योजना बनाते 02 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, उपकरण एवमं अवैध शस्त्र बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक सीतापुर, अंकुर अग्रवाल महोदय द्वारा जनपद में चोरी/नकबजनी की घटनाओं को गम्भीरता से लेते हुए रोकनें व अपराधियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। उक्त दिये गये निर्देश के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी लहरपुर सुशील कुमार यादव के नेतृत्व में थाना लहरपुर पुलिस टीम द्वारा चोरी की योजना बनाते हुए 02 शातिर अभियुक्तगण 1-इन्द्रेश उर्फ बुल्लु पुत्र शत्रोहन लोनिया नि0ग्राम लोनियनपुरवा थाना रेउसा जनपद सीतापुर 2--दीपू पुत्र मुरली निवासी ग्राम नकारा थाना मानपुर जनपद सीतापुर को ग्राम जलुआपुर जाने वाले खड़ंजा रास्ता के बगल आम के बाग से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तगण उपरोक्त से एक अदद देशी बम (सुतली) व एक अदद नाजायज तमंचा 315 बोर एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर, एक लोहे की हथोडी, एक लोही का ब्लेड, एक लोहे की पाइप, एक लोहे के छल्ले में विभिन्न साइज की 09 चाभी का गुच्छा, एक अदद मुडी हुई रॉड बरामद हुए। उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्तगण उपरोक्त अभ्यस्त किस्म के अपराधी है जिनके विरुद्ध पूर्व में भी चोरी/नकबजनी आदि जैसे आपराधिक कृत्यों के संबंध में कई अभियोग पंजीकृत हैं। बरामदगी/गिरफ्तारी के संबंध में अभियुक्तगण के विरुद्ध मु0अ0सं0 262/25 पंजीकृत कर अभि0गण उपरोक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया है। जनपद में अपराधियों के विरूद्ध निरन्तर कार्यवाही इसी प्रकार प्रचलित रहेगी।

# विश्वासपात्र मित्र जीवन की एक औषधि है :दीनबन्धु

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कादीपुर/सुलतानपुर। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज झारखंड कादीपुर सुल्तानपुर में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश अयोध्या द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन रामायण एवं वेद अभिरुचि कार्यशाला के छठवें दिन दिनांक 10 मई को आयोजित रामचरितमानस गान एवं वाचन प्रशिक्षण कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में अमित त्रिपाठी जी ने दीप प्रचलन कार्यशाला का शुभारंभ किया। अमित त्रिपाठी ने कहा राम सुग्रीव की मित्रता ब्रह्म व जीव का मिलन है, राम ब्रह्म है श्री हनुमान जी वैराग्य हैं, सुग्रीव जीव (मन) के घोतक हैं जब तक सुग्रीव रूपी जीव को राम रूपी ब्रह्म ज्ञान की प्राप्ति नहीं थी तब तक वह भटकता रहा उसे शांति नहीं मिली। मुख्य प्रशिक्षक दीनबंधु सिंह ने कहा कि विश्वासपात्र मित्र जीवन की एक औषधि है सच्चा मित्र संकल्पना की देवता दोषो एवं त्रुटियों का निवारण करके सत्य पवित्रता मर्यादा प्रेम को प्रकट करता है। कुमार्ग से सतमार्ग की ओर ले जाने का प्रयास करता है जिसमें जीव को सदगती मिलती है, यह बातें राम सुग्रीव मित्रता विषय पर कही। सहायक प्रशिक्षक कृष्णदेव सिंह ने कहा कि जीवन में एक सच्चा मित्र मिल जाए तो समझना चाहिए खजाना मिल गया सच्ची मित्रता से उत्तम से उत्तम कार्य सिद्ध हो जाते हैं प्रतिभागी भैया बहनों ने रामचरितमानस का दान व वचन किया राम सुग्रीव मित्रता को अपने जीवन में साकार करने की संकल्पना की कार्यक्रम को राम भजन से विश्राम दिया गया।

# प्रतिदिन करें योग,दूर होंगे समस्त रोग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । आम जनमानस के उच्च स्वास्थ हेतु श्याम मंदिर में रोगानुसार योग ध्यान शिविर का आयोज न किया गया,जिसमें योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी द्वारा मंदिर परिसर में आयोजित शिविर में मोटापा,हृदय रोग,मधुमेह,उच्च रक्तचाप,गठिया,त्वचारोग के रोगि यों के साथ-साथ उपस्थित समस्त योग साधकों को अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योगाभ्यास कराया गया एवं संबंधित योगासनों एवं प्राणायाम के विषय में जानकारी भी दी गयी।इसी क्रम में ताडासन,भुजंगासन,सूर्य नमस्कार ,पवनमुक्तासन पश्चिमोत्तानासन,वज्रासन,धनुरासन,मत्स्यासन,पादहस्तासन,सर्वांगासन के साथ-साथ भस्त्रिका-प्राणायाम,कपालभाति-प्राणायाम,अनुलोम-विलोम-प्राणायाम,भ्रामरी प्राणायाम आदि का अभ्यास करवाया गया,शिविर में योगाचार्य ने कहा कि योग अपनी सांस पर ध्यान देते हुए विभिन्न मुद्राओं में रहने की कला है।प्रत्येक योगासन का हमारे श्वसन तंत्र पर विशेष प्रभाव पड़ता है इसके चलते हमारा हृदय भी प्रभावित होता है। इसी क्रम में योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी ने बताया योग के साथ-साथ उचित दिनचर्या और आहार-विहार के माध्यम से आप सभी समस्त मानसिक एवं शारीरिक रोगों से बच सकते हैंद्य साथ ही साथ स्वस्थ रखने के लिए जरू री टिप्स भी दिए।शिविर में अमित गर्ग,सचिन, राजे श अग्रवाल,मुकेश,ऋषभ,नीलम,मेघा,नीतू, श्वेता, रूचि, मीनू, बेनू,साधना,कविता,आदि मौजूद रहीं।

## भारत-पाक तनाव के बीच स्थगित हुआ पदमशाह बाबा का उर्स

जालौन। हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल सूफी बुजुर्ग हजरत सैय्यद पदमशाह रह. अलैह का उर्स भारत-पाक के बीच तनाव की स्तिथि को देखते हुए स्थगित कर दिया गया। सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा व कमेटी के सदस्यों ने दरगाह पर शनिवार को एक वार्ता के दौरान यह जानकारी दी। वहीं इस मौके पर पहलगाम व अन्य हमले के शहीदों की याद में दो मिनट का मौन धारण किया गया। साथ ही इस मौके पर पाकिस्तान व आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे भी लगाए गए। बता दें कि हजरत सैय्यद पदम शाह बाबा की मजार पर हर वर्ष हिंदू मुस्लिम एकता की मिशाल पेश करते हुए उर्स का आयोजन किया जाता था। इस वर्ष भी 12 व 13 मई को उर्स का आयोजन किया जाना था। लेकिन भारत पाकिस्तान के बीच तनाव की स्तिथि को देखते हुए इसे स्थगित कर दिया गया। शनिवार को कमेटी के अध्यक्ष आरिफ कादरी ने अम्बेडकर चौराहे स्थित मजार पर बैठक का आयोजन किया।

# अगर जमीन पर गाय का चारा लगा है तो गन्ने की फसल प्रधान कैसे डकार गए

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। विकास खंड एलिया की देवाई ग्राम में एक मामला कुछ अपने ही अलग अंदाज का है ग्राम पंचायत में आबादी के नाम भूमि दर्ज है लेकिन ग्राम प्रधान उक्त भूमि पर गन्ने की फसल उगाता है और अपने कार्य में लाता है।लेकिन जब इस बारे में जानकारी की गई तो पता चला कि जमीन पर फसल गौशाला में जानवरों के चारे के लिए प्रयोग की जाती है।इस सम्बन्ध में जब मामला उच्च अधिकारियों तक पहुंचा तो प्रधान ने यही राग अलाप कर एक रकम सरकारी खाते में जमा करवा कर रशीद कटवा ली और मामला रफा दफा ही गया ।

लेकिन गांव वाले आरोप लगा रहे है कि उक्त जमीन पर प्रधान अपने निजी कार्य के लिए फसल उगा रहा है और अवैध रूप उक्त जमीन पर कब्जा कर के रखा है ।

इस सम्बन्ध में ग्रामीणों ने एक प्रार्थना पत्र जिले के जिलाधिकारी और उप जिलाधिकारी को दिया है जिसमें जांच हुई और उक्त भूमि ग्राम पंचायत अधिकारी को स्वार्ड कर दी गई जिस पर जानवरों के चारे की व्यवस्था की जा सके।

जांच हुई सब कुछ ठीक रहा लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि भूमि पर अभी भी प्रधान का कब्जा है

अगर गांव वालों की बात माने तो उनका कहना है कि प्रशासन ने जांच की थी और उपजिलाधिकारी ने इस जमीन पर अवैध कब्जा हटाने के लिए चार बार आश्वाशन भी दिया था जबकि तहसीलदार नीक लेखपाल को कई बार उस अवैध कब्जा हटाने की भेजा भी लेकिन

न कब्जा हटा और न ही कोई कार्यवाही हुई ।

# पुस्तक विमोचन एवं विद्या वाचस्पति उपाधि वितरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। निराला शब्द संवाद मंच, भोज पुरी शोध मंच, काशी हिन्दी विद्यापीठ , हिन्दी साहित्य भारती के संयुक्त तत्वावधान मे हनुमान इण्टरमीडिएट कालेज के सभागार मे कुशीनगर के इतिहास नामक पुस्तक का विमोचन व विद्या वाचस्पति उपाधि का वितरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता डॉ अछयवर पाण्डेय तथा संचालक उपन्यासकार डॉ संजय मिश्र ने किया। मुख्य अतिथि लेखक डॉ देवेंद्र मणि त्रिपाठी अध्यक्ष प्रधानाचार्य परिषद कुशीनगर रहे जिन्होंने अपने सम्बोधन मे कहा कि सत्यजीत कुमार द्विवेदी द्वारा लिखित कुशीनगर का इतिहास तथ्यों पर आधारित है। यह प्रामाणिक ग्रन्थ है। इसमे कही ईफ बट नहीं है। सारस्वत अतिथि डॉ गोरख राय पूर्व प्रधानाचार्य,काशी हिन्दी विद्यापीठ के कुलसचिव इन्द्रजीत तिवारी निर्भिक, डॉ सुधाकर त्रिपाठी पूर्व प्राचार्य, मदन मोहन पाण्डेय पूर्व प्रधानाचार्य ने समवेत स्वर मे लेखक के दृष्टिकोण की प्रशंसा की वही किसान पी जी कालेज सेवरही के पूर्व प्राचार्य डॉ उमा कान्त राय ने साहित्य विधा पर प्रकाश डालते हुए सत्यजीत कुमार द्विवेदी के प्रयास की सराहना की। हनुमान इण्टर कालेज पडरौना के प्रबन्धक मनोज शर्मा सारस्वत ने आगन्तुकों का सारगर्भित शब्दों मे स्वागत किया तो वही विद्यालय के प्रधानाचार्य शैलेन्द्र दत्त शुक्ल ने कार्यक्रम आयोजन के लिए जहाँ डॉ ओमप्रकाश द्विवेदी ओम के प्रयासों की प्रशंसा की तथा सत्यजीत जी के प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ की अर्चना के पश्चात मंगलाचरण से हुआ। अतिथियों का स्वागत डॉ ओमप्रकाश द्विवेदी ओम अध्यक्ष हिन्दी साहित्य भारती गोरक्ष प्रान्त व उपाध्यक्ष ग्रा प ए उ प्र ने किया तो अतिथियों का सम्मान सत्यजीत कुमार द्विवेदी द्वारा किया गया। सहयोग ग्रा प ए जिलाध्यक्ष शैलेश उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर कवि व प्राध्यापक मोहन पाण्डेय व डॉ रामानुज ,द्विवेदी, साहित्य कार व शिक्षक शैलेंद्र पाण्डेय असीम , सच्चिदानन्द पाण्डेय, सम्पुर्णानन्द द्विवेदी, परमानन्द मिश्रा तथा अधिवक्ता व साहित्य कार कृष्णा श्रीवास्तव को विद्या वाचस्पति अहंकार से काशी हिन्दी विद्यापीठ के कुलसचिव इन्द्र जीत निर्भिक व उप कुलपति डॉ ओमप्रकाश द्विवेदी ओम तथा अतिथियों द्वारा अलंकृत किया गया।

# पाक को मुहंतोड़ जबाब देना वाजिब : सत्यजीत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। पहलागाम में आतंकी हमले के विरोध में भारत की सैन्य कार्रवाई समय की मांग थी लेकिन पाकिस्तान द्वारा आपरेशन सिंदूर के जवाब में जो कार्रवाई की गई उससे पाक के मंसूबे जाहिर हो गए है कि वह आतंकियों का हिमायती है और आतंकवादियों के सहारे विश्व की शांति व्यवस्था को ध्वस्त करना चाहता है। ऐसे में पाक के नापाक इरादों को भारतीय सेना ने विफल करते हुए जो मुहंतोड़ जबाव दिया वह वाजिब है?। उक्त बातें अखिल भारतीय गहरवार क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष सत्यजीत सिंह गहरवार ने शनिवार को आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कही। जदयू प्रदेश उपाध्यक्ष के स्वागत समारोह को लेकर आयोजित कार्यक्रम में भारत? पर हुए पाक के हमले को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह गहरवार ने कहा कि पाक द्वारा भारत पर किए गए हमले ने उसकी बौखलाहट व उसके दोहरे चरित्र को उजागर कर दिया है। उन्होनें कहा कि जनपद में कई जगह मेरे आगमन पर को लेकर स्वागत कार्यक्रम का आयोजन होना था लेकिन वर्तमान परिवेश में यह उचित नहीं है। ऐसे में ऐसे सभी कार्यक्रम रद किए जाते है। इस समय देश को हमसभी की जरूरत है हम सरकार के साथ है। इस दौरान महाराणा प्रताप की जयंती को लेकर भी चर्चा की गई और तय किया गया कि गहरवार क्षत्रिय समाज रविवार को वीर महाराणा प्रताप को नमन करेगा। कार्यक्रम में मंकेश्वर सिंह, इन्द्रजीत सिंह, छोटेलाल सिंह,अरविंद सिंह, अश्वनी सिंह, अशोक सिंह, राधेश्याम सिंह, विश्वजीत सिंह, रविन्द्र प्रताप सिंह, विशाल सिंह, फणीन्द्र प्रताप सिंह, कर्मवीर सिंह, पियुष सिंह, अरविंद सिंह गहरवार, कृष्णकुमार सिंह, रितिक सिंह समेत आदि लोग मौजूद रहे।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. राजमंगल पांडेय की मनाई गयी जयंती

**कुशीनगर ।** पूर्व मानव संसाधन विकास मंत्री स्व. राजमंगल पाण्डेय की जयंती फाजिलनगर और सपहा में समारोह पूर्वक मनाई गई। लोगों ने उन्हें स्मरण किया। प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी और उनके कृतित्व व व्यक्तित्व को अनुकरणीय बताया। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सांसद और स्व. पाण्डेय के सुपुत्र राजेश पांडेय उर्फ गुड्डू पांडेय ने आए लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा की उनके पिता एक न्यायप्रिय व्यक्तित्व के साथ श्रेष्ठ प्रशासक थे। तत्कालीन देवरिया और कुशीनगर जिला के नागरिकों के सम्मान की रक्षा के साथ 30 हजार परिवारों के आजीविका की व्यवस्था की जिस कारण आज लाखों लोग प्रतिष्ठित जीवन जी रहे हैं। इस दौरान एड प्रभुनाथ मिश्रा, एडवोकेट पंचानंद मिश्रा, नीतीश यादव सहित आदि मौजूद थे।

## अज्ञात कारणों से लगी आग मची अफरा-तफरी

**राजापाकड़/कुशीनगर।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के सिंदुरिया बुजुर्ग में शनिवार की दोपहर करीब डेढ बजे एक व्यक्ति के घर मे रखें पतई में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग ने तुरंत ही विकराल रूप धारण कर लिया जिससे आग दूसरे की घर की ओर बढने लगी। ग्रामीणों के काफी मेहनत व सूझबूझ से आग पर काबू पाया गया । उक्त गांव के जितेन्द्र गुप्ता का घर बीच गांव में होने के कारण लोगो मे उस समय अफरा तफरी मच गई जब जितेंद्र गुप्ता के घर मे रखे पतई में आग लग गयी। आग देखते ही देखते विकराल रूप पकड़ लिया।लेकिन ग्रामीणों के कड़ी मशक्कत व सूझबूझ से पम्पिंग सेट से किसी तरह आग पर काबू पाया गया नही तो हवा तेज होने बीच मे कई लोगो का घर जलकर राख हो जाती।गांव के योगेश गुप्ता,वीरेन्द्र गुप्ता,अकाश गुप्ता,उमेश यादव, फुलेना गुप्ता ,मुन्ना कुशवाहा,जगदीश ,भगेलू प्रसाद, केदार,चकरू, रामायन, मुंशी मिया आदि लोगों के प्रयास से आग पर काबू पाया गया।

## विद्युत विभाग ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

**कुशीनगर।** विद्युत चोरी रोकने व बकाया राजस्व की वसूली के उद्देश्य पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम अन्तर्गत पडरौना विद्युत वितरण खण्ड द्वारा शनिवार को नगर के जमालपुर मुहल्ले में सघन विद्युत चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान बिजली चोरी करने वाले पांच लोगो के खिलाफ जहा मुकदमा दर्ज कराया गया वही 74 बकायेदारो से चार लाख पच्चासी हजार रुपये राजस्व जमा करायी गयी। बतादे कि बिजली विभाग द्वारा चलाये गये सघन अभियान के तहत शनिवार को चार टीम गठित कर 301 परिवारो के घर मे विद्युत चेकिंग किया गया। इस दरम्यान 43 उपभोक्ताओं पर कुल 11 लाख 65 हजार रुपये बकाया होने के विद्युत विच्छेदित किया गया। इसके अलावा 16 उपभोक्ताओं के मीटर आर्मड केबिल लगाकर परिसर के बाहर मीटर लगाया गया। 16 उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर लगाया गया। इसी कडी मे 9 उपभोक्ताओं के खराब मीटर बदले गये। 13 घरो मे अधिक भार विद्युत उपयोग करते हुए पाया गया जिनकी भार बृद्धि की गयी। इतना ही नही विभाग ने पांच लोगो के खिलाफ विद्युत चोरी के आरोप मे मुकदमा भी पंजीकृत कराया है यह लोग अवैध रूप से बिजली उपयोग कर रहे थे। इसमे नूर जहाँ पत्नी इश्तियाक जमालपुर, लक्ष्मण प्रसाद पुत प्रदुल जमालपुर, मोती लाल पुत्र गणेश मुहल्ला साहबगंज, रामचन्द्र पुत्र केशरी साहबगंज व राजबली खाडी चौराहा शामिल है। इसके अलावा विद्युत सघन चेकिंग अभियान में विभाग ने 74 बकायेदारो से कुल चार लाख पच्चासी हजार रुपये बकाया धनराशि भी जमा कराया। बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता संजय सागर कहा कि बिजली चोरी रोकने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उपखंड अधिकारी शशिकांत गुप्ता, अवर अभियन्ता शुभम गौंड व दिलीप कुमार ने संयुक्त रूप से उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे वैध रूप से बिजली का उपयोग करें और समय से अपना विद्युत बिल जमा करे। उन्होने कहा कि बिजली चोरी किसी करने वालो के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। मौके पर राकेश कुमार, दीपक कुमार, संविदाकर्मी, धनंजय मिश्रा, अनिल श्रीवास्तव, मुरारी, राजेश कुशवाहा रामजी, राजन श्रीवास्तव संतोष मिश्रा, सोनू आदि टीम के साथ मौजूद रहे।

## लेखपालों ने किया मौनधारण, दी श्रद्धांजलि

**राजापाकड़/कुशीनगर।** स्वर्गीय लेखपाल अर्जुन कुशवाहा के असामयिक निधन से राजस्व विभाग में शोक की लहर व्याप्त है। शनिवार को जनपद के सभी थाना परिसरों में आयोजित थाना दिवस कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लेखपालों ने दो मिनट का मौनधारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

थाना पटहेरवा परिसर में आयोजित थाना दिवस में श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते लेखपाल संघ तमकुहीराज के पूर्व मंत्री रजनीश उपाध्याय ने कहा कि अर्जुन कुशवाहा एक कुशल, कर्तव्यनिष्ठ और संवेदनशील राजस्व कर्मी थे। उनके निधन से विभाग को अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने बताया कि थाना दिवस के मौके पर जनपद भर के थाना परिसरों में उपस्थित सभी लेखपालों ने एक साथ मौन धारण कर मृतक साथी को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान लेखपाल संघ तमकुहीराज के पूर्व अध्यक्ष शैलेश मिश्र, लेखपाल राणा, लेखपाल राजीव भारती, लेखपाल कुमारी प्रियंका त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।सभी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# गोष्ठी में खर पतवार व कीट नियंत्रण के उपाय बताए गए

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। कुशीनगर की मिट्टी और जलवायु गन्ने की खेती के लिए उपयुक्त है आवश्कता है वैधानिक ढंग से गन्ने की खेती करने की ट्रेन्चे विधि से गन्ना बुवाई, पेड़ी गन्ने की वैज्ञानिक तथा समय से गन्ना फसल को हानिक नुक्सान पहुंचाने वाले खरपतवारो घास को नियंतण करने की की यदि समप से खरपतवारों का नियंत्रण नहीं किया गया तो गन्ने की 40% उपज कम कर देता है। ये बातें उ0 प्र0 गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केन्द्र - पिपराइच गोरखपुर के पूर्व सहायक निदेशक, ओमप्रकाश गुप्ता ने ढाढा चीनी मिल परिसर के ग्राम हरपुर सोनवरसा- कोनालिस प्रकाश गुप्ता ने कोनवलिया में आयोजित गन्ना विकास गोष्ठी में किसानों को सम्बोधित करते हुए

कहीं। बताया कि इस समय गन्ना खेत में मोथा, बथूआ, मकोय, आदि खरपतवार देखा जा रहा, किसान गन्ने के खेत में जो भी उर्वरक खाद प्रयोग करते हैं उसका 4 गुना नाईट्रोजन, 3 गुना 'फास्फोरस, 2.5 गुना पोटाश खुरपतवार उपयोग करते हैं, पेड़ी गन्ना फसल में किसान समय से गुड़ाई, सिंचाई, उर्वरक नहीं करते हैं। पूछे जाने पर पूर्व सहायक निर्देशक गुप्ता ने बताया कि लगातार एक खेत में गन्ना न बोये, फसल चक्र अपनाये, गर्मी में जुताई, गुड़ाई करे, उड़द मूंग ढैचा बोए गन्ने की सूखी पत्तिया बिछा दे। विशेष दशा में किसी खरपतवार नाशक, रसायन सिंचाई के बाद जैसे रक्षक मात्रा 115 मिली., 500 ग्राम, एट्राज्जीन को 150 लीटर पानी में घोलकर छींड़काव करें एक एकड़ खेत में, गन्ना बोने के 50 से 120 दिनो तक गन्ना फसल को सर्वाधिक नुकसान पहुंचाता है। ढाढा चीनी मिल के अधिशासी अध्यक्ष श्री करन सिंह ने कहा कि गन्ने की दो लाईन के वीच खाली स्थानों की गुड़ाई के लिए गन्ना यंत्र अनुदान पर किसानों को दे रही है चीनी मिल। गन्ना फसल में लगने वाले कीटो के नियंतण के लिए कीटनाशक का छिड़काव करा रही है चीनी मिल, गन्ने की उत्पादन लागत को कम करने, श्रमिकों की समस्या को दूर करने, बीज गन्ना की बचत करने, खरपतवारों से बचाव आदि के लिए मिल परिक्षेत में कई लाख गन्ने का पौध तैयार कर, रोपाई कराया गया है।

# समाजवादी पार्टी मृतक आश्रितों को बांटेगी चेक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर । पूर्व मंत्री राधेश्याम सिंह ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा है कि बिगत कुछ दिन पूर्व नारायनपुर चरगहा गाव से नेवुआनौरंगिया बरात गयी थी जिसमे उक्त गाव के छ लोगो की भुजौली के पास हुए मार्ग दुर्घटना में मौत हो गयी थी। जिसमे पांच मद्धेशिया परिवार तथा एक यादव परिवार के युवक सहित कुल छह लोगों का दर्दनाक मौत हो गई थी जिससे पूरा जिला शोक में डूबा हुआ था जिले में आये राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के समकक्ष बात रखी गई तो उन्होंने कहा था कि सभी मृतक आश्रितों का बैंक एकाउंट नम्बर और आधार कार्ड पार्टी कार्यालय पर उपलब्ध कराने को कहा और मदद करने की बात कही राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मृतकों प्रति अपनी संवेदना व्यक्त किया था। इसको लेकर रविवार को पार्टी के जिले के सभी पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि पूर्व मंत्री राधेश्याम सिंह के नेतृत्व में नारायनपुर चरगहा में पहुंच कर मृतकों के परिजनों को पचास पचास हजार रूपए का चेक सौंपेंगे

पूर्व मंत्री राधेश्याम सिंह ने कहा कि समाजवादी पार्टी के कथनी-करनी में फर्क नहीं पड़ता है विपक्ष में रहकर भी लोगों के संवेदना व्यक्त करते हुए हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के द्वारा मृतकों के परिजनों को यह मदद करना एक ऐतिहासिक कदम है पूर्व मंत्री राधेश्याम सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार में मंहगाई बेरोजगारी चरम पर है और हत्या बलात्कार आम बात हो गई है युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है रोजगार के चक्कर में युवा भटक रहे हैं जनता त्राहि-त्राहि कर रही है समाजवादी पार्टी कहने में नहीं करने विश्वास करती है

# सेना के शौर्य को सलामी के लिए निकाली जाएगी तिरंगा यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रयागराज। पाकिस्तान से तनाव व युद्ध जैसे हालात के दौरान सरहद पर देश की रक्षा के लिए सीना ताने खड़े भारतीय सेना के जवानों व सेना के शौर्य को सलामी करने हेतु रविवार को विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। शनिवार को सिविल लाइन स्थित भाजपा कार्यालय में प्रयागराज महानगर के पदाधिकारियों व मंडल अध्यक्षों के साथ आहुत बैठक में भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने तिरंगा यात्रा को लेकर रूपरेखा बनाई। महानगर अध्यक्ष ने बताया कि रविवार को शाम 5 बजे धरना स्थल पत्थर गिरिजाघर से सुभाष चौराहा तक विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया है। तिरंगा यात्रा में प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य भी शामिल होंगे। महानगर अध्यक्ष ने सभी राष्ट्रीय, प्रदेश, क्षेत्र एवं जिला, मंडल, शक्ति केंद्र एवं बूथ समिति, मोर्चा, प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों, पार्षद गणों, निगम, बोर्ड, काउंसिल के सदस्यों तथा विचार परिवार व नागरिकों से अपील की है कि वे कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपनी एकजुटता का परिचय देते हुए भारत माता की जय के उद्घोष के साथ कार्यक्रम को सफल बनाए। इस अवसर पर कुंज बिहारी मिश्रा, डॉ शैलेश पांडेय, देवेश सिंह, रमेश पासी, वरुण केसरवानी, प्रमोद मोदी, राजन शुक्ला, राघवेंद्र कुशवाहा, राजेश पटेल, राजेश केसरवानी, विजय श्रीवास्तव, विजय पटेल, विवेक मिश्रा, सुजीत कुशवाहा, अजय सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रमुख सचिव नगर विकास ने लिया निगम के निर्माण कार्यों का जाएजा

## नालों में कूड़ा डालने वालों पर अधिकारी लगाई रोकः अमृत अभिजात

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गाजियाबाद। प्रमुख सचिव नगर विकास उत्तर प्रदेश सरकार अमृत अभिजात ने शनिवार को गाजियाबाद में चल रही नालों की सफाई का निरीक्षण किया। उन्होंने निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून से पहले सभी नालों की सफाई सही प्रकार से हो । साथ ही चल रहे कार्यों की मॉनिटरिंग पर भी विशेष बल दिया जाए। निरीक्षण के दौरान मौके पर कौशांबी स्थित नाला वैशाली स्थित नाला तथा एलिवेटेड रोड के नीचे वाला नाला देखा गया। मौके पर नाले की सफाई का कार्य जारी रहा, ड्रोन के माध्यम से हो रही मॉनिटरिंग भी देखी गई। नालों की सफाई करने के साथ-साथ नालों में कूड़ा न डलें इसका भी ध्यान रखने के लिए प्रमुख सचिव नगर विकास द्वारा अधिकारियों को कहा। साथ ही नालों की साइड वाली दीवारों पर लंबी जाली लगाने के लिए भी निर्देश दिए गए। एलिवेटेड पुल के नीचे जो की वसुंधरा वैशाली के लिए प्रमुख एंट्री है, वहां के नाले को पूर्ण रूप से साफ करते हुए आसपास सौंदर्य करण करने के लिए भी टीम को निर्देश दिए। जिसमें प्रभारी उद्यान को फूलों के पौधे लगाने के लिए कहा। मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी को प्रमुख नालों पर विशेष ध्यान देते हुए लंबी जाली लगवाने के लिए कहा। ऐसे नाले जो की गाजियाबाद और दिल्ली के बॉर्डर पर है उनको एक सप्ताह के भीतर पूर्ण रूप से साफ करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश को निर्देश दिए । निरीक्षण के दौरान मौके पर गाजियाबाद की सीडीओ अभिनव गोपाल, अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज, व अन्य अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे।

## सेना के सम्मान में निकाली पदयात्रा

हाथरस, 10 मई (हि.स.)। अमेरिकन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हस्तक्षेप के बाद भारत और पाकिस्तान में युद्ध विराम जरूर हो गया है लेकिन इससे पहले पहलगांव में हुए आतंकी हमले का भारत ने करत जवाब दिया था। इसके लिए चलाये गये ऑपरेशन सिंदूर की देशभर में सराहना की जा रही है।

शनिवार की शाम भारत रत्न चौधरी चरण सिंह स्मारक मथुरा अड्डा से सेना के सम्मान में दर्जनों युवाओं ने पदयात्रा निकाली। इसका शुभारंभ विधायक गुड्डू चौधरी ने किया। इस दौरान युवाओं का कहना था कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान के सहयोग से बने आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर करारा जवाब दिया है। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी पाकिस्तान की हर नापाक हरकत को नाकाम किया है। भारत के सभी बल मानसिक और शारीरिक रूप से पूरी तरह से युद्ध के लिए तैयार है लेकिन भारत की भारतीय सेनाओं के अदम शौर्य के सामने पाकिस्तान ने घुटने टेक दिए और अमेरिका से दरख्वास्त कर युद्ध विराम की सहमति बनाई है। पदयात्रा में भाजपा नेता अमित चौधरी, रालोद नेता चौधरी महिपाल

# जब चाहूं, अखिलेश यादव और उनका परिवार बीजेपी में आ जाएगा : साक्षी

## बीजेपी में नहीं, तो एनडीए से जुड़ेंगे

कैनविज टाइम्स संवाददाता




उन्नाव। जहां यूपी की सियासत में शनिवार को बड़ा हलचल मच गया, जब उन्नाव के बीजेपी सांसद साक्षी महाराज ने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव को लेकर चौंकाने वाला दावा कर दिया। साक्षी महाराज ने अपने उन्नाव आवास साक्षी धाम पर मीडिया से बातचीत करते हुए कहा, जिस दिन चाहूंगा, उस दिन अखिलेश यादव और उनका पूरा परिवार भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो जाएगा। अगर बीजेपी में नहीं आएंगे तो एनडीए से जरूर जुड़ेंगे। उन्होंने कहा कि उनका अखिलेश यादव के परिवार से गहरा व्यक्तिगत रिश्ता है। साक्षी महाराज ने यहां तक कहा, मैं अखिलेश के परिवार का मुखिया हूं और उनका पूरा परिवार मेरा सम्मान करता है। यह बयान तब आया है जब हाल ही में अखिलेश यादव ने तंज कसते हुए कहा था कि मेरे अनुरोध पर साक्षी महाराज सपा में आ जाएंगे। अब इस बयान पर पलटवार करते हुए साक्षी महाराज की टिप्पणी ने राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज कर दी है। बता दे कि इसके साथ ही साक्षी महाराज ने जाति जनगणना पर भी अपने विचार रखे। उन्होंने कहा, मैं खुद ओबीसी समाज से आता हूं। नरेंद्र मोदी किसी के दबाव में काम नहीं करते, लेकिन मैंने व्यक्तिगत रूप से जाति जनगणना के लिए प्रयास किया है। इससे वंचित वर्गों को सशक्त करने में मदद मिलेगी। राजनीति में बयानबाज़ी आम बात है, लेकिन साक्षी महाराज के इस दावे ने यूपी की राजनीति में एक नई बहस जरूर छेड़ दी है।

## समाजसेवी ने रक्षा मंत्री को लिखा पत्र

उन्नाव । समाजसेवी कुश सिंह ने केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को एक विशेष पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने सीमा पर तैनात सैनिकों की सहायता के लिए स्वयंसेवक के रूप में सेवा देने की इच्छा जताई है।आवास विकास कालोनी निवासी कुश सिंह ने भारत-पाकिस्तान सीमा की वर्तमान स्थिति को देखते हुए यह पहल की है। उन्होंने देशभक्ति और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना से प्रेरित होकर यह प्रस्ताव रखा है।कुश सिंह ने इच्छुक नागरिकों की एक स्वैच्छिक टुकड़ी बनाने का सुझाव दिया है। उनका कहना है कि इससे सैनिकों का मनोबल बढ़ेगा। साथ ही आम जनता में राष्ट्रप्रेम की भावना मजबूत होगी। उन्होंने बताया कि उनके जैसे कई देशभक्त नागरिक राष्ट्रसेवा में योगदान देने को तैयार हैं।

समाजसेवी ने रक्षा मंत्री से आग्रह किया है कि इच्छुक नागरिकों को सेना या अर्धसैनिक बलों की आवश्यकता के अनुसार प्रशिक्षण दिया जाए। इस पहल से लोगों को भी जागरूक होना चाहिए।

# नवसृजित थाना चंदापुर में पहला थाना दिवस मनाया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महराजगंज, रायबरेली। नवसृजित थाना चंदापुर में पहला थाना दिवस मनाया गया जिसमें पुलिस सहित राजस्व के कर्मचारी व अधिकारी मौजूद रहे।

बताते चलें कि थाना चंदापुर में पहला थाना दिवस आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता थाना अध्यक्ष चंदापुर प्रशांत द्विवेदी ने की तो वहीं कुल पांच शिकायती पत्र आए जिसमें तीन शिकायती पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। दो शिकायती पत्रों को जांच कर निस्तारित करने की बात कही गई है। इस मौके पर एस आई रवि पवार, एस आई अशोक कुमार, दीवान संतोष कुमार, लेखपाल रणविजय सिंह, राजेंद्र भारती सहित समस्त कर्मचारी मौजूद रहे। तो वही महराजगंज कोतवाली परिसर में भी थाना दिवस का आयोजन किया गया जिसमें अध्यक्षता करते हुए तहसीलदार मंजुला मिश्रा ने उपस्थित राजस्व कर्मियों व पुलिस विभाग के कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी लोग आए हुए शिकायती पत्रों का वरीयता के आधार पर निस्तारण करें जिससे कि आए हुए फरियादियों को न्याय मिल सके जिसमें कुल 11 शिकायती पत्र आए राजस्व के 9 पुलिस विभाग के 02 एक भी शिकायती पत्र का निस्तारण मौके पर नहीं हो सका। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव, एस एस आई देवेंद्र सिंह भदौरिया, एस आई दिनेश गोस्वामी,एस आई उत्कर्ष केसरवानी,एसआई सुनील कुमार चौहान, कानूनगो आबिद अली, अहमद अली, लेखपाल राजीव मिश्रा, विवेक सिंह, राजेश कुशवाहा, अमित शुक्ला सहित समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

# युवाओं के लिए मील का पत्थर साबित होगी मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना: डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को देर शाम आयोजित मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिया कि योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए बैंकों से समन्वय हेतु नोडल अधिकारी नामित कराएं। डीएम ने कहा कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को उत्पादन कार्यों के लिए प्रशिक्षित करें तथा योजनान्तर्गत मशीनों की स्थापना कर उन्हें विभिन्न ट्रेडों से जोड़ा जाय। डीएम ने सुझाव दिया कि इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत नवाचार को प्रोत्साहित कर प्रत्येक ब्लाक में ब्लाक की भौगोलिक परिस्थिति तथा अनुकूलता को देखते हुए प्रोजेक्ट्स लगाये जायें।

डीएम ने कहा कि सम्बन्धित अधिकारी बैठकों पर फोकस करने के बजाय गांव-गांव भ्रमण कर क्षेत्रीय सर्वे के आधार पर उपलब्ध संसाधनों, मार्केटिंग की संभावनाओं को मद्देनज़र रखते हुए पात्र एवं उत्साही लोगों को प्रेरित कर योजना से जोड़ें। डीएम ने निर्देश दिया कि विभिन्न विभागों के अधिकारियों के लिए लक्ष्य आवंटित कर आईटीआई एवं पॉलीटेक्निक से विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षित छात्र-छात्राओं से योजनान्तर्गत आवेदन कराकर उन्हें लाभान्वित किया जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि गोशालाओं एवं मन्दिरों के आस-पास गोबर एवं अन्य कृषि अवशेषों से तैयार होने वाले उत्पादों की निर्माण इकाईयों की स्थापना करायें। डीएम ने अधिकारियों को सुझाव दिया कि योजनान्तर्गत कृषि आधारित यूनिटों जैसे विभिन्न प्रकार के मसाला, बांस एवं लकड़ी से निर्मित होने वाले फर्नीचर एवं कलाकृतियों, लोहे के औज़ार, दोना पत्तल मेकिंग मशीन, केले व आलू से चिप्स तैयार करने, यूनिक मोमेन्टो मेकिंग, होजरी, विभिन्न मैटेरियल से तैयार होने वाली मूर्तियों एवं कलाकृतियों, गुड़ से तैयार होने वाले उत्पादों, गजक, दालमोट, नमकीन तथा अन्य प्रकार के स्नैक्स बनाने की मशीनों व उपकरणों को लगाकर अपने व परिवार के लिए स्थाई आजीविका के लिए लोगों को प्रेरित कर उन्हें प्रशिक्षित करें तथा युवा रोजगार की इस योजना से सभी पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करें। डीएम ने कहा कि स्थापित प्रोजेक्ट्स को दीर्घकालीन स्थायित्व प्रदान करने के लिए यह भी आवश्यक है कि लाभार्थियों को तैयार प्रोडक्ट्स की ब्रांडिंग व मार्केटिंग में भी अपेक्षित सहयोग प्रदान किया जाय।

उपायुक्त उद्योग के प्रतिनिधि जे.पी. यादव ने बताया कि शासन द्वारा जिले को आंवटित लक्ष्य 1700 के सापेक्ष विभिन्न बैकों को 951 ऋण आवेदन प्रेषित है जिसमें बैकों द्वारा 172 पर स्वीकृति तथा 123 पर वितरण की कार्यवाही की गयी। इस स्थिति पर डीएम ने नाराज़गी व्यक्त करते हुए बैंकों को निर्देश दिया कि प्रेषित आवेदन-पत्रों पर समयबद्धता के साथ कार्यवाही करें। बैंकों द्वारा जो भी आवेदन स्वीकृत किये जायें उनमें समय से वितरण की कार्यवाही की जाय। स्वीकृत एवं वितरण में अन्तर नहीं होना चाहिए। बैंकवार समीक्षा के दौरान एचडीएफसी बैंक, यूनियन बैंक तथा बैंक आफ बड़ौदा की प्रगति खराब होने पर सुधार के लिए चेतावनी दी गयी। सम्बन्धित अधिकारियों को हर पखवाड़े योजना की समीक्षा करते रहने के निर्देश दिये गये।

# ठेले वाले ने ग्राहक पर तराजू के बट और चाकू से किया हमला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले में गुरु नानक चौराहे से जिला महिला अस्पताल तक का क्षेत्र नो-वेंडिंग जोन घोषित है, लेकिन बावजूद इसके ठेले वालों की मनमानी जा री है।सोमवार दोपहर में वी-मार्ट के सामने एक ठे लें वाले ने ग्राहक पर तराजू के बाट और चाकू से ह मला कर दिया।घटना से इलाके में अफरातफरी म च गई।

**आम के पैकेट में गड़बड़ी को लेकर हुआ विवाद**

खिरौरा मोहन निवासी बंसीलाल अपनी बहन का अल्ट्रासाउंड कराने जिला महिला अस्पताल आए थे।लौटते समय वी-मार्ट के पास उन्होंने आम खरी दने के लिए एक ठेले वाले से सौदा किया बंसीलाल का आरोप है कि आम खरीदते समय जब वह दूस री तरफ देख रहे थे,तभी ठेले वाले ने असली पैकेट बदल कर दूसरा पैकेट थमा दिया।

**नशे में धुत ठेले वाला गाली-गलौज के बाद हमला**

बंसीलाल ने जब आपत्ति जताई तो ठेले वाला आग बबूला हो गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,वह नशे में धुत था।उसने पहले गाली-गलौज की,फिर अचा नक तराजू का बट उठाकर सिर पर मारा और चा कू से हाथ पर हमला कर दिया।घटना में बंसीलाल के सिर और हाथ में चोटें आई हैं।मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव किया और तुरंत नगर कोतवाली पुलिस को सूचना दी।सूचना पर पहुंची नगर कोतवाली पुलिस ने हमला वर ठेले वाले को मौके से हिरासत में ले लिया।गुरु नानक चौकी प्रभारी ने बताया कि आरोपी से पूछ ताछ की जा रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**नो बेंडिंग जोन जाम और गुंडागर्दी का बना केंद्र**

स्थानीय लोगों का कहना है कि नो-वेंडिंग जोन घो षित होने के बावजूद यहां सड़क पर ठेले-खोमचे वालों का कब्जा बना हुआ है।इससे न केवल आए दिन जाम लगता है,बल्कि अपराध की घटनाएं भी बढ़ रही हैं।लोगों का आरोप है कि प्रशासन सिर्फ कागजी कार्रवाई करता है,जबकि जमीनी स्तर पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।इससे पहले भी एक ठेले वाले ने एक व्यक्ति को ठेले वाले से मारपीट हुई थी मामला नगर कोतवाली में पहुंचा था लेकिन इसके बावजूद भी ठेले वालों के आगे पुलिस मूकदर्शक बनी रहती है।

# यूट्यूब चैनल लोक संवाद में सिद्ध होगा एक सशक्त माध्यम : अजय मिश्र टेनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



### सक्रिय भूमिका के रूप में स्थापित है यूट्यूब चैनल : डा. केसी पाण्डेय

### अमित शाह के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने में यूट्यूब चैनल निभाएगा महती भूमिका : डॉ. एसके शुक्ल

गोरखपुर। पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहा है कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की नीतियों, सिद्धांतों, विचारों एवं उनके द्वारा निरंतर रूप से देश में साकारात्मक राजनीति और देशवासियों को दी जा रही उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने में अमित शाह यूथ ब्रिगेड द्वारा ?लांच किया गया। सोशल मीडिया यूट्यूब चैनल लोक संवाद, चर्चा - परिचर्चा, राष्ट्रवादी युवाओं को भारतीय राजनीति के प्रति जागरूक कर आकर्षित करने का एक सशक्त माध्यम सिद्ध होगा। अजय मिश्र टेनी अति विशिष्ठ सांसद आवास बाबा खडग सिंह मार्ग नई दिल्ली में अमित शाह यूथ ब्रिगेड द्वारा आयोजित यू-ट्यूब चैनल के भव्य उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के आधुनिक युग में समाज के अंतिम पायदान पर खड़े समुदाय तक अपने संदेश को प्रसारित - प्रचारित करने में सोशल मीडिया यूट्यूब चैनल वास्तविक रूप से प्रासंगिक हो चुका है। जिसके माध्यम से हम पूरे विश्व में देश हित में लिए गए निर्णयों एवं सकारात्मक योगदान को बहुत ही आसानी से आम जनमानस तक पहुंचा सकते हैं।कार्यक्रम के अति विशिष्ठ अतिथि डॉ. केसी पाण्डेय पूर्व राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा कि अमित शाह यूथ ब्रिगेड द्वारा ?लांच किया गया सोशल मीडिया यूट्यूब चैनल देश के युवा वर्ग को भारतीय राजनीति में अपनी सक्रिय भूमिका एवं योगदान प्रदान करने का एक सशक्त माध्यम सिद्ध हो सकता है। इस अवसर पर अमित शाह यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. एसके शुक्ल ने कहा कि यूथ ब्रिगेड द्वारा ?लांच किया गया सोशल मीडिया यूट्यूब चैनल भारत सरकार के लोकप्रिय गृहमंत्री '' कर्मयोगी '' अमित शाह की नीतियों सिद्धांतों विचारों एवं उनके द्वारा निरंतर रूप से देश हित में लिए गए निर्णयों को जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने का कार्य करेगा जिससे आज़ का युवा वर्ग यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं अमित शाह तथा पूर्व गृहराज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी को अपना आदर्श मानते हुए देश की राजनीति में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने में अपना योगदान दे सकते हैं।

कार्यक्रम में अमित शाह यूथ ब्रिगेड के सभी राष्ट्रीय पदाधिकारी, 25 राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष एवं महिला मोर्चा की सभी पदाधिकारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# बाईक सवार दंपत्ति को ट्रक ने मारी टक्कर, पत्नी की मौत, पति घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। नगर के बाईपास गल्ला मंडी के पास एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई, और महिला के पति और भतीजी को भी चोटे आई है। मिली जानकारी के मुताबिक थाना नानपारा अंतर्गत बाईपास गल्ला मंडी के निकट शनिवार दोपहर लगभग ढाई बजे मोटरसाइकिल से 42 वर्षीय बड़कऊ अपनी 35 वर्षीय पत्नी सुनीता और 8 वर्षीय अपनी भतीजी लक्ष्मी के साथ बिछिया एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे कि तभी बाईपास के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे सुनीता की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई और पति बड़कऊ व भतीजी लक्ष्मी को भी चोटे आई है जिन्हें सीएचसी नानपारा प्राथमिक उपचार हेतु ले जाया गया। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाल नानपारा रामाज्ञा सिंह, कस्बा चौकी प्रभारी पूर्णेश नारायण पांडे, राजा बाजार चौकी प्रभारी राम गोविंद वर्मा, ओम प्रकाश शाह, कांस्टेबल संदीप कुमार, महिला कांस्टेबल आभा ने पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर अग्रिम विधिक कार्यवाही शुरू कर दी वही पुलिस ने ट्रक और ट्रक चालक की खोज में टीमें लगा दी है, ट्रक चालक मौके से ट्रक लेकर फरार हो गया। घटना के बाद मौके पर काफी तादाद में लोग इकट्ठा हो गए। घायल बड़कऊ ने बताया कि वह इकौना के मोहनीपुर का रहने वाला है वह अपनी पत्नी सुनीता भतीजी के साथ बिछिया एक शादी समारोह में जा रहा था। मृतका सुनीता के तीन बेटे और एक बेटी हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बिना परमिट के हरियाली पर चला आरा,केस दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। मोतीगंज थाना क्षेत्र में बिना परमिट के तेजी से हरियाली पर आरा चल रहा है।जिससे सरकार को काफी राजस्व का नुकसान हो रहा है।मोतीगंज थाना क्षेत्र के सोहास करमोहनी गांव में ठेकेदार ने वन विभाग और स्थानीय पुलिस की मदद से बिना परमिट के लाखों रुपये के पच्चीस सागौन के पेड़ काट लिए।उसके दो दिन बाद सोशल मीडिया पर काटे गए पेड़ का वीडियो वायरल हुआ जिस पर व न विभाग के उच्च अधिकारियों ने संज्ञान में लिया उसके दो दिन बाद इस पर वन विभाग के दरोगा ने काश्तकार और ठेकेदार के विरुद्ध स्थानीय थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।मोतीगंज थाना क्षेत्र सोहा स करमोहनी गांव के रामशंकर तिवारी ने लाखों रुपये के पच्चीस सागौन के पेड़ ठेकेदार को बेचा था।इन पेड़ों को काटने के पूर्व वन विभाग से पर मिट नहीं लिया गया और ठेकेदार गुड्डू खान के द्वा रा उक्त सभी पेड़ों को अवैध रूप से काट दिया गया।इसकी सूचना पर वन विभाग के एसडीओ और रें जर को दी गई थी,एसडीओ के आदेश पर पड़री कृपाल रेंज के दरोगा मौके पर पहुंचे।जहां वन वि भाग से बिना परमिट लिए अवैध रूप से सागौन के पच्चीस पेड़ काटे जाने की बात प्रकाश में आई।वही जब बिना परमिट के काटे गए पेड़ की जानकारी वन विभाग के रेंजर से ली गई तो उन्होंने बताया की सोहास करमोहनी गांव में ठेकेदार गुड्डू खान के द्वारा पच्चीस पेड़ सागौन के बिना परमि शन के काट लिये थे उसमें भी प्राथमिकी दर्ज करा ई गई है।

# सास बहू ने एक साथ की आत्महत्या,गांव में फैली सनसनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा:जिले के इटियाथोक थाना के गांव लक्ष्मणपुर में हैरान करने वाली घटना सामने आई है।यहां एक विवाहिता घर के कमरे में लगे लोहे के पाइप के स हारे साड़ी का फंदा बनाकर लटक गई।जिससे उस की मौत हो गई।इस घटना के कुछ ही देर बाद मृत का की बजुर्ग सास ने भी खुद को फांसी लगाकर जान दे दी।महज एक घंटे के अंदर दो आत?महत?या ओं से गांव में सनसनी फैल गई।गांव में लोग इसके पीछे आर्थिक तंगी मान रहे हैं।फिलहाल,पुलिस दो नों मौतों की जांच में जुटी है।पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला खुदकुशी का है।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।फॉरेंसिक टीम ने दोनों शवों के पास से पड़ताल कर सबूत जुटाए हैं। देर रात अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) मनोज रावत व क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार सिंह ने घटनास्थल प र पहुंच कर जायजा लिया।पुलिस के अनुसार अ भी तक किसी ने तहरीर नहीं दी है।इटियाथोक था ना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर गांव के रहने वाले बृजराज की 35 वर्षीया बहू संगीता देवी ने शुक्रवार देर शा म को अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली।इसके कु छ ही देर बाद संगीता की सास 65 वर्षीय छोटका का शव गांव से करीब सात सौ मीटर दूर स्थित खे त में लगे एक शीशम के पेड़ पर लटकते हुए ग्रामी णों ने देखा।इसकी सूचना मिलते ही गांव में सन सनी फैल गई।

**पति मुंबई में रहकर करता मेहनत मजदूरी करता**

ग्रामीणों ने बताया कि संगीता अपने पीछे डेढ वर्षी य बेटे जीत उर्फ राजन को छोड़ गई है।ससुर बृज लाल काफी अरसे से बीमार रहते हैं।पति दीनानाथ अपने चार भाइयों में दूसरे नंबर पर हैं।बड़ा भाई उ मानाथ व छोटे भाई राम जियावनन और राजेश कु मार गुजरात प्रांत के राजकोट में रहकर कोई काम करते हैं।वहीं दीनानाथ महाराष्ट्र प्रांत के मुंबई शहर में रहकर मेहनत मजदूरी करके जीवकोपार्जन चलाते हैं।

## भारतीय सेना की पराक्रम कार्रवाई को सैल्यूट : लड्डन खान

गोरखपुर। ऑल इण्डिया उर्स कमेटी के अध्यक्ष मुहम्मद रजा लड्डन खान ने पहलगाम में हुई आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में आतंकी शिविरों पर हमला बोलकर की गई वीरतापूर्ण कार्रवाई पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए भारतीय सेना के सफल पराक्रम को पूरे देश की जीत बताया है। उन्होंने इस स्थिति में पूरे भारतवासियों से एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आतंक व देश की सुरक्षा को लेकर जब भी कठिन समय आया है तो हमारी भारतीय सेना ने हमेशा अदम्य साहस से देश का नाम ऊंचा किया है। खान ने कहा कि आतंकवादियों व पाकिस्तान की हर करतूत का करारा जवाब हमारी वीरता की पहचान भारतीय सेना देती है, जिसे आज पूरी दुनिया देख रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना की आतंकियों पर सफल स्ट्राइक कर भारतीय सेना ने सभी को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने हमेशा भारत के साथ शत्रुता जैसी भूमिका निभाई है। जबकि उसे चाहिए कि भारत से मित्रता बनाकर अपने देश की तरक्की करे और अपने देश की खुशहाली में योगदान देकर सम्मानित होने का गौरव प्राप्त करे। खान ने कहा कि पहलगाम में आतंकवादियों ने देश के नागरिकों पर गोलियां बरसा कर सबसे बड़ा नादानी का काम किया था। जिसका खामियाजा पाकिस्तान को भुगतना पड़ रहा है।

## मोतीगंज थाना क्षेत्र में एक समारोह में बार बाला ओं के डांस के दौरान मारपीट

गोंडा । जिले में मोतीगंज थाना क्षेत्र के बिरवा बभनी ग्राम पंचायत के मजरे बभनी में एक मांगलिक का र्यक्रम के दौरान जमकर मारपीट हुई।जहा बार डां सर के कार्यक्रम में कुछ लोगों के खड़े होकर डांस देखने से विवाद शुरू हुआ।पीछे बैठे लोगों ने आगे खड़े दर्शकों को बैठने को कहा।इस बात पर खड़े लोग भड़क गए और गाली-गलौज शुरू कर दी। मामला बढ़ने पर दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई।लोगों ने डीजे के साउंड सिस्टम,कुर्सियों और मेजों का इस्तेमाल हथियार की तरह प्रयोग किया, समारोह में मारपीट के कारण बार डांसर मौके से भाग गईं और दर्शक भी वहां से चले गए।वहाँ पर मौजूद कुछ लोगों ने मारपीट का वीडियो बना लि या जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।वायरल वीडियो की कैनविज टाइम्स पुष्टि नहीं करता है,वही झगड़े में दोनों पक्षों के कई लोग घाय ल हुए हैं।कुछ लोगों के सिर में डीजे के उपकरणों से चोटें आई हैं।कहोबा चौकी के प्रभारी ने बताया कि अभी तक किसी पक्ष से कोई शिकायत नहीं मिली है।शिकायत मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।स्थानीय लोगों के अनुसार,कई बार आ गे खड़े लोगों को बैठने को कहा गया था,लेकिन वे नहीं माने।इससे पीछे बैठे लोगों को डांस नहीं दिख पा रहा था।

## 'सिंदूर ऑपरेशन' की जीत पर मां ने कहा—अबकी बार नामो-निशां नहीं बचेगा

मीरजापुर। गौरा गांव की माटी में जन्मा लाल जब 17 अगस्त 2020 को बारामूला की बर्फीली वादियों में आतंकियों से लोहा लेते हुए शहीद हुआ, तो पूरे इलाके की आंखें नम थीं। लेकिन आज जब 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता की खबर आई, तो उस शहीद की मां रेखा देवी की आंखों में नमी नहीं, बल्कि गर्व की चमक थी।
रेखा देवी ने बेटे को खोने के बावजूद हिम्मत नहीं हारी। देश की सीमा पर लड़ रहे जवानों को दुआएं देते हुए कहा—बेटा गया है, पर देश बचा है। अबकी बार आतंकियों का नामो-निशां नहीं बचेगा। उनका इकलौता बेटा रवि सिंह मात्र 25 वर्ष का था, जब उसने आतंकियों से मुठभेड़ के दौरान सीने पर गोली खाकर शहादत दी थी। लेकिन आज भी वह मां अपने बेटे की तरह ही हर सैनिक को अपना बेटा मानती है।
उन्होंने गर्व से कहा— जिस तरह हमारे वीर सैनिकों ने दुश्मनों के अड्डों को ध्वस्त किया है, उसे देख मेरे कलेजे को ठंडक मिल गई। बेटा तो चला गया, पर उसकी शहादत बेकार नहीं गई।
रेखा देवी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय सेना के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा किआज अगर रवि होता तो सबसे पहले सलाम करता इन जांबाजों को। मैं तो सिर्फ आशीर्वाद दे सकती हूं—विजयी भव! शहीद की मां की ये बातें सुनकर गांव वालों की आंखें फिर भर आईं, लेकिन इस बार आंसुओं के पीछे गर्व था, न कि ग़म। सचमुच, ऐसे घरों में जन्मे बेटे देश के लिए वरदान होते हैं।

## वित्त मंत्री ने पकड़ी विद्युत विभाग की अनियमितताएं, जताई नाराजगी

शाहजहांपुर। जिला विद्युत समिति की बैठक के दौरान वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने जिले की विद्युत व्यवस्था का हाल जाना। अनियमितताओं पर वित्त मंत्री का पारा हाई हो गया उन्हें नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं जाएगी।
बैठक के दौरान वित्त मंत्री ने विद्युत कार्यों की बिंदुवार गहन समीक्षा की। उन्होंने खण्डवार उपकेंद्रों की स्थिति, पावर ट्रांसफार्मर की क्षमता, थ्रू रेट, उपभोक्ता संख्या, एटीएंडसी हानियां, लाइन लॉस एवं आरडीएमएस योजना की प्रगति पर विस्तार से जानकारी प्राप्त की।

# गोरखपुर में मोटा कहने पर खौल उठा खून: 20 किमी पीछा कर कार रुकवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । गोरखपुर से एक सनसनीखेज और चौंका देने वाली घटना सामने आई है, जिसने पूरे शहर को स्तब्ध कर दिया है। मामूली-सा मजाक किसी की जान पर भारी पड़ गया। हुआ यूं कि 2 मई को बेलघाट थाना क्षेत्र के रहने वाले अर्जुन चौहान अपने चाचा के साथ तरकुलहा देवी मंदिर के पास एक दावत में गया था। उसी दावत में मंझरिया गांव के शुभम और अनिल भी मौजूद थे। खाने के दौरान दोनों ने अर्जुन के मोटापे को लेकर हंसी-मजाक किया और उसे ''मोटू'' कह दिया। यह बात अर्जुन को इतनी नागवार गुज़री कि उसने वहां तो खुद को शांत रखा, लेकिन मन ही मन बदले की आग में जलता रहा। दावत खत्म होने के बाद शुभम और अनिल अपनी अर्टिगा कार से वापस लौट रहे थे। अर्जुन ने अपने दोस्त आसिफ खान को बताया कि उसे अपमानित महसूस हुआ है और अब वह इन दोनों को सबक सिखाएगा। इसके बाद दोनों ने उन्हें फॉलो करना शुरू किया। पूरे 20 किलोमीटर तक पीछा करने के बाद तेनुआ टोल प्लाजा के पास उन्होंने अर्टिगा को ओवरटेक कर रोका। अर्जुन और आसिफ ने कार के पास पहुंचते ही दोनों युवकों को कॉलर से पकड़ा, गाली-गलौज की और कहा—''बहुत बोल रहा था तू, अब बोल''—और फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग होते ही आसपास के लोग दहशत में आ गए। अर्जुन और आसिफ मौके से फरार हो गए, जबकि राहगीरों ने खून से लथपथ अनिल और शुभम को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से उन्हें गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। फिलहाल दोनों खतरे से बाहर हैं, लेकिन मानसिक और शारीरिक रूप से गहरे जख्मों के साथ इलाज करा रहे हैं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 5 मई को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में अर्जुन ने कबूल किया कि उसे ''मोटा'' कहे जाने और सबके सामने हंसने की वजह से गहरा अपमान महसूस हुआ, और तभी उसने गोली मारने की ठान ली थी। पुलिस अधीक्षक दक्षिणी जितेंद्र कुमार ने बताया कि आरोपी आसिफ एक हिस्ट्रीशीटर है जबकि अर्जुन पर भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। दोनों के पास से वारदात में प्रयुक्त पिस्टल भी बरामद की गई है।

# बौद्ध जीवनदर्शन एवं बौद्ध विचारों की प्रासंगिकता विषय पर आयोजित हुई परिचर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । विश्व बौद्ध शोध संस्थान-संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में नगर क्षेत्र स्थित मांटेसरी कॉलेज (मेवातीपुरा) में बौद्ध जीवन दर्शन एवं वर्तमान में ''बौद्ध विचारों की प्रासंगिकता'' विषयक परिचर्चा का आयोजन किया गया। नगर क्षेत्र स्थित इंटर कॉलेज में विद्यार्थी, शिक्षक, प्राचार्य, समाजिक संगठन से जुड़े प्रतिनिधि, शिक्षाविद, कानूनविद, पर्यावरण विद व समाजसेवियों ने आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता कर भगवान बुद्ध के बताए गए विचारों को आत्मसात कर पंचशील सिद्धान्तों को ग्रहण करते हुए समाज एवं राष्ट्र को मजबूत बनाने का सामूहिक संकल्प भी लिया। अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान की ओर से आयोजित भगवान बुद्ध जीवन दर्शन विषयक पर बोलते हुए मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी पूजा चौधरी कहा कि, भगवान बुद्ध ने अहिंसा एवं परोपकार का प्रभावी संदेश पूरे विश्व को दिया जिनके विचारों पर चलकर हम शांति एवं समृद्धि स्थाई रूप से ला सकते हैं। उपस्थित विद्यार्थी, शिक्षक, प्राचार्य व अभिभावकों का आवाहन करते हुए उन्होंने कहा कि, मेहनत एवं एकाग्रता से शिक्षा ग्रहण कर हम प्रशस्ति के पथ पर अग्रसर हो सकते हैं। बौद्ध धर्माचार्य भंते विमल टिस ने भगवान बुद्ध के बताए गए पंचशील सिद्धांत को ग्रहण कर अपने आत्मबल को विकसित करने का आवाहन किया। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी यशवेंद्र विक्रम सिंह ने भगवान बुद्ध के विचारों से जन जन को जोड़कर देश मे सुख समृद्धि एवं स्थायित्व लाने का आवाहन किया। आयोजक महामना मालवीय मिशन अध्यक्ष (अवध क्षेत्र) संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने बताया की, मुख्यमंत्री उत्तरप्रदेश के निर्देश पर महात्मा बुद्ध के विचारों से शिक्षक एवं शिक्षार्थियों को जोड़ने के लिए नगर क्षेत्र में स्थित विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों में परिचर्चा आयोजित कर बौद्ध दर्शन से जुड़े विद्वानों द्वारा पंचशील सिद्धान्तों की व्याख्या की गई तथा विद्यालयों में महात्मा बुद्ध जीवन दर्शन विषयक पर चर्चा परिचर्चा, निबन्ध लेखन व चित्र प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक (मांटेसरी कॉलेज) आरपीएन श्रीवास्तव ने किया। धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य इरशाद बानो ने किया तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता पीठाधीश्वर हनुमंत आश्रम नगरौर विष्णु देवाचार्य जी महाराज ने किया। आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से साहित्यकार रमेश चन्द्र तिवारी, प्रमोद सिंह चौहान एडवोकेट, अमित वर्मा नवोदयन, समाजसेवी डॉ. अनीता जायसवाल, प्राचार्य रीति मुरारी श्रीवास्तव, सविधान विशेषज्ञ अनिल त्रिपाठी, विहिप विधि प्रकोष्ठ अध्यक्ष अजीत सिंह, महामंत्री आलोक शुक्ल, समाजसेवी राधेश्याम श्रीवास्तव, प्राचार्य तारा महिला विद्यालय पूनम पाठक, विद्यालय कर्मचारी संघ अध्यक्ष राजेश मिश्रा, पर्यावरण डॉ. पंकज श्रीवास्तव, शेर बहादुर सिंह एडवोकेट, भंते प्रदीप, संघ विचारक दिनेश सिंह, शिक्षाविद वीरेंद्र श्रीवास्तव वीरू समेत सैकड़ों शिक्षक, शिक्षार्थी व अभिभावक उपस्थित रहे। समापन अवसर पर ख्यातिलब्ध बौद्ध ध्यान साधक बाबू राम यादव द्वारा उपस्थित लोगों को विपश्यना के सम्बंध में जानकारी देकर योग, ध्यान, साधना करवाया गया तथा उपस्थित लोगों ने महात्मा बुद्ध के बताए गए पंचशील सिद्धांतों पर चलने का सामुहिक संकल्प भी लिया।

# सरकारी खाते से लाखों साफ गांव की सफाई जस की तस, सड़कों पर भरा है पानी, राहगीरों को आवागमन में हो रही दिक्कत

## स्वच्छ भारत मिशन की धज्जियां उड़ाता गांव जादोपुर गहलुइया सफाई के नाम निकल गए लाखों रुपए

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**





पूरनपुर।विकासखंड की ग्राम पंचायत जादोपुर गहलूइया में साफ सफाई की व्यवस्था पूरी तरह चौपट है। सफाई कर्मचारियों के ना आने से गांव में सफाई व्यवस्था चौपट है। नालियों और सड़कों पर गंदगी जमा हो गई है।एक तरफ सरकार जहां साफ सफाई को प्राथमिकता देते हुए नियमित रूप से सफाई कर्मचारी रखे हैं। वही इस गांव में स्थिति इतनी बिगड़ गई है कि ग्रामीणों को खुद ही सफाई करनी पड़ रही है। ग्राम पंचायत में नालियों के चौक होने से सड़कों पर पानी भरा हुआ है। ग्राम वासियों ने बताया कि गंदगी के कारण आवागमन में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल में जाने वाले बच्चों का ओर बुजुर्ग नली के गंदे पानी को लांघ कर जाने को मजबूर है। अगर जरा सी चूक हो जाए तो बच्चे स्कूल यूनिफॉर्म में ही नाली में गिरकर घायल के साथ गंदगी लग जाती है। लेकिन फिर भी साफ सफाई के नाम पर सरकारी खातों से लाखों रुपया साफ हो गया है लेकिन धरातल पर साफ सफाई नजर नहीं आ रही है। जल्द ही ग्रामीण इस मामले की शिकायत खंड विकास अधिकारी से करने की बात कह रहे हैं। जिससे गांव में साफ सफाई हो सके और गांव स्वच्छ भारत मिशन के तहत साफ दिखाई दे सके।

# जनसेवा केंद्र से आम जनमानस को घर बैठे मिलेंगी सुविधाएं : मुन्ना सिंह

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



तिलोई अमेठी,विकास क्षेत्र सिंहपुर के इस्लामगंज चौराहे पर शनिवार को ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि ने सृष्टि जनसेवा केंद्र का वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ फीता काट कर शुभारम्भ किया और आम जनमानस को जनसेवा केंद्र के बारे में विस्तार से अवगत कराया। ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि जनसेवा केंद्र के खुल जाने से इस क्षेत्र की जनता को घर बैठे सरकारी योजनाओं की जानकारी मिलती रहेगी और सुविधाओं का फायदा भी मिलता रहेगा। उन्होंने कहा कि आय जाति,जन्म मृत्यु के साथ ही पैसों का लेनदेन भी बड़ी आसानी से होगा। ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि इस क्षेत्र की गरीब जनता और किसानों के लिये यह जनसेवा केंद्र वरदान साबित होगा। सृष्टि जनसेवा केंद्र के संचालक सचिन मिश्रा ने मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि को पुष्प गुच्छ अंगवस्त्र ओर प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस मौके पर भाजपा नेता धर्मेश मिश्रा, मुरारी लाल मिश्रा, सुजीत कुमार पाण्डेय, आशीष नंदन त्रिपाठी, शिरीष गुप्ता, सत्य नारायण सिंह,अखिलेश तिवारी, एखलाक अहमद, अजमल प्रधान, अनादि मिश्रा, शुभम तिवारी, रियाज अहमद, राम कुमार यादव, आनंद मिश्रा, शिव करन त्रिवेदी, रत्नेश मिश्रा, मुकेश मिश्रा, गुडडू पाठक, दीनानाथ त्रिवेदी, मदन गोपाल मिश्रा, प्रभात मिश्रा सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अभिषेक विद्युत अभियांत्रिकी विभाग द्वारा सम्मानित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सुलतानपुर। कमला नेहरू प्रौद्योगिकी संस्थान (केएनआईटी), सुल्तानपुर के विद्युत अभियांत्रिकी विभाग द्वारा संस्थान के अंतिम वर्ष के छात्र अभिषेक श्रीवास्तव को गेट 2025 में उनकी बहु-विषयक उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए एक विशेष समारोह में सम्मानित किया गया। यह आयोजन फाइनल ईयर प्रोजेक्ट प्रेजेंटेशन के अवसर पर विभाग में आयोजित किया गया। अभिषेक श्रीवास्तव ने विद्युत अभियांत्रिकी में ऑल इंडिया रैंक 60 तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी में ए.आई.आर 191 प्राप्त कर संस्थान की ख्याति को राष्ट्रीय स्तर पर नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया है। इस सम्मान समारोह में संस्थान के निदेशक प्रो. आर. के. उपाध्याय, आईईटी लखनऊ की प्रोफ़ेसर डॉ. अरुणिमा वर्मा, तथा विद्युत अभियांत्रिकी विभागाध्यक्ष डॉ. एस. एम. त्रिपाठी की गरिमामयी उपस्थिति रही। इन सभी ने अभिषेक को उनके उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया और विभाग को इस ऐतिहासिक सफलता के लिए बधाई दी। इस अवसर पर विभाग के कई संकाय सदस्य और कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से डॉ. वरुण कुमार, डॉ. अखिलेश कुमार चौहान, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. दिलीप कुमार पटेल, श्री प्रेम नारायण वर्मा, श्री नितीश कुमार राय, एवं श्री रविन्द्र कुमार आदि सम्मिलित थे। अभिषेक श्रीवास्तव ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों, परिवारजनों और सहपाठियों को दिया और जूनियर छात्रों को अनुशासन, समर्पण और सतत अभ्यास के महत्व को अपनाने की प्रेरणा दी। यह सम्मान समारोह न केवल अभिषेक की व्यक्तिगत उपलब्धि का उत्सव था, बल्कि केएनआईटी सुल्तानपुर के विद्युत अभियांत्रिकी विभाग की सामूहिक शैक्षणिक गुणवत्ता और उत्कृष्टता का जीवंत उदाहरण भी रहा।

# मुख्यालय का प्रमुख मार्ग पर नहर की पटरियां दे रही खतरे को दावत

## नहर विभाग की अनदेखी से कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बल्दीराय/सुल्तानपुर। बल्दीराय तहसील व ब्लाक को पहुंचाने वाली नहर की क्षतिग्रस्त पटरियां बड़े दुर्घटना को आमंत्रित करती दिख रही हैं। बड़ी संख्या में आने जाने वाले यात्री जान जोखिम में डालकर यात्रा करने को मजबूर हैं तो वही नहर विभाग के जिम्मेदार और जिला प्रशासन इस विकट समस्या से आंख बंद कर लिए हैं। तहसील बल्दीराय, ब्लाक, थाना तथा अस्पताल और विद्यालय जाने के लिए क्षेत्रीय लोग प्रतिदिन क्षतिग्रस्त नहर के सड़क मार्ग से यात्रा करने को मजबूर हैं। धनपतगंज हरौरा, लँगड़ी, बिसावां देहली समरथपुर, बघौना कुमासी सहित तहँसील क्षेत्र के कई दर्जन ग्रामसभाओं के लोगों को प्रतिदिन बल्दीराय आना होता है। नहर की पटरियों के फुटपाथों पर बड़े बड़े खतरनाक गड्ढे और नहर के किनारे के बॉर्डरलाइन न होना, यात्रियों को सांस थामकर यात्रा करने को मजबूर कर रही है। ऐसा नही है कि जिले के अधिकारी व नहर विभाग के जिम्मेदार इस समस्या से अनभिज्ञ हैं ? समस्या यह है कि सभी जानते हुए भी इस समस्या को नजरंदाज करते हैं।

क्षेत्रीय लोगों ने जिला प्रशासन से किया क्षतिग्रस्त पटरियों, फुटपाथ मरम्मत एवम निर्माण की मांग क्षेत्र के भाजपा नेता अवध कुमार सिंह, पाली प्र0प्र0आशीष यादव, हरौरा सोनू पांडेय, ओमेंद्र सिंह प्रधान, हेमन्त सिंह राम नगर, कालीसहाय सिंह विसावां, बलवंत सिंह विसावां, पी पी सिंह विसावां, विशाल शुक्ला प्रधान देहलीबाजार, जमुना पांडेय अतरसुमा, डॉ0बलराम मिश्र फत्तेपुर, प्रदीप सिंह पू0प्र0, योगेंद् यादव पीरो सरैया, मो0अरशद प्र0प्रति0पडरे आदि सम्मानित लोगो ने जिला प्रशासन व नहर विभाग से (तहसील मार्ग) नहर की पटरियों व किनारे के बॉर्डरलाइन को अतिशीघ्र बनवाने तथा मरम्मत करवाने की मांग की है। इस वावत शारदा नहर विभाग के जूनियर अभियंता पवन पाल ने बताया कि उक्त सड़क का सर्वे कराकर बरसात के पहले ही तहसील के मार्ग नहर पटरी की सड़क व फुटपाथ और डेउला का निर्माण करवाया जायेगा।

# इरुल में जल जीवन मिशन के तहत बनी पानी की टंकी का शुभारंभ

जयसिंहपुर/सुलतानपुर। सदर विधायक ने शनिवार को कूरेभार विकासखंड के इरूल गांव में जल जीवन मिशन के तहत बनाई गई पानी की टंकी का शुभारंभ किया।' टंकी से पानी की सप्लाई चालू होने से गांव के लोगों को शुद्ध पानी मिलेगा। विधायक ने बताया कि गांव इरूल में जल जीवन मिशन के तहत 02 करोड़ 86 लाख रुपये की लागत से पानी की टंकी का निमार्ण किया गया है। लोगों से पानी का संरक्षण करने की भी अपील की और साथ ही परिसर में पौधारोपण भी किया। ग्राम पंचायत में टंकी से पानी की सप्लाई शुरू होने पर गांव के सभी सैकड़ों घरों को शुद्ध पानी मिलेगा। टंकी बनने से पहले गांव के लोग पानी के लिए हेंड पंप और सबमर्सिबल पर आश्रित थे। इस मौके पर जल निगम के अधिकारी समेत बड़ी संख्या में गांव के लोग मौजूद रहे।

# रमनगरा में ग्राम चौपाल का हुआ आयोजन सुनी गई ग्रामीणों की समस्याएं हुआ समाधान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पूरनपुर। विकास खंड की ग्राम पंचायत रमनगरा में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। ग्राम चौपाल में सर्वप्रथम विधायक के प्रतिनिधि ने दीप प्रज्वलित किया। ततपश्चात ब्लाक कॉर्डिनेटर द्वारा सभी अधिकारी, कर्मचारी व ग्रामवासियों का स्वागत किया गया। उसके बाद महिला कल्याण विभाग के वन स्टाप सेंटर मे मिलने बाली सुविधाओं के बारे मे मृदुला शर्मा द्वारा बताया गया विभाग मे चल रही समस्त योजनाओं जैसे कन्या सुमंगला योजना,निराश्रित महिला पेंशन योजना,बाल सेवा योजना,निराश्रित महिला पेंशन के बारे में जानकारी दी। चाइल्ड हेल्पलाइन से संजय सिंह ने 1098 के बारे मे जानकारी दी। कार्यक्रम मे खंड विकास अधिकारी लक्ष्मण प्रसाद, सचिव आरके गौतम,सचिव नागेंद्र कुमार,वन स्टाप सेंटर से परामर्शदाता मृदुला शर्मा,प्रोबेशन कार्यालय से अभिषेक शुक्ला परामर्शदाता,चाइल्ड हेल्पलाइन से केस वर्कर संजय सिंह,एडीओ समाज कल्याण, ब्लॉक से उल्फत अली,पूर्ति विभाग,डॉ मनीष शर्मा व अन्य विभागो के अधिकारी व कर्मचारी समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे है।

# जानलेवा हमले सहित अन्य धाराओं के आरोपी पुलिस पकड़ से दूर पीलीभीत में चल रहा है इलाज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

## प्रधान इमरान सहित 12 लोगों पर पुलिस ने दर्ज किया था 11 गंभीर धाराओं में मुकदमा

पूरनपुर। पांच दिन बीत जाने के बाद भी महिला के पुत्र पर जानलेवा हमला करने वाले प्रधान इमरान खा सहित अन्य आरोपियों को पुलिस अभी तक गिरफ्तार नहीं कर पाई है। 5 मई लगभग समय 11 बजे क्षेत्र के गांव गहलुइया के नसीब खा एवं फुरकान खा के बीच मोबाइल रिपेयरिंग के दौरान मारपीट हुई थी। उसी समय घर से थोड़ी दूर पर ही उन पर ताबड़तोड़ मारपीट शुरू कर दी। जिसमें पीड़िता का पुत्र पूरी तरह से घायल हो गया। बीच बचाव करने आए चाचा पुत्तन खा को ग्राम प्रधान इमरान खान,जलालुद्दीन, हसमुद्दीन,रियाजुद्दीन, नूरुद्दीन,मुस्ताक,मुजीब, अशफाक, मेराजुद्दीन सहित 12 लोगों ने मिलकर मारा जिससे वह घायल होकर जमीन पर गिर गए। घायलों को पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां पर डॉक्टर ने पुत्तन खा को गंभीर हालत में जिला मुख्यालय पीलीभीत रेफर कर दिया था। जिनका अभी भी इलाज पीलीभीत के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। पीड़ित की मां ने तहरीर देकर कोतवाली पुलिस पर कार्रवाई करने की मांग की थी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रधान इमरान खा सही 12 लोगों के विरुद्ध नामजद गंभीर 351,352, 115, 74, 333, 131, 110, 109, 190, 191 सहित 11 धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम गठित की गई थी,किंतु पांच दिन का समय बीत जाने के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।जिससे पीड़िता परेशान हैं। जल्द ही पुलिस के उच्च अधिकारियों से मिलकर आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग करेगी।

## इनर व्हील क्लब की ऑफिशियल मीटिंग बरेली में हुई संपन्न

पूरनपुर ।इनर व्हील क्लब ऑफ पूरनपुर ग्लोरी के पदाधिकारी 6 मई को डिस्ट्रिक्ट चेयरमेन विजिट के लिए बरेली गए थे।जहां डिस्ट्रिक्ट चेयरमेन नीलू सिंह ढाकरे के साथ वर्तमान अध्यक्ष पूनम गुप्ता और उनकी टीम की ऑफिशियल मीटिंग हुई जिसमें डिस्ट्रिक्ट ट्रेजरार डॉक्टर नीलू मिश्रा भी उपस्थित रही थी।सभी पदाधिकारियों द्वारा बनाई फाइल का निरीक्षण किया गया।जिसमें सचिव रिंकी गुप्ता और संपादिका रुचि खन्ना ने आर्ट एंड क्राफ्ट से कोषाध्यक्ष कल्पना गुप्ता ने पेंटिंग से अपनी फाइल को खूबसूरती दी थी।क्लब की चार्टर अध्यक्ष सलोनी गुप्ता के मार्गदर्शन से इनर व्हील ब्रांडिंग प्रोजेक्ट का अनावरण डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन से करवाया यह प्रोजेक्ट उनको बहुत पसंद आया।डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन ने इनर व्हील के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी।कार्यक्रम का संचालन सीजीआर बंदिता शर्मा ने किया है।सीजीआर रजनी अग्रवाल और पूरनपुर ग्लोरी के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे हैं।

## बाइक सवार युवक के कब्जे से बरामद हुई तीस ग्राम स्मैक

तिलोई अमेठी,थाना शिवरतनगंज पुलिस ने तीस ग्राम स्मैक के साथ एक बाइक सवार युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना शिवरतनगंज पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मोटरसाइकिल सवार विन्धा प्रसाद पाण्डेय पुत्र रामप्रताप पाण्डेय निवासी ग्राम जिया का पुरवा थाना जामो जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया और मोटरसाइकिल के कागजात मागंने पर दिखा नही सका। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से तीस ग्राम स्मैक बरामद हुई है।इस सम्बंध में थाना शिवरतनगंज के थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है और मोटर साइकिल को सीज कर दिया गया है।

लालपुर में श्रीमद भागवत कथा आज से शुरु होगी

अमेठी,विकास क्षेत्र जामो के गांव लालपुर में श्रीमद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन आगामी ग्यारह मई से अठारह मई तक किया गया है जिसमें अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक आचार्य शान्तनु जी महाराज द्वारा श्रोताओं को कथा का रसपान कराया जायेगा। श्रीमद भागवत कथा के आयोजक पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य विजय विक्रम सिंह ने बताया कि कथा व्यास परमपूज्य आचार्य शान्तनु जी महाराज द्वारा आगामी ग्यारह मई से अठारह मई तक सायं पांच बजे से आठ बजे तक श्रोताओं को कथा का रसपान कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

## वन स्टॉप सेंटर महिलाओं के लिए वरदान के बराबर हुआ साबित

पीलीभीत। जनपद में कार्यरत संस्था वन स्टॉप सेंटर में एक बाद एक लगातार दो भटकती हुयी अज्ञात महिलाएं थाना सुनगढ़ी एवं थाना कोतवाली से प्रवेशित कराई गयी महिलाएं थोड़ी दिमागी रूप से कमज़ोर होने के कारण घर का पता नहीं बता पा रही थी, लेकिन महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रशासक तृप्ति मिश्रा व उनकी टीम ने महिलाओं की काउंसलिंग की और सम्बंधित थानों के साथ समन्वय स्थापित कर महिलाओं के परिवार जन को केंद्र पर बुलाकर सुरक्षित रूप से उनके परिवार को सुपुर्द किया इसी प्रकार 2024-25 में वन स्टॉप सेंटर पर कुल 11भटकती हुयी हालत में पीड़िताएं थाने व 112 एवं ज़ीआरपी के माध्यम से लायी गयी जिनमे 10 महिलाएं सुरक्षित उनके परिवार से मिलाया गया।वन स्टॉप सेंटर भारत सरकार की मुख्य योजना है।जो महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा भारत के प्रत्येक जनपदों में संचालित है। इस योजना का शुभारम्भ सन 2015 में किया गया था। जनपद पीलीभीत में वन स्टॉप सेंटर जिला अस्पताल में ब्लड बैंक के पास सुचारु रूप से संचालित है।जहाँ एक ही छत के नीचे संकटग्रस्त महिलाओं को पांच सुविधाएं निशुल्क प्रदान की जाती हैं।जैसे अल्पावास की सुविधा, मेडिकल सहायता, विधिक सहायता, निशुल्क परामर्श, पुलिस सहायता है। महिला हेल्पलाइन 181 के माध्यम से सन 2017 से वर्तमान समय तक महिलाओं क़ी कुल 2383 समस्याओं का निस्तारण किया जा चुका है, वर्ष 2024-2025 के आँकणों पर यदि प्रकाश डाला जाए तो सत्र 2024-2025 में कुल 718 संकटग्रस्त महिलाओं को वन स्टॉप सेंटर क़ी सेवाएं प्रदान क़ी गयी , जिसमे 608 महिलाओं व बालिकाओं को अल्पावास व पुलिस एवं मेडिकल सहायता दी गयी 181 महिला हेल्पलाइन द्वारा प्राप्त कुल 99 मामलों में पति पत्नियों क़ी आपसी सुलह समझौते कराये गए इसी के साथ ही 11 अज्ञात भटकती पीड़िताओं में से 10 पीड़ित महिलाओं को उनके परिवार तक पहुँचाने का कार्य किया केवल एक पीड़ित महिला जो बोलने में सक्षम नहीं थी को मजिस्ट्रेट महोदय के आदेशानुसार नारी शरणालय बरेली में निरुद्ध कराया गया एवं 27 मामले आपसी लड़ाई झगडे से सम्बन्धित थे। जो वन स्टॉप क़ी टीम के द्वारा निस्तारित किये गए है।

# डीएम और एसपी ने थाना समाधान दिवस पर सुनी जनसमस्याएं, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पूरनपुर।पुलिस अधीक्षक एवं जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को दिये कड़े निर्देश जिले में प्रत्येक माह के द्वितीय शनिवार को आयोजित होने वाले थाना समाधान दिवस के अवसर पर कोतवाली पुरनपुर में जिलाधिकारी संजय सिंह और पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना अधिकारियों ने मौके पर मौजूद राजस्व विभाग के कर्मचारियों और पुलिस कर्मियों को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए इस दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भूमि संबंधी विवादों की सूची लेखपाल सुरक्षित रखें और आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का मौके पर जाकर निस्तारण किया जाए पूरनपुर कोतवाली में आज थाना समाधान दिवस पर लगभग 6 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 3 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। अन्य शिकायती प्रार्थना पत्रों की समीक्षा कर उनके समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया तथा राजस्व संबंधी शिकायतों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर निष्पक्ष व न्यायोचित निस्तारण करने के निर्देश दिये गये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी पूरनपुर, ऋषि कुमार नायाब तहसीलदार पूरनपुर, प्रभारी निरीक्षक थाना घुंघचाई व पूरनपुर, समस्त क्षेत्रीय लेखपाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जिला पंचायत सड़क निर्माण में बहुत बड़ा घोटाला पपड़ी की तरह उखड़ी सड़क ग्रामीणों में रोष

पूरनपुर। जिला पंचायत सड़क निर्माण में घोटाला ही घोटाला नजर आ रहा है। ग्रामीणों ने जर्जर सड़क का मरम्मत कार्य पपड़ी की तरह उखड़ने लगा। इसका इंटरनेट मीडिया पर वीडियो प्रसारित किया गया है। लोगों ने मरम्मत में की जा रही घपलेबाजी कर घटिया सामग्री लगाने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा और काम रुकवा दिया जिला पंचायत की ओर किया जा रहे सड़क निर्माण में कमीशन खोरी के चलते जमकर धांधली की जा रही है। एक साल पहले माह फरवरी 2024 में जिला पंचायत की ओर से लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से गांव चंदुइया से मनहरिया गांव तक 1700 मीटर लंबी सड़क का निर्माण कराया गया था। आरोप है कि निर्माण विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से घटिया सामग्री से कराया गया। सड़क कुछ ही माह में उखड़ कर जर्जर हो गई। ग्रामीणों ने कई बार अधिकारियों से शिकायत की थी ।लेकिन मिलीभगत के चलते कोई ध्यान नहीं दिया गया। ग्रामीणों की मांग पर इसी सड़क की दोबारा मरम्मत कार्य कराया जा रहा है। सड़क का निर्माण एमएस रोड लाइंस कार्यदायी संस्था कर रही है।

# सतर्कता और रणनीति

भारत ने पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर व पाकिस्तान में सिर्फ आतंकी शिविरों तक सटीक सैन्य कार्रवाई को अंजाम दिया था, जिसको लेकर गुरुवार को विपक्ष ने सरकार के साथ एकता और संकल्प का परिचय दिया। हालांकि, दोनों देशों के बीच उच्चस्तरीय तनाव कायम है। पाकिस्तान ने सभी कायदे कानून ताक पर रखकर नागरिकों व सार्वजनिक स्थलों को निशाना बनाना जारी रखा है। हालांकि, भारत ने मजूबत सुरक्षातंत्र के बूते अपने पंद्रह शहरों पर दागी गई लक्षित मिसाइलों को बेअसर कर दिया है। प्रतिक्रिया स्वरूप भारत ने पाक के कुछ सैन्य ठिकानों व लाहौर की प्रमुख वायु रक्षा प्रणाली को नष्ट कर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक ने स्थिति की गंभीरता को ही रेखांकित किया। इस स्थिति को बेहद संवेदनशील बताते हुए उन्होंने संस्थागत तालमेल और नागरिक सुरक्षा को प्राथमिकता देने पर बल दिया। दरअसल, इस स्थिति में सरकार की प्राथमिकताओं में नागरिक सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करना, गलत सूचनाओं का मुकाबला करना और बुनियादी ढांचे की सुरक्षा करना और किसी भी हमले का तत्परता से मुकाबला करना शामिल है। निस्संदेह, आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रोटोकॉल और परिचालन में निरंतरता सुनिश्चित करने के लिये मंत्रालयों को निर्देश साइबर हमलों और गलत सूचना अभियानों सहित हाइब्रिड खतरों की एक गंभीर समझ को ही दर्शाता है। गुरुवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह द्वारा सर्वदलीय बैठक में विस्तृत जानकारी देना इस दिन का महत्वपूर्ण घटनाक्रम था। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में कम से कम सौ आतंकवादियों के मारे जाने की पुष्टि की। विपक्ष खासकर कांग्रेस और एआईएमआईएम ने सराहनीय परिपक्वता दर्शायी। वे तमाम राजनीतिक मतभेदों को भुलाकर राष्ट्रीय हितों के साथ खड़े नजर आए। राजनीतिक सहमति का यह दुर्लभ क्षण घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी को एक सशक्त संदेश देता है। यह भी कि जब भी भारत की संप्रभुता को चुनौती मिलती है इसका राजनीतिक ताना-बाना और मजबूत होता है। जबकि, तनाव की तसवीर अभी डराने वाली हैं। जिसको हल्के में नहीं लिया जा सकता। हालांकि, भारत ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि उसका इरादा तनाव बढ़ाने का नहीं है। लेकिन जवाबी कार्रवाई के लिये पूरी तरह तैयार है। इसलिए रणनीतिक संयम को विश्वसनीय प्रतिरोध के साथ संतुलित किया जाना चाहिए। निस्संदेह,अब सामरिक जीत से हटकर रणनीतिक स्थिरता पर जोर दिया जाना चाहिए। आने वाले दिनों में नागरिक सुरक्षा, कूटनीतिक संदेश और आंतरिक सुरक्षा पर लगातार ध्यान देने की आवश्यकता होगी। भारत को सुरक्षा प्राथमिकताओं से समझौता किए बिना वैश्विक भागीदारों को जानकारी देना जारी रखना चाहिए। साथ ही अपने नागरिकों से पारदर्शिता बनाए रखनी चाहिए। निस्संदेह, ऑपरेशन सिंदूर के जारी रहने के बावजूद, एकीकृत राजनीतिक रुख और संस्थागत सतर्कता बाहरी खतरों के सामने लोकतांत्रिक लचीलेपन का एक आदर्श प्रस्तुत करती है। इसके अतिरिक्त देश के सीमावर्ती इलाकों के ग्रामीण की सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से बौखलाए पाकिस्तान ने हताशा में जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर मौत और विनाश का तांडव मचाया है। पुंछ सेक्टर में भारी गोलाबारी में 13 नागरिकों की जान चली गई। वहीं सीमावर्ती इलाके के गांवों में बड़ी संख्या में घर क्षतिग्रस्त हो गए। पाकिस्तान ने पहलगाम हमले के बाद उस संघर्ष विराम का उल्लंघन कर दिया है जिसे 2021 में नये सिरे से लागू किया गया था। पाकिस्तान सेना ने बेशर्मी से नागरिक क्षेत्रों को निशाना बनाया है। जबकि भारतीय सेना ने अपनी जिम्मेदारी के साथ हमलों को पाकिस्तान और पीओके में आतंकी बुनियादी ढांचे के स्थलों तक ही सीमित रखा था। यह तय है कि भारत की सधी और नियंत्रित कार्रवाई ने पाक के साथ-साथ उसके क्षेत्र से संचालित होने वाले आतंकी संगठनों को हिलाकर रख दिया है। निस्संदेह, भारत ने पड़ोसी पाक को बता दिया है कि भारत आतंकवाद के प्रति शून्य साहिष्णुता रखता है, लेकिन साथ ही हमें एलओसी व सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। साथ ही विस्थापित परिवारों की निकासी और अस्थायी पुनर्वास प्रशासन व सुरक्षा बलों की प्राथमिकता होनी चाहिए। पूरे देश को सीमावर्ती ग्रामीणों के साथ एकजुटता से खड़ा होना चाहिए, जो पाक की नापाक हरकतों के कारण पहले से कहीं अधिक असुरक्षित हैं। ये हमारे सुरक्षा बलों की आंख-कान के रूप में काम करते हैं।

# मां धरती पर विधाता की प्रतिनिधि यानी देवतुल्य है

## विश्व मातृ दिवस पर विशेष

मातृ दिवस मनाने की अनेक विचारधाराएं एवं मान्यताएं हैं। विश्व के विभिन्न भागों में यह अलग-अलग दिन मनाया जाता है। मदर्ड डे का इतिहास करीब 400 वर्ष पुराना है। प्राचीन ग्रीक और रोमन इतिहास में मदर्स डे मनाने का उल्लेख है। 16वीं सदी में इंग्लैण्ड का ईसाई समुदाय ईशु की माँ मदर मेरी को सम्मानित करने के लिए यह त्योहार मनाने लगा। इस दिवस को आधिकारिक बनाने का निर्णय पूर्व अमरीकी राष्ट्रपति वूडरो विलसन ने 8 मई, 1914 को लिया। कुछ लोगों का मानना है कि मदर्स डे कि शुरूआत एक अमेरिकन एक्टिविस्ट एना जार्विस से होती है। एना जार्विस को अपनी माँ से खास लगाव था। माँ के गुजर जाने के बाद एना ने माँ से प्यार जताने के लिए मदर्स डे की शुरूआत की। तब से हर साल मई माह के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाया जाता है। माँ का प्रेम अपनी संतान के लिए इतना गहरा और अटूट होता है कि माँ अपने बच्चे की खुशी के लिए सारी दुनिया से लड़ लेती है। एक मां का हमारे जीवन में बहुत बड़ा महत्व है, एक मां के बिना ये दुनियां अधूरी है। मदर्स डे सामान्य रूप से माताओं, मातृत्व और मातृ संबंधों को मान्यता देता है, साथ ही उनके परिवारों और समाज में उनके सकारात्मक योगदान को भी दर्शाता है। मदर्स डे, उन उल्लेखनीय महिलाओं का सम्मान करने का एक हार्दिक उत्सव है जो हमारे जीवन को प्यार, ज्ञान और असीम शक्ति से भर देती हैं। माँ का प्यार किसी भी ताजे फूल से अधिक सुंदर है। एक माँ की खुशी एक प्रकाश स्तंभ की तरह होती है, एक प्रकाशगृह यानी लाइट हाउस, जो भविष्य को रोशन करती है लेकिन प्यारी यादों के रूप में अतीत पर भी प्रतिबिंबित होती है। एक माँ शक्ति और गरिमा से सुसज्जित होती है, भविष्य के बारे में बिना किसी डर के हँसती है। प्रख्यात वैज्ञानिक और भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने कहा है कि जब मैं पैदा हुआ, इस दुनिया में आया, वो मेरे जीवन का एकमात्र ऐसा दिन था जब मैं रो रहा था और मेरी मां के चेहरे पर एक सन्तोषजनक मुस्कान थी।

'मदर्स डे' या मातृ दिवस एक ऐसा महत्वपूर्ण एवं संवेदनात्मक दिन है जो हमें अपनी माताओं के प्यार और बलिदान के लिए धन्यवाद देने और उन्हें सम्मान देने का अवसर देता है। जननी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन का तथा मातृशक्ति की अभिवंदना का यह एक स्वर्णिम अवसर है। माँ की महिमा को उजागर करने का ऐतिहासिक दिन है। सेवा और समर्पण की साक्षात प्रतिमूर्ति मातृ-शक्ति ने केवल अपनी संतान को ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र को सृजनात्मक एवं रचनात्मक दिशाएँ दी हैं। अपने त्याग और बलिदान से परिवार, समाज और राष्ट्र की अस्मिता को बचाने का हर संभव प्रयत्न किया है। यहाँ तक कि परिवार संस्था की आधारभित्ति भी मातृ-शक्ति के इर्द-गिर्द ही टिकी हुई है। माँ एक चलता-फिरता चमत्कार है। माँ के प्रभाव से अधिक शक्तिशाली कोई प्रभाव नहीं है। मातृ दिवस मनाने की अनेक विचारधाराएं एवं मान्यताएं हैं। विश्व के विभिन्न भागों में यह अलग-अलग दिन मनाया जाता है। मदर्ड डे का इतिहास करीब 400 वर्ष पुराना है। प्राचीन ग्रीक और रोमन इतिहास में मदर्स डे मनाने का उल्लेख है। 16वीं सदी में इंग्लैण्ड का ईसाई समुदाय ईशु की माँ मदर मेरी को सम्मानित करने के लिए यह त्योहार मनाने लगा। इस दिवस को आधिकारिक बनाने का निर्णय पूर्व अमरीकी राष्ट्रपति वूडरो विलसन ने 8 मई, 1914 को लिया। कुछ लोगों का मानना है कि मदर्स डे कि शुरूआत एक अमेरिकन एक्टिविस्ट एना जार्विस से होती है। एना जार्विस को अपनी माँ से खास लगाव था। माँ के गुजर जाने के बाद एना ने माँ से प्यार जताने के लिए मदर्स डे की शुरूआत की। तब से हर साल मई माह के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाया जाता है। माँ का प्रेम अपनी संतान के लिए इतना गहरा और अटूट होता है कि माँ अपने बच्चे की खुशी के लिए सारी दुनिया से लड़ लेती है। एक मां का हमारे जीवन में बहुत बड़ा महत्व है, एक मां के बिना ये दुनियां अधूरी है। मदर्स डे सामान्य रूप से माताओं, मातृत्व और मातृ संबंधों को मान्यता देता है, साथ ही उनके परिवारों और समाज में उनके सकारात्मक योगदान को भी दर्शाता है। मदर्स डे, उन उल्लेखनीय महिलाओं का सम्मान करने का एक हार्दिक उत्सव है जो हमारे जीवन को प्यार, ज्ञान और असीम शक्ति से भर देती हैं। माँ का प्यार किसी भी ताजे फूल से अधिक सुंदर है। एक माँ की खुशी एक प्रकाश स्तंभ की तरह होती है, एक प्रकाशगृह यानी लाइट हाउस, जो भविष्य को रोशन करती है लेकिन प्यारी यादों के रूप में अतीत पर भी प्रतिबिंबित होती है। एक माँ शक्ति और गरिमा से सुसज्जित होती है, भविष्य के बारे में बिना किसी डर के हँसती है। प्रख्यात वैज्ञानिक और भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने कहा है कि जब मैं पैदा हुआ, इस दुनिया में आया, वो मेरे जीवन का एकमात्र ऐसा दिन था जब मैं रो रहा था और मेरी मां के चेहरे पर एक सन्तोषजनक मुस्कान थी।' एक माँ हमारी भावनाओं के साथ कितनी खूबी से जुड़ी होती है, ये समझाने के लिए उपरोक्त पंक्तियां अपने आप में सम्पूर्ण हैं। मां का त्याग, बलिदान, ममत्व एवं समर्पण अपनी संतान के लिये इतना विराट है कि पूरी जिंदगी भी समर्पित कर दी जाए तो मां के ऋण से उऋण नहीं हुआ जा सकता है। मां के साथ बिताये दिन सभी के मन में आजीवन सुखद व मधुर स्मृति के रूप में सुरक्षित रहते हैं। इसीलिये एच. डब्ल्यू. बीचर ने कहा कि मां का हृदय बच्चे की पाठशाला है। भारतीय संस्कृति में मां का स्थान सर्वोपरि माना गया है। मां को देवतुल्य माना गया है। इसीलिये 'मातृ देवो भवः' यह सूक्त भारतीय संस्कृति का परिचय-पत्र है। ऋषि-महर्षियों की तपः पूत साधना से अभिसिंचित इस धरती के जर्रे-जर्रे में गुरु, अतिथि आदि की तरह माँ भी देवरूप में प्रतिष्ठित रही है। महर्षि वाल्मीकी की यह पंक्ति- 'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी' जन-जन के मुख से उच्चारित है। प्रारंभ से ही यहाँ 'मातृशक्ति' की पूजा होती आई है। वैदिक परंपरा दुर्गा, सरस्वती, लक्ष्मी के रूप में, बौद्ध अनुयायी चिरंतन शक्ति प्रज्ञा के रूप में और जैन धर्म में श्रुतदेवी और शासनदेवी के रूप में माँ की आराधना होती है। लोक मान्यता के अनुसार मातृ वंदना से व्यक्ति को आयु, यश, स्वर्ग, कीर्ति, पुण्य, बल, लक्ष्मी पशुधन, सुख, धन-धान्य आदि प्राप्त होता है। ऐसा कहा जाता है कि भगवान हर किसी के साथ नहीं रह सकता इसलिए उसने माँ को बनाया। एक माँ हमारे जीवन की हर छोटी बड़ी जरूरतों का ध्यान रखने वाली और उन्हें पूरा करने वाली देवदूत होती है। कहने को वह इंसान होती है, लेकिन भगवान से कम नहीं होती। वह ही मन्दिर है, वह ही पूजा है और वह ही तीर्थ है। तभी ई. लेगोव ने कहा है कि इस धरती पर मां ही ऐसी देवी है जिसका कोई नास्तिक नहीं। यही कारण है कि समूची दुनिया में मां से बढ़कर कोई इंसानी रिश्ता नहीं है। वह सम्पूर्ण गुणों से युक्त है, गंभीरता में समुद्र और धैर्य में हिमालय के समान है। उसका आशीर्वाद वरदान है। जरा कभी मां के पास बैठो, उसकी सुनो, उसको देखो, उसकी बात मानो। उसका आशीर्वाद लेकर, उसके दर्शन करके निकलो। फिर देखो, जो चाहोगे मिलेगा- सुख, शांति, शोहरत और कामयाबी। ध्यान रहे, मां का दिल दुखाने का मतलब ईश्वर का अपमान है। संसार महान् व्यक्तियों के बिना रह सकता है, लेकिन मां के बिना रहना एक अभिशाप की तरह है। इसलिये संसार मां का महिमामंडन करता है, उसके गुणगान करता है। मां शब्द में संपूर्ण सृष्टि का बोध होता है। मां के शब्द में वह आत्मीयता एवं मिठास छिपी हुई होती है, जो अन्य किन्हीं शब्दों में नहीं होती। मां नाम है संवेदना, भावना और अहसास का। मां के आगे सभी रिश्ते बौने पड़ जाते हैं। समाज में मां के ऐसे उदाहरणों की कमी नहीं है, जिन्होंने अकेले ही अपने बच्चों की जिम्मेदारी निभाई। मां रूपी सूरज चरेवैति-चरेवैति का आह्वान है। उसी से तेजस्विता एवं व्यक्तित्व की आभा निखरती है। उसका ताप मन की उम्मीदों को कभी जंग नहीं लगने देता। उसका हर संकल्प मुकाम का अन्तिम चरण होता है। मां को धरती पर विधाता की प्रतिनिधि कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। किंतु वर्तमान परिवेश को देखते हुए यह सवाल अवश्य खड़ा होता है कि क्या आज की माँ जननी की भूमिका का सम्यक निर्वहन कर रही है? अथवा क्या वे समाजशास्त्रियों के इस अभिमत पर प्रश्नचिन्ह नहीं लगा रही कि बच्चा नागरिकता का पहला पाठ माँ की वात्सल्यमयी गोद में सीखता है। जबकि वस्तुस्थिति तो यह है कि माँ की गोद उसे नसीब होती कहाँ है? कुक्षि से बाहर आते ही उसे अलग पालने में सुला दिया जाता है। सोता है तो दूध की बोतल उसके मुँह से लगा दी जाती है। उसका लालप-पालन या देखरेख नर्स या आया के द्वारा होती है अथवा डे केयर सेंटर, बेबी केयर सेंटर में भेजकर कर्तव्यपूर्णता का लेबल लगा दिया जाता है। दो-ढाई वर्ष का होते ही नर्सरी में कम्प्यूटर द्वारा उसे अक्षर-बोध प्राप्त होता है। कुछ बड़ा होते ही उसे होस्टल में प्रविष्टि दिला दी जाती है। कितनी आधुनिक माताएँ तो ऐसी हैं जिन्हें अपने बच्चों से संवाद स्थापित करने का क्षण भी उपलब्ध नहीं होता। करें भी कैसे ? उन्हें अपने निजी कार्यक्रमों से ही फुर्सत नहीं है। तब भला वह कैसे उन्हें बात-बात में तत्त्वबोध दें? कब मीठी-मीठी प्रेरक लोरियाँ सुनाकर संस्कारों की सौगात सौंपे? किस माध्यम से पारिवारिक, सामाजिक मान-मर्यादाओं की अवगति दें? कैसे जीवन में धर्म की उपयोगिता का अहसास करवाएँ? तब फिर शून्यता के सिवा शेष हाथ भी क्या आएगा? मातृ दिवस मां की अस्मिता के धुंधलाने के कारणों की पडताल करने का भी अवसर है। कन्याभूरणों की हत्या एक ओर मनुष्य को नृशंस करार दे रही है, तो दूसरी ओर स्त्रियों की संख्या में भारी कमी मानविकी पर्यावरण में भारी असंतुलन उत्पन्न कर रही है।'' अन्तर्राष्ट्रीय मातृ-दिवस को मनाते हुए मातृ-महिमा पर छा रहे ऐसे अनेक धुंधलों को मिटाना जरूरी है, तभी इस दिवस की सार्थकता है। -ललित गर्ग

# कैसे मिला पाकिस्तान को आईएमएफ का कर्ज

**विक्रम उपाध्याय**

भारत के साथ युद्ध के लिए पागलपन की हद तक जाने वाला पाकिस्तान आखिर किस तरह आईएमएफ से 1.3 बिलियन डॉलर का ताजा कर्ज (लोन) पाने में सफल रहा? भारत भी आईएमएफ का एक पार्टनर देश है और उसका अपना वोटिंग शेयर है। भारत ने 09 मई को हुई आईएमएफ बोर्ड की बैठक में पाकिस्तान के वहशी होने का मुद्दा भी उठाया, लेकिन अंत में वोटिंग से अपने को अलग कर लिया। इसका कारण एक ही है कि अमेरिका समेत तमाम बड़े देश यह आभास दे रहे थे कि पाकिस्तान को आईएमएफ लोन नहीं दिया गया तो वहां और स्थिति खराब हो सकती है। पाकिस्तान में और अफरातफरी मच सकती है। भारत के वोट का भार तीन प्रतिशत से कम है, जो कि फैसले को प्रभावित करने के लिए काफी कम है। आईएमएफ लोन प्राप्त करने के लिए किसी भी देश को कुल वोट का 85 प्रतिशत प्राप्त करना जरूरी होता है और इसमें अमेरिका के वोट का सबसे अधिक प्रभाव होता है। अमेरिका के वोट का भार 17 प्रतिशत है। यानी केवल अमेरिका ही किसी देश के लोन को अकेले रोक सकता है। अब जबकि सभी बड़े देश जानते हैं कि पाकिस्तान पूरी दुनिया में आतंकवाद का एक्सपोर्ट कर रहा है, फिर क्यों उसे आईएमएफ का लोन दिया जा रहा है। पाकिस्तान को लोन मिलने के पीछे जो कुछ आधार बने हैं, उनमें सबसे अधिक वजनी कारण है, पाकिस्तान द्वारा कई प्रमुख देशों को अपनी जमीन के इस्तेमाल की इजाजत देना है। पाकिस्तान ने चीन, अमेरिका, अरब देश और तुर्किये जैसे देशों को अपने यहां से मिलिट्री और व्यापारिक गतिविधियों को संचालित करने की इजाजत दे रखी है। उसमें भी चीन और अमेरिका पाकिस्तान को अपने उपनिवेश की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं और चाहते भी हैं कि इस्लामाबाद उनका पिट्ठू बना रहे, इसलिए आतंकवाद को पालते देख भी आईएमएफ का लोन जारी होने दे रहे हैं। यह देश पाकिस्तान को अलग से कर्ज देते हैं। वह अपने कर्ज के पैसे वापस पाने के लिए भी पाकिस्तान को कर्ज दिलाने में मदद कर रहे हैं। चीन ने पाकिस्तान को भारी कर्ज दे रखा है। पाकिस्तान चाइना इकोनोमिक कॉरिडोर में चीन ने इस्लामाबाद को 65 अरब डॉलर से अधिक का कर्ज दे रखा है। तीन दशक में भी यह इकोनोमिक कॉरिडोर बन कर तैयार नहीं हुआ है। इसका आर्थिक लाभ मिलने के बजाय चीन के लिए यह बोझ बन गया है। चूंकि पाकिस्तान की यह हैसियत नहीं है कि वह अपनी आय से चीन का कर्ज उतार सके, इसीलिए उस पर कर्ज लाद कर अपना पैसा निकालना चीन और अमेरिका दोनों के लिए सुविधाजनक रास्ता लगता है। आईएमएफ के कोष में सबसे ज्यादा हिस्सेदारी अमेरिका की है। आईएमएफ जब लोन देता है, तो पुराने लोन की रिपेमेंट की ताकीद भी करता है। यानी आईएमएफ को अपने पैसे की भी चिंता रहती है। अपने पुराने पैसे की उगाही के लिए नए कर्ज के अलावा इस समय कोई रास्ता भी नहीं है। आईएमएफ केवल एक अंतरराष्ट्रीय फंडिंग एजेंसी नहीं है, बल्कि यह बड़े देशों के लिए आर्म ट्विस्टिंग टूल्स भी है। आईएमएफ अपने लोन की शर्तें मनमाने ढंग से तय करता है। यानी लोन लेने वाले देश की पूरी आर्थिक नीति को अपने ढंग से तय करने का अधिकार रखता है। इसलिए जो भी देश आईएमएफ के लोन की सिफारिश करता है, अपनी-अपनी शर्तों को लादने की कोशिश करता है। पाकिस्तान 1950 से ही आईएमएफ का लोन लेने की आदी हो चुका है। 20 बार से अधिक लोन ले चुका है। अब भी उसके सामने आईएमएफ के सामने नतमस्तक होने के अलावा कोई चारा भी नहीं है। पाकिस्तान का निर्यात सालों से ध्वस्त पड़ा है। टेरर एक्सपोर्ट से उसे उसे कुछ मिलने वाला भी नहीं है। उसके सामने हमेशा डॉलर की किल्लत बनी रहती है। अभी भी उसका विदेशी मुद्रा भंडार 13 अरब डॉलर के आसपास है। पाकिस्तान को खुद को जिंदा रखने के लिए आयात पर निर्भर रहना पड़ता है। और आयात बिल का भुगतान उसे डॉलर में ही करना है, इसलिए आईएमएफ का लोन उसके अस्तित्व से ही जुड़ गया है। इसलिए वह अमेरिका और चीन दोनों का पिछलग्गू बनने के लिए तैयार रहताहै, ताकि आईएमएफ से उसे लोन आसानी से मिल जाए। पूरी दुनिया जानती है कि पाकिस्तान के आर्थिक संकट का समाधान आईएमएफ के इस ऋण से भी नहीं होगा। पाकिस्तान रोज के हिसाब से जी रहा है।

## सेहत मंत्र

# आंखों की रोशनी कम हो रही है तो कराएं कॉर्निया ट्रांसप्लांट

कॉर्निया (पुतली) आंख की पारदर्शी, बाहरी सतह है। जिस प्रकार एक खिड़की प्रकाश को कमरे के अंदर पहुंचाती है, ठीक उसी प्रकार कॉर्निया प्रकाश को आंखों के भीतर पहुंचाती है। यह प्रकाश को आंख में फोकस भी करती है, जिससे हमें साफ दिखता है। पुतली को पारदर्शी बनाए रखने में स्टेम सेल का महत्वपूर्ण योगदान होता है। इन स्टेम सेल को लिम्बल स्टेम सेल कहते हैं। आइए जानते हैं कि किन स्थितियों में कॉर्निया का ट्रांसप्लांट होता है। यह ट्रांसप्लांट किस हद तक कारगर है! कॉर्निया में परेशानी किसी को भी किसी भी उम्र में हो सकती है। किसी बीमारी, आंख के ऑपरेशन के बाद, चोट लगने से कॉर्निया की पारदर्शिता में प्रतिकूल परिवर्तन आ सकता है। ऐसी स्थिति में प्रकाश आंख के भीतर कम जाता है। इस स्थिति में क्षीण दिखाई पड़ता है और आंख में दर्द भी हो सकता है। अगर दवाओं से परिवर्तन नहीं हो पाता तो डॉक्टर कॉर्निया ट्रांसप्लांट की सलाह देते हैं। कॉर्निया ट्रांसप्लांट में अपारदर्शी कॉर्निया को नेत्रदान द्वारा प्राप्त हुई पारदर्शी कॉर्निया से ऑपरेशन द्वारा बदल दिया जाता है। पारदर्शिता लौटने से आंखों की रोशनी पर अच्छा प्रभाव पड़ता है। कॉर्निया ट्रांसप्लांट (पुतली प्रत्यारोपण) में रक्त या पुतली मैच कराने की आवश्यकता नहीं होती। पुतली किसने दान की है, उसका लिंग,धर्म, आंख का रंग क्या है, इन बिंदुओं का ऑपरेशन के सफल होने से कोई संबंध नहीं है। मानव डोनर से पुतली मृत्यु के चंद घंटों (दो घंटे के अंदर) के अंदर ही ले ली जाती है। आई बैंक में नेत्रदान द्वारा प्राप्त हुई पुतली की गुणवत्ता की जांच कुछ टेस्ट के द्वारा की जाती है। कॉर्निया से संबंधित परेशानी से पीड़ित व्यक्ति को पुतली प्रत्यारोपण का ऑपरेशन कराने से पहले भी कुछ टेस्ट कराने पड़ते हैं। पुतली प्रत्यारोपण के बाद डॉक्टर की सलाह के अनुसार दवाएं लेनी पड़ती हैं और डॉक्टर के निर्देशानुसार समय-समय पर चेकअप कराना अति आवश्यक है।

## धर्म मंत्र

# सिंगापुर का श्री मरिअम्मन मंदिर समर्पित है मातृ शक्ति को

श्री मरिअम्मन मंदिर सिंगापुर का प्राचीनतम हिन्दू मंदिर माना जाता है। यह अगम मत का मंदिर है जो दक्षिण की द्रविड़ स्थापत्य शैली में बनाया गया है। ब्रिटिश शासन काल के दौरान सिंगापुर पहुंचे तमिल व्यक्ति नरायण पिल्लई ने 1827 में इस मंदिर का निमाण करवाया। इसके बाद 2010 में मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया। श्री मरिअम्मन का प्रवेश द्वार दक्षिण भारतीय शैली के भव्य गोपुरम शैली में बना है। गोपुरम एक स्मारकीय अट्टालिका होती है जो सबसे ऊपर किरीट कलश से शोभायमान होती है। श्री मरिअम्मन मंदिर दक्षिण के ग्रामीण इलाकों में पूजी जाने वाली मातृ शक्ति देवी मरिअम्मा को समर्पित हैं। इन्हें बीमारियों से रक्षा करने वाली देवी के रूप में पूजा जाता है। हालाकि अब यहां अन्य देवी देवताओं के भी भव्य मंदिर और मूर्तियां बन प्रतिष्ठित हो गई हैं, परंतु परंपरा अनुसार मुख्य रूप से स्थापित देवी के नाम पर ही इस मंदिर को श्री मरिअम्मन मंदिर कहा जाता है। इस मंदिर में सिद्धि विनायक की भव्य मूर्ति है। बताते हैं इस मंदिर का निर्माण करने वाले नरायण पिल्लई ईस्ट इंडिया कंपनी में एक क्लर्क थे जो सर स्टैमफोर्ड रैफल्स के साथ सिंगापुर गए थे, जब ईस्ट इंडिया कंपनी ने अपना बेस वहां स्थापित करने की योजना बनाई थी। बाद में और भी कई दक्षिण भारतीय हिंदु सिंगापुर पहुंचे। उनके पूजा पाठ करने के लिए पिल्लई ने सबसे पहले 1819 में इस मंदिर का निर्माण वर्तमान मंदिर से दूर एक स्थान पर करवाया था।

## पर्यटन



# चाय की खुशबू में बसा खूबसूरत संसार है केरल का मुन्नार

देश में कश्मीर के अलावा और भी स्वर्ग मौजूद हैं, 'ईश्वर का अपना देश' माने जाने वाले केरल के इदुक्की जिले में स्थित मुन्नार को देखकर आप भी यही कहेंगे। प्रकृति प्रेमियों के साथ-साथ यह बाइकर्स और ट्रैकर्स के लिए भी स्वर्ग है। यदि आप रोमांचक खेलों के शौकीन हैं तो मुन्नार आपकी यात्रा को बना सकता है यादगार। किसी कैनवास पर उतरी चित्रकारी की तरह है मुन्नार। मन को हर्षित कर देने वाली हरियाली, इधर-उधर बलखाती नदियां, नीलगिरि की घुमावदार पहाड़ियां और घाटियां। ऊंचाई से गिरते झरने और ठंडा मौसम। तकरीबन 1700 मीटर की ऊंचाई पर बसे इस हिल स्टेशन की घुमावदार गोल-गोल पहाड़ियों पर एक ही ऊंचाई के चाय के पौधे ऐसे प्रतीत होते हैं जैसे किसी सम्राट के स्वागत में पूरे इलाके में हरे मखमली कालीन बिछा दिये गये हों। ऊंचे पहाड़ों और बादलों से अटखेलियां करते हुए आती सूरज की किरणें हरी-भरी घाटियों के कुदरती रंगों को और भी मनमोहक बना देती हैं। यहां के जंगलों के पेड़ कई रंग लिए होते हैं। हरे, लाल, भूरे, कत्थई रंग के इन पेड़ों से बने दृश्यों के साथ आप खुद कल्पना कर सकते हैं प्रकृति के विशाल कैनवास पर ये दृश्य चित्रकारी के कैसे दिलकश नजारे पेश करते होंगे! यदि आप सोच रहे हैं कि केरल केवल मसालों के लिए मशहूर है तो मुन्नार आएं, आपका यह भ्रम दूर हो जाएगा। आप जान सकेंगे कि असम, दार्जिलिंग के साथ-साथ मुन्नार में भी चाय के बगान हैं। इस जगह पर दसवीं शताब्दी से बसावट शुरू हुई। 19वीं शताब्दी आते-आते यहां छोटे-छोटे गांव बनने शुरू हो गए। चोलों के आक्रमण से बचते-बचाते मदुरै का पून्जार राज परिवार केरल के इस क्षेत्र में आ बसा था। त्रावणकोर के कमिश्नर के रूप में जॉन डेनिएल मुनरो ने सन् 1877 में राज परिवार से एक लाख तीस हजार एकड़ से अधिक भूभाग पट्टे पर खेती के लिये ले लिया और उस पर कॉफी के साथ मसालों की खेती प्रारंभ करा दी। ए.एच. शार्प ने सबसे पहले यहां चाय की खेती की नींव डाली।

# अवैध प्लाटिंग पर चला प्रशासन का बुलडोजर, भूमाफियाओं में मची खलबली

## एसडीएम आनंद तिवारी की कार्रवाई से हड़कंप, चिन्हाकन जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के स्पष्ट निर्देशों के अनुपालन में उपजिलाधिकारी आनंद तिवारी के नेतृत्व में सदर तहसील प्रशासन ने अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध कठोर कार्रवाई कर एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि कानून का शासन सर्वोपरि है। प्रशासन द्वारा बिना मानचित्र स्वीकृति के की जा रही भूमि प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया गया, जिससे भूमाफियाओं में हड़कंप मच गया।



अवैध रूप से हो रही प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया है तहसील अंतर्गत ऐसी गतिविधियों पर बारीकी से नजर रखी जा रही है यह कार्रवाई आगे भी चलती रहेगी ।
आनंद तिवारी
एसडीएम सदर

फोटो 01 प्लाटिंग पर बनी नींव तोड़ती जेसीबी और मौके पर खड़े एसडीएम आनंद तिवारी एवं राजस्व टीम

प्राप्त विवरणानुसार, विनियमित क्षेत्र नवाबगंज के अंतर्गत ग्राम भूहेरा में 'टेक्टिकल टाउन' के नाम से लगभग 30 बीघा भूमि पर की जा रही अनियमित प्लाटिंग तथा ग्राम गदिया, परगना देवा में सुनील सिंह आदि द्वारा 10 बीघा भूमि पर की गई अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाया गया। यह अभियान उपजिलाधिकारी नवाबगंज, तहसीलदार नवाबगंज, कोतवाल सदर नवाबगंज, जेई (विनियमित क्षेत्र नवाबगंज) तथा राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी जनपद में किसी प्रकार की अवैध प्लाटिंग या बिना स्वीकृति नक्शा के निर्माण कार्य को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसी सभी गतिविधियों पर सख्ती से अंकुश लगाया जाएगा।

# कोमल है, कमजोर नहीं—शक्ति का नाम ही नारी है

कैनविज टाइम्स संवाददाता




दरियाबाद, बाराबंकी। मातृत्व के सम्मान और नारी शक्ति को समर्पित मातृ दिवस के पावन अवसर पर जे. बी. एस. ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन, बाराबंकी में एक भव्य आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान की प्रबंधिका श्रीमती पूनम सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

इस विशेष अवसर पर संस्था के संस्थापक एवं बाराबंकी के एम.एल.सी. माननीय श्री अंगद कुमार सिंह का जन्मदिवस भी मनाया गया। साथ ही देश की सेवा में समर्पित हमारे वीर सैनिकों की सुरक्षा एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना हेतु हनुमान जी से सामूहिक सुंदरकांड पाठ किया गया। उपस्थित जनसमुदाय ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा मातृ दिवस की भावनाओं को समर्पित मनमोहक गीत, नृत्य और प्रस्तुतियाँ दी गईं।

आराध्य, अनन्या, और अर्पिता ने ''तेरी उंगली पकड़ के चलना सिखाया...'',

श्रद्धा, अवनी, आस्था, अंजली एवं अनामिका ने ''जब सर पे हाथ मां का होता है... व कविता आर्य ने ''मां ऐसी ही होती है...'' कविता प्रस्तुत कर उपस्थितों को भावविभोर कर दिया। आरिका, छाया, सोनी और आयुषी ने ''देखी जब से दुनिया, तेरी मां के आँचल में...'' गीत में अपनी प्रस्तुति दी। इस अवसर पर बच्चों ने अपनी माताओं को स्नेहपूर्वक ग्रीटिंग कार्ड भेंट किए। प्रबंधिका श्रीमती पूनम सिंह ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि—ल्लमां केवल जन्मदात्री नहीं, प्रथम शिक्षिका, स्नेह की प्रतिमूर्ति एवं बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला होती हैं। एक राष्ट्र का उत्थान मां के संस्कारों पर निर्भर करता है। ऑपरेशन सिंदूर इसका सशक्त उदाहरण है कि मातृभूमि की रक्षा हेतु हमारा संकल्प कैसा होना चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अन्नपूर्णा रानी, विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रेनू सिंह, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारी एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे। ऊपर जिसका अंत नहीं, उसे आसमां कहते हैं। जहां में जिसका अंत नहीं, उसे मां कहते हैं।''कार्यक्रम का समापन इन भावपूर्ण पंक्तियों के साथ किया गया ।

## स्कॉर्पियो, कार की भिड़ी, एक दर्जन घायल

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र में एनएच 927 पर बुढ़वल शुगर मिल के निकट कटियारा गांव के पास शनिवार दोपहर एक स्कॉर्पियो व डिज़ायर कार में आमने-सामने की तेज टक्कर हो गई।इस हादसे में दोनों गाड़ियों के कुल 12 लोग घायल हो गए जिनमें स्कॉर्पियो में सवार आठ और डिज़ायर में सवार तीन लोग शामिल हैं।चार गंभीर घायलों को जिलाअस्पताल रेफर किया गया है।दुर्घटना के चलते हाईवे पर एक किलोमीटर लंबा जाम लग गया जिसे करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद हटाया गया।

## महादेवा तीर्थ: लाखों खर्च कर बनीं टंकी खामोश

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। लोधेश्वर महादेवा में लाखों खर कर बनी पानी की टंकी कई महीनों से खामोश पड़ी है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं व मुकामी लोगों को पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। इस संबंध में कई बार ब्लॉक स्तर से मुख्यालय तक शिकायतें की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो सकी।आज तक यह टंकी नहीं चल पाई। जिसके चलते अभरण तालाब का पानी सूखने लगा है। क्योंकि जब यह टंकी चलती थी तो इस तालाब में भी इसका पानी जाता था ।लेकिन टंकी की पानी सप्लाई बंद होने के कारण इस तालाब का पानी सूख गया है। तथा तालाब में गंदगी फैली हुई है। श्री लोधेश्वर महादेवा में अभरण तालाब के पश्चिम बाग में बनी पानी की टंकी जिससे पूरे क्षेत्र में पीने का पानी सप्लाई होता था। लेकिन इधर पानी की सप्लाई बंद होने के कारण लोग पेयजल के लिए परेशान हैं। क्योंकि इस समय गर्मी का महीना शुरू हो गया है ।सभी लोगों को पानी की आवश्यकता है। जल निगम विभाग की लापरवाही के चलते क्षेत्र में लगे इंडियामार्का नल भी खराब है। टंकी की बाउंड्री की दीवार गिरे सालों बीत रहे हैं। लेकिन अभी तक इसकी मरम्मत नहीं हो पाई है। अगर यह टंकी कभी चल भी जाती है तो जगह-जगह पर पानी लीकेज होने लगता है। तथा लोगों को पीने के लिए गंदा पानी मिलता है। जब यहां पर कोई मेले का आयोजन होता है, तो नल ठीक कर दिए जाते हैं। उसके बाद जब नल खराब हो जाते हैं, तो ठीक करने वाला कोई व्यक्ति नहीं है । दूर दराज से प्रतिदिन लाखों शिव भक्तगण यहां पर पूजा अर्चना करने के लिए आते हैं। उनके स्नान करने की यहां पर कोई व्यवस्था नहीं है। क्षेत्र में जो भी नल लगे हुए हैं ,वह सभी खराब पड़े हुए हैं। जब इस संबंध में स्थानीय लोगों से पूछा गया तो मालूम हुआ कि इन नलों के पाइप मिस्त्री लोग निकाल ले गए हैं। जिसके चलते इनके अंदर एक दो पाई पड़े हुए हैं। जिससे आए जिन यह नल खराब रहते हैं।

# डाक्टर हत्याकांड का खुलासा, दो धरे, दो की तलाश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। सप्ताह पूर्व थाना क्षेत्र के ग्राम मलौली मे लाठी डंडा से पीट कर हुई डाक्टर की हत्या का खुलासा करते हुए दो हत्याभियुक्तों को गिरफ्तार, करते हुए आलाकत्ल दो अदद बांस के डण्डा सहित दो अदद अवैध तमंचा, तीन अदद जिंदा कारतूस बरामद किया। घटना मे शामिल दो अभियुक्तों की तलाश जारी है।

बताते चले कि थाना क्षेत्र के ग्राम डडियामऊ निवासी 23 वर्षीय सत्येन्द्र विश्वकर्मा पुत्र गंगा प्रसाद ग्राम मलौली मे अपना निजी अस्पताल का संचालन करता था गत 3 मई की मध्य रात्रि अज्ञात हमलावरों ने दवा लेने के बहाने लाठी डंडो से पीट कर हत्या कर दी थी।घटना की जानकारी पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने घटनास्थल का निरीक्षण कर घटना के सफल अनावरण कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु का निर्देश दिया था। हत्या के खुलासे मे लगी स्वाट/सर्विलांस ए० थाना मसौली की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेंस एवं डिजिटल डेटा की मदद से घटना का सफल अनावरण करते हुए थाना क्षेत्र के ग्राम अइमावाजिद्पुर पुलिया के निकट से रामनगर थाना क्षेत्र के ग्राम हरसौली निवासी श्रीराम शुक्ला पुत्र शिवशंकर व सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मुस्काबाद निवासी पंकज मौर्या पुत्र रामकिशोर को गिरफ्तार कर आलाकत्ल एवं तीन अदद जिंदा कारतूस बरामद किया है। हत्या का मुख्य अभियुक्त शुभम अवस्थी अजय वर्मा की तलाश जारी है। ( पुरानी रंजिश मे हुई डाक्टर की हत्या)



पुलिस की पूछताछ मे हत्याभियुक्तों ने बताया कि मलौली निवासी शुभम् अवस्थी पुत्र श्रीप्रकाश अवस्थी से डाक्टर सत्येंद्र से काफी समय से रंजिश थी।जिसको लेकर शुभम अवस्थी ने डाक्टर को रास्ते से हटाने के लिए 3 मई को ग्राम मलौली मे बुलाया और पार्टी करने के बाद हम चारो लोग डाक्टर के अस्पताल पर पहुंच कर दवा लेने के बहाने दरवाजा खुलवा कर डंडो से पीट कर हत्या कर दी थी। इससे पहले भी शुभम अवस्थी कर चुका है हत्या मुख्य अभियुक्त इससे पूर्व थाना क्षेत्र के ग्राम कोटवा निवासी राहुल रावत की हत्या अपनी साथी शिवम रावत के साथ मिलकर कर चुका है अभियुक्तों ने चोरी के पैसे को लेकर राहुल की हत्या कर सिर व हाथ गायब कर दिया था।

## निजी चिकित्सा संस्थानों पर सीएमओ की कड़ी कार्रवाई,एक पैथोलॉजी सील, कई अस्पतालों को चेतावनी

सीतापुर । मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सीतापुर के नेतृत्व एवम गठित निरीक्षण टीम द्वारा जनपद में संचालित निजी चिकित्सा एवं नैदानिक संस्थानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य अस्पतालों में चिकित्सा मानकों, स्वच्छता व्यवस्था एवं बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन की स्थिति का वास्तविक आकलन करना था। निरीक्षण के दौरान प्रगति नर्सिंग होम एवं रेखा आई दृष्टि हॉस्पिटल की व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। परंतु सिटी फैक्चर हॉस्पिटल में स्वच्छता व्यवस्था खराब पाई गई और बायोमेडिकल वेस्ट का निष्पादन नियमानुसार नहीं किया जा रहा था। इस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा कड़ी फटकार लगाते हुए तुरंत सुधार के निर्देश दिए गए। शुभी पैथोलॉजी सेंटर में न तो कोई योग्य टेक्नीशियन मौजूद था और न ही पंजीकृत पैथोलॉजिस्ट, साथ ही नवीनीकरण भी नहीं कराया गया था। ऐसी स्थिति में मरीजों की सुरक्षा को देखते हुए केंद्र का संचालन तत्काल प्रभाव से बंद करवा दिया गया। इसी क्रम में रीजेंसी हॉस्पिटल, सीतापुर हेल्थ केयर हॉस्पिटल,

# न्यायालय सीतापुर के तत्वाधान में110888 वादों का किया गया निस्तारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर के तत्वाधान में अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश ''श्री कुलदीप सक्सेना'' की अध्यक्षता में आज दिनांक-10 मई 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ''नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी'' द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत के समापन के उपरान्त यह जानकारी दी गयी कि राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर व जिला चिकित्सालय के सहयोग से दीवानी न्यायालय परिसर सीतापुर में मा0 जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर श्री कुलदीप सक्सेना, के निर्देशानुसार रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में समस्त सम्मानित न्यायिक अधिकारीगणों की उपस्थिति में मा0 जनपद न्यायाधीश, श्री कुलदीप सक्सेना द्वारा रिबेन काट कर रक्तदान शिविर का शुभारम्भ किया गया। उक्त आयोजन के साथ ही जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा चिन्हांकित वृद्धावस्था पेंशन के लाभार्थियों को पेंशन प्रमाण-पत्र मा0 जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वितरित किये गये। मा0 जनपद न्यायाधीश, कुलदीप सक्सेना द्वारा कुल-02 वादों का, अपर जिला जज स्पेशल एस.सी.एस.टी.एक्ट, श्री मो0 शफीक द्वारा कुल-03 वादों का, अपर जिला जज कोर्ट संख्या-02 श्री महेन्द्र सिंह चतुर्थ द्वारा कुल-03 वादों, अपर जिला जज/स्पेशल ई.सी.एक्ट, श्री विजय कुमार आजाद द्वारा कुल-121 वादों का, अपर जिला जज, स्पेशल पॉक्सो कोर्ट संख्या-14, श्री भगीरथ वर्मा द्वारा-02 वादों, अपर जिला जज कोर्ट संख्या-09, श्री शैलेन्द्र कुमार वर्मा द्वारा कुल-01 वादों का निस्तारण किया गया। इस प्रकार समस्त अपर जिला जज द्वारा कुल-132 वादों का निस्तारण किया गया। परिवार न्यायालय सीतापुर के प्रधान न्यायाधीश श्री राम नगीना यादव द्वारा कुल-31 लम्बित वादों का समझौता सफलतापूर्वक किया गया। अपर प्रधान न्यायाधीश कोर्ट संख्या-01, ''श्रीमती निशा झा द्वारा-38 लम्बित वादों का सफल निस्तारण किया गया। अपर प्रधान न्यायाधीश कोर्ट संख्या-02, ''श्री सुबोध भारती'' द्वारा-47 लम्बित वादों का सफल निस्तारण किया गया। मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण सीतापुर के सम्मानित अध्यक्ष, श्री शकील उर रहमान खॉ, द्वारा सुलह समझौते आधार पर कुल-26 मामलों का निस्तारण कर मु0-12180000/-का एवार्ड किया गया।

# शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता का ध्यान रखे : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



## डीएम और एसपी ने थाना दरियाबाद व टिकैतनगर में की जनसुनवाई

## जिले के सभी थानों में आयोजित हुआ समाधान दिवस

बाराबंकी । जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक श्री अर्पित विजयवर्गीय ने थाना टिकैतनगर व दरियाबाद में थाना समाधान दिवस के अवसर पर पहुंचकर फरियादियों की समस्याओं को सुना। इस दौरान अधिकारी द्वय ने जनता के विभिन्न प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने शिकायतों का ब्यौरा रजिस्टर में दर्ज करने, निस्तारण प्रक्रिया में पारदर्शिता और तेजी लाने के भी निर्देश दिए। थाना टिकैतनगर में जिलाधिकारी के समक्ष श्री सुरेश चंद्र जायसवाल व इनके विपक्षी श्री महबूब निवासीगण कस्बा इचौली सहन के विवाद के सम्बंध में प्रस्तुत हुए जिस पर उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों के माध्यम से सुलह समझौता करवा के प्रकरण का निस्तारण करवाया। दरियाबाद में आवेदक श्री बद्रीप्रसाद निवासी भेसौली व श्रीमती रूबी निवासी बीकापुर द्वारा प्रार्थीगण की स्वामित्व की जमीन अवैध कब्जे की लिखित शिकायत की गई, जिस पर जिलाधिकारी ने राजस्व व पुलिस की सँयुक्त टीम को मौके पर भेजकर नियमानुसार त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

निस्तारित थाना समाधान दिवस के प्रकरणों में यादृक्षिक/रैंडमली आवेदक से दूरभाष पर वार्ता कर लिया गया फीडबैक*

अधिकारी द्वय ने निस्तारित मामलों की समीक्षा करते हुए थाना टिकैतनगर में निस्तारित प्रार्थना पत्र आवेदक श्री छेदीराम निवासी कोठरी गौरिया के प्रकरण में आवेदक से दूरभाष से बात की और फीडबैक लिया इसी प्रकार थाना दरियाबाद में आवेदिका सुषमा देवी के प्रार्थना पत्र में भी फीड बैक लिया गया उभय प्रकरणों में आवेदक जन द्वारा की गई कार्यवाही से सन्तुष्टि व्यक्त की गई। इस दौरान तहसीलदार सिरौलीगौसपुर व तहसीलदार रामसनेही घाट, प्रभारी निरीक्षक सहित राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# युद्ध को जीतने के बाद ही चैन की सांस लेगा भारत : खैरूल बशर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



## भारत का रक्षातंत्र पीएम के नेतृत्व में विश्व स्तर पर उभरा है

गोरखपुर। आईएएस अकादमी के चेयरमैन, वरिष्ठ काउंसलर एवं इमामचौक मुतवल्ली एक्शन कमेटी के संरक्षक खैरूल बशर ने ऑपरेशन सिंदूर को आतंकवाद के खिलाफ एक मजबूत कार्रवाई बताते हुए इसकी जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से आज भारत का रक्षातंत्र पीएम के नेतृत्व में विश्व स्तर पर उभर कर आ चुका है। उन्होंने कहा कि ये युद्ध आतंकवादियों के विरुद्ध, आतंकवाद को खत्म करने के लिए, इसमें विश्व का हर देश जो आतंकवाद के विरुद्ध खड़ा है, वो आज पीएम और भारत के 140 करोड़ वासियों के साथ खड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि आतंकियों ने हमारी बहनों का सिंदूर छीनने, मांओं के बेटों को मारने और परिवारों को तोड़ने की कोशिश की, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भारतीय सेनाओं ने आतंकवादियों के ठिकानों को पूरी तरह तबाह कर दिया। बशर ने कहा कि'हमारी तीनों सेनाएं, थलसेना, नौसेना और वायुसेना ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए आतंकवादियों को सबक सिखाया है। यह भारत का संदेश है कि हम आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक स्तर पर नेतृत्व करेंगे और इसे जड़ से खत्म करने के लिए हर देश के साथ मिलकर काम करेंगे। यही नहीं उन्होंने वायुसेना की सटीक और बारीकी से की गई ऑपरेशन सिंदूर की सफलतापूर्वक कार्रवाई की सराहना की और कहा कि हमारी सेनाओं ने, ड्रोन्स, स्कैल्प मिसाइल और हैमर मिसाइल्स से आतंकी ठिकानों को चुन-चुनकर ध्वस्त कर दिया। इसे भारत की सैन्य ताकत का प्रतीक बताया। बशर ने कहा कि 'यह लड़ाई आतंकवाद को खत्म करने की है। आज विश्व का हर वह देश जो आतंकवाद के खिलाफ है, वह भारत और हमारे 140 करोड़ लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। आतंकवादियों ने हमारी बहनों का सिंदूर मिटाने, मांओं के चिरागों को मिटाने, बहनों के भाइयों को मिटाने का काम किया था। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी तीनों सेनाओं आर्मी, नेवी और एयरफोर्स ने उन आतंकवादियों के और उनके स्थानों को सदैव के लिए मिटाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के आधार पर भारत ने आतंकवादियों के विरुद्ध मुंहतोड़ जवाब दिया है और पूरे विश्व को संदेश दिया है कि भारत आतंकवादियों की लड़ाई के विरुद्ध विश्व में एक नेतृत्व और हर एक देश के साथ मिलकर इसका अंत करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। उन्होंने कहा कि जिस बारीकी से हमारे एयर फोर्स, ड्रोन्स, स्केल्प्स मिसाइल, हेमर मिसाइल्स एक एक स्थान को चुनकर ध्वस्त किया है, वह सराहनीय और हम सभी को गौरव की अनुभूति कराती है।

# कोमल है कमजोर नहीं.. जग को जीवन देने वाली मौत भी तुझसे हारी है!

कैनविज टाइम्स संवाददाता







## मां ने बनाए स्वादिष्ट व्यंजन बच्चों ने दिए उपहार

बाराबंकी। मदर्स डे की पूर्व संध्या पर शैक्षणिक संस्थानों में विविध आयोजन हुए।जे. बी. एस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के संस्थापक विधान परिषद सदस्य अंगद कुमार सिंह के जन्म दिवस, मदर्स डे के अवसर पर देश की सीमा पर तैनात

वीर सपूतों की रक्षा एवं उनके उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु की कामना हेतु सामूहिक सुंदर पाठ का आयोजन कर हनुमान जी से प्रार्थना की गई।

कार्यक्रम का शुभांरभ संस्थान की प्रबंधिका श्री मती पूनम सिंह ने द्वीप प्रज्वलित कर किया।जिसमें मदर डे के उपलक्ष्य में बच्चों द्वारा माताओं को ग्रीटिंग कार्ड भेंट दिया।

'मां ऐसी ही होती है कविता आर्य ने सुनाई। जन प्रिय संस्थान की प्रबंधक श्री मती पूनम सिंह ने संबोधित करते हुए मां तथा बच्चों के बीच अटूट प्रेम की सराहना की। और मां को प्रथम शिक्षिका बताया।माता पिता के चरणों में ही स्वर्ग है माता पिता का सम्मान करने से हमारे जीवन के सारे सपने पूरे होते है। जब राष्ट्र पर आंच आती है तो उसे किस तरह से जवाब देना है इसका सफल उदाहरण सीमा पर तैनात भारत मां के वीर सपूतों ने प्रस्तुत किया प्रमाण है ऑपरेशन सिंदूर।इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अन्नपूर्णा रानी तथा स्कूल की प्रधानाचार्या श्री मती रेनू सिंह सहित समस्त प्राध्यापक प्राध्यापिका , कर्मचारी एवं अभिभावक उपस्थित रहे । इसी क्रम में बालाजी ग्रुप ऑफ स्कूल्स के तत्वावधान में नगर के सिविल लाइंस में प्रचलित बालाजी किड्स में मदर्स डे का आयोजन हुआ।जिसमें कक्षा प्लेग्रुप के बच्चों की माताओं ने प्रतिभाग किया। माताओ ने परिचय देकर आयोजन का शुभारंभ किया ।मदर्स ने हीट लेस कुकिंग में हिस्सा लिया। बच्चों की मदर्स को दो टीमों में बाँटा गया था जिसमे मदर्स आन द मूव एवं वंडर्स मॉम्स ने गेम बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया साथ ही भरपूर आनंद लिया।

इस मौके पर संस्था के सदस्य श्रीमती भारती माथुर ने संचालन किया। इस मौके पर श्रीमती रिचा अग्निहोत्री, अलीशा जैदी, सना हुसैन , रवनीत कौर अल्शिफ़ा आदि उपस्थित रहे।

# भारतीय महिला टीम के सामने त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में श्रीलंका की मुश्किल चुनौती

एजेंसी

कोलंबो। भारतीय महिला टीम रविवार को यहां होने वाले त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला के फाइनल में श्रीलंका के खिलाफ हर विभाग में दमदार प्रदर्शन कर चैंपियन बनने की कोशिश करेगी। इस श्रृंखला में भारत को एकमात्र हार श्रीलंका के खिलाफ मिली है। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में हालांकि टीम ने सबसे प्रभावशाली प्रदर्शन किया और लीग चरण में चार मैचों में तीन जीत के साथ अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर रही। श्रीलंका दो जीत के साथ दूसरे स्थान पर रहा जबकि दक्षिण अफ्रीका ने अपना अभियान चार मैचों में एक सफलता के साथ तीसरे और आखिरी पायदान पर खत्म किया। इस मुकाबले को जीतना भारत और श्रीलंका दोनों के लिए बहुत महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि इससे इस साल के अंत में होने वाले वनडे विश्व कप की तैयारियों में मदद मिलेगी। टूर्नामेंट में भारतीय



बल्लेबाजों का प्रदर्शन सराहनीय रहा है जिसमें जेमिमा रोड्रिग्स ने सबसे ज्यादा प्रभावित किया है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक शतक (123) सहित 67 की औसत से अब तक 201 रन बनाये हैं। प्रतिका रावल (164), स्मृति मंधाना (148) और दीप्ति शर्मा (126) ने भी बल्ले से प्रभावी योगदान दिये हैं। दीप्ति की दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 93 रन की पारी ने भारत को बड़े स्कोर तक पहुंचने में मदद की और यह भी जता दिया कि जरूरत पड़ने पर टीम का निचला क्रम भी बल्ले से प्रभावी योगदान दे सकता है। कप्तान हरमनप्रीत कौर फाइनल में बड़ा स्कोर खड़ा कर श्रृंखला में बल्ले से अबतक की निराशा को पीछे छोड़ना चाहेगी। हरमनप्रीत ने अब तक नाबाद 41, 30 और 28 रन की उपयोगी पारियां खेली है लेकिन अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रही है। स्नेह राणा भारत की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज साबित हुई है। दायें हाथ की इस स्पिनर ने अब तक 11 विकेट चटकाये है जिसमें से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पारी में पांच विकेट लेना भी शामिल है। श्रीलंका की टीम एक बार फिर से हर्षिता समरविक्रमा से बड़ी पारी की उम्मीद होगी। उन्होंने लीग चरण में 53 रन की पारी खेल भारत के खिलाफ टीम को जीत दिलाई थी। इस 26 साल की वामहस्त बल्लेबाज ने अब तक दो अर्धशतक की मदद से 177 रन बनाये है। श्रीलंका की कप्तान चमारी अथापथु ने अपनी ख्याति के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पायी है। उन्होंने 88 रन बनाने के साथ पांच विकेट लिये थे। वह फाइनल में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ भारत की मुश्किलें बढ़ना चाहेंगी। श्रीलंकाई गेंदबाजों में देवमी विहंगा (नौ विकेट) का सबसे ज्यादा प्रभावित किया है। भारतीय बल्लेबाजों ने हालांकि दोनों मैचों में इस ऑफ स्पिनर को हावी होने का मौका नहीं दिया।

# भारत ने श्रीलंका को 8-0 से हराया

एजेंसी

यूपिया (अरुणाचल प्रदेश)। भारत ने यहां गोल्डन जुबली स्टेडियम में ग्रुप बी के अपने पहले मैच में श्रीलंका को 8-0 से हराकर सैफ अंडर19 चैम्पियनशिप खिताब की रक्षा की शानदार शुरुआत की। डैनी मेइतेई लैशराम (26', 31', 50') ने टूर्नामेंट में पहली बार शानदार हैट्रिक लगाई, जबकि प्रशान जाजो (17', 62') ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए दो गोल किए। शुक्रवार रात को एमडी अर्बाश (40'), ओमंग डोडम (48') और कप्तान सिंगमयुम शमी (81') ने एक-एक गोल किया। अरुणाचल प्रदेश में पहली बार आयोजित अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट में मेजबान टीम ने पहली सीटी बजने के साथ ही अपने इरादे दिखा दिए। शानदार पासिंग और लगातार दबाव के साथ भारत ने मैदान पर अपना जलवा दिखाया और श्रीलंका को पीछे छोड़ दिया। भारत के मिडफील्ड ने तेज पास के साथ गति को नियंत्रित किया, जबकि उनके फॉरवर्ड ने श्रीलंका की अव्यवस्थित बैकलाइन को तहस-नहस कर दिया। अर्बाश और रोहन सिंह मेहमान टीम के लिये विशेष रूप से खतरनाक साबित



हुये 17वें मिनट प्रशान जाजो ने शानदार फील्ड गोल किया। इसके ठीक नौ मिनट बाद, श्रीलंका के एक गलत बैकपास ने ओमंग डोडम को आगे बढ़ने का मौका दिया और डैनी ने सही समय पर हेडर से गोल करने में कोई गलती नहीं की। भारत ने 31वें मिनट में 3-0 की बढ़त बनाई जब डैनी ने फिर से गोल किया। चौथा गोल हाफ-टाइम से पहले हुआ, जब डैनी ने बॉक्स में एक क्रॉस फेंका, जिसे जाजो ने चतुराई से अर्बाश के रास्ते में हेड किया, जिन्होंने आसानी से गोल कर दिया। दूसरे हाफ की शुरुआत पहले हाफ की तरह ही जोश के साथ हुई। लोकल ब्वाय ओमंग डोडम ने 48वें मिनट में स्कोरशीट पर अपनी जगह बनाई। उन्होंने शानदार फुटवर्क दिखाते हुए सेनापाला के पैरों के बीच से गोल कर दिया। कुछ मिनट बाद, डैनी ने ओमिथ एदिरिसिंघे की गलती का फायदा उठाते हुए अपनी हैट्रिक पूरी की और स्कोर 6-0 कर दिया। 62वें मिनट में सातवां गोल जाजो ने किया।

## श्रीमंत झा ने एशियन पैरा-आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में जीता कांस्य, शहीदों को किया समर्पित

नई दिल्ली। छत्तीसगढ़ के भिलाई निवासी और एशिया के नंबर-1 पैरा-आर्म रेसलर श्रीमंत झा ने एक बार फिर देश का नाम रोशन कर दिया है। दिल्ली में आयोजित एशियन पैरा-आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप 2025 में +85 किलोग्राम कैटेगरी में शानदार प्रदर्शन करते हुए उन्होंने शनिवार को कांस्य पदक अपने नाम किया। इस खास मौके पर श्रीमंत ने अपनी जीत भारत के शहीद जवानों को समर्पित की, जिससे देशवासियों की भावनाओं को गहराई से छू लिया। श्रीमंत झा अब तक 55 अंतरराष्ट्रीय पदक जीत चुके हैं। पदक जीतने के बाद उन्होंने कहा, 'हर एक मैच शहीदों के सम्मान के लिए खेलता हूं। ये मेरे लिए सिर्फ खेल नहीं, एक मिशन है।'' उन्होंने यह भी कहा कि उनकी नजर अब आगामी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट्स पर है और वे भारत को और गौरवान्वित करने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे।

## मो. अफजल ने तोड़ा पुरुषों के 800 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड, दुबई में रचा इतिहास

एजेंसी

दुबई। एशियाड सिल्वर मेडलिस्ट मोहम्मद अफजल ने शुक्रवार को दुबई में आयोजित यूएई एथलेटिक्स ग्रां प्री में पुरुषों के 800 मीटर दौड़ में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बना डाला। अफजल ने 1 मिनट 45.61 सेकंड में रेस पूरी कर 2018 में जिन्सन जॉनसन द्वारा बनाए गए 1:45.65 सेकंड के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। 29 वर्षीय अफजल ने यह कारनामा वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर के ब्रॉन्ज लेवल मुकाबले में किया, जो दुबई पुलिस स्टेडियम में आयोजित हुआ था। हालांकि वे रेस में केन्या के निकोलस किप्लागट से पीछे रह गए, जिन्होंने 1:45.38 सेकंड में रेस जीत ली। हालांकि अफजल ने नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड तो बनाया, लेकिन वह 2025 वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए ऑटोमैटिक क्वालिफिकेशन टाइम 1:44.50 सेकंड





को पार नहीं कर सके। इससे पहले उन्होंने 2023 हांगझो एशियन गेम्स में 800 मीटर में सिल्वर मेडल जीता था, जहां उनका समय 1:48.43 सेकंड था। दूसरी ओर, राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी अनिमेष कुजुर ने 200 मीटर दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए 20.45 सेकंड में जीत दर्ज की। कुजुर इससे पहले 2025 फ़ेडरेशन कप में 20.40 सेकंड का समय लेकर अमलान बोर्गोहेन का तीन साल पुराना रिकॉर्ड (20.52 सेकंड) तोड़ चुके हैं। इस प्रतियोगिता में बोर्गोहेन 21.08 सेकंड का समय लेकर पांचवें स्थान पर रहे।

## तीरंदाजी विश्व कप चरण 2-भारत ने टीम स्पर्धाओं में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीता

एजेंसी

शंघाई। भारतीय कंपाउंड तीरंदाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शनिवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप चरण 2 की टीम स्पर्धाओं में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीता। पदक दौड़ का मुख्य आकर्षण अभिषेक वर्मा, ओजस देवताले और ऋषभ यादव की पुरुष टीम द्वारा जीता गया स्वर्ण था, जिन्होंने एक तनावपूर्ण फाइनल में मैक्सिको को 232-228 से हराया। भारत ने पहले सेट में लगभग दोषरहित 59 अंकों के साथ 2 अंकों की बढ़त लेते हुए जोरदार शुरुआत की, जबकि मैक्सिको ने 57 अंक बनाए। दूसरे सेट में मैक्सिको ने 58 अंकों के साथ वापसी की, जबकि भारत ने 56 अंकों के साथ मैच को आधे चरण में 115-115 से बराबर कर दिया। तीसरे सेट में, भारत ने 58 अंकों के साथ फिर से बढ़त हासिल की, जबकि मैक्सिको ने 57 अंक बनाए, जिससे भारतीयों को 173-172 की मामूली बढ़त मिली। भारतीय तिकड़ी ने अंतिम समय में अपना धैर्य बनाए रखा और शानदार 59 अंक बनाकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि मैक्सिको केवल 56 अंक ही बना सका। महिलाओं के कंपाउंड फाइनल में ज्योति सुरेखा वेन्नम, मधुरा धामनगांवकर और चिकिथा तानिपार्थी की टीम को मजबूत मैक्सिकन टीम से 221-234 से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। यह एकतरफा मुकाबला था, लेकिन भारतीय महिलाओं ने पूरे टूर्नामेंट में अपना



दमखम दिखाया और पोडियम पर जगह बनाई। पदक तालिका में वर्मा और मधुरा की भारतीय मिश्रित टीम ने तीसरे स्थान के प्लेऑफ में मलेशिया को हराकर कांस्य पदक जीता। 24 वर्षीय मधुरा, जिन्होंने पहले कभी विश्व कप पदक नहीं जीता था, तीन साल बाद वापसी करते हुए प्रतियोगिता में अपनी दूसरी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। उनकी आखिरी उपस्थिति मेडेलिन में 2022 तीरंदाजी विश्व कप चरण 4 में थी। ये परिणाम विश्व मंच पर कंपाउंड तीरंदाजी में भारत की बढ़ती गहराई और निरंतरता को रेखांकित करते हैं। लॉस एंजिल्स 2028 में मिश्रित टीम श्रेणी में एकमात्र इवेंट की विशेषता वाले कंपाउंड तीरंदाजी के साथ ओलंपिक में पदार्पण करने के लिए तैयार, भारत इस मेगा स्पोर्टिंग शो में तीरंदाजी में अपना पहला पदक जीतने की कोशिश करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### नीरज चोपड़ा क्लासिक 2025 अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**नई दिल्ली।** 24 मई को बेंगलुरु के श्री कांतीरवा स्टेडियम में प्रस्तावित नीरज चोपड़ा क्लासिक 2025 को मौजूदा भारत-पाकिस्तान तनाव के मद्देनजर अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। आयोजकों ने शुक्रवार को यह घोषणा की। आयोजन समिति ने बताया कि यह निर्णय विचार-विमर्श और सभी पक्षों से बातचीत के बाद लिया गया है। खिलाड़ियों, साझेदारों और व्यापक समुदाय की सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई है। नीरज चोपड़ा क्लासिक की आयोजन समिति ने अपने बयान में कहा, ''हम खेल की एकता की शक्ति में विश्वास रखते हैं, लेकिन इस नाजुक समय में राष्ट्र के साथ खड़े रहना ज्यादा ज़रूरी है। हमारी पूरी श्रद्धा और भावनाएं इस समय हमारे सशस्त्र बलों के साथ हैं, जो देश की रक्षा में अग्रिम पंक्ति में डटे हुए हैं। यह प्रतियोगिता वर्ल्ड एथलेटिक्स गोल्ड लेबल मीट का हिस्सा है। आयोजन समिति ने बताया कि इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की नई तारीख की घोषणा जल्द की जाएगी।

### वीर अहलावत तुर्की में कट से चूके

**अंताल्या (तुर्की)।** भारतीय गोल्फर वीर अहलावत ने पहले दौर की तुलना में दूसरे दौर में अपने खेल में कुछ सुधार किया लेकिन यह पर्याप्त नहीं था और वह टर्किश एयरलाइंस ओपन में कट से चूक गए। पहले दौर ने चार ओवर 75 का कार्ड खेलने वाले अहलावत ने दूसरे दौर में दो ओवर 73 का स्कोर बनाया और इस तरह से कट हासिल करने में असफल रहे। लगभग छह सप्ताह के बाद वापसी करने वाले अहलावत ने दूसरे दौर में दो बर्डी, दो बोगी और एक डबल बोगी की और इस तरह से छह ओवर का कुल स्कोर बनाकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। फ्रांस के मार्टिन कूवरा दूसरे दौर के बाद दो शॉट की बढ़त लेकर शीर्ष पर थे।

### अदिति अशोक मिजुहो अमेरिका ओपन में कट में जगह बनाने में विफल रहीं

**जर्सी सिटी (अमेरिका)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक दूसरे राउंड में इवन पार स्कोर करने के बावजूद मिजुहो अमेरिका ओपन के कट में जगह बनाने में विफल रहीं। अदिति ने शुरुआती दौर में 77 का निराशाजनक कार्ड खेला था जिससे उनका कुल स्कार पांच ओवर 149 का रहा। अदिति आठवें और 10वें होल में बर्डी लगाने में सफल रही लेकिन 13वें और 18वें होल में बोगी कर तालिका में काफी नीचे चली गयी। इस प्रतियोगिता का कट एक अंडर का रहा।

### भारत के सप्तक तलवार स्पेन में संयुक्त 11वें स्थान पर

**गिरोना (स्पेन)।** भारत के सप्तक तलवार यहां चल रहे चैलेंज डी एस्पाना गोल्फ टूर्नामेंट में बोगी रहित दूसरे राउंड में पांच अंडर 66 का स्कोर बनाकर शीर्ष 10 में जगह बनाने के करीब पहुंच गए। पहले राउंड में दो अंडर 69 का स्कोर बनाने वाले तलवार अब सात अंडर 135 के कुल स्कोर के साथ संयुक्त 11वें स्थान पर हैं। वह 11-अंडर के साथ शीर्ष पर चल रहे ओलिवर गिलबर्ग (65-66) और लुइस मासावु (64-67) से चार शॉट पीछे हैं। भारत के 26 वर्षीय खिलाड़ी तलवार ने इस सत्र में अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने अभी तक जो पांच टूर्नामेंट खेले हैं उनमें से चार में वह कट में जगह बनाने में सफल रहे। इनमें हीरो इंडियन ओपन भी शामिल है।

### बिड़ला कॉरपोरेशन का शुद्ध लाभ मार्च तिमाही में 32.7 प्रतिशत बढ़कर 256.6 करोड़ रुपये पर

**नयी दिल्ली।** एमपी बिड़ला समूह की कंपनी बिड़ला कॉरपोरेशन का एकीकृत शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही के लिए 32.7 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 256.6 करोड़ रुपये रहा है। मुनाफ़े में यह वृद्धि सीमेंट कारोबार से अधिक बिक्री मात्रा और प्राप्ति के कारण है। वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 193.34 करोड़ रुपये रहा था। बिड़ला कॉरपोरेशन ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी परिचालन आय समीक्षाधीन तिमाही में छह प्रतिशत बढ़कर 2,814.91 करोड़ रुपये हो गई, जो 2023-24 की समान तिमाही में 2,654.44 करोड़ रुपये थी। मार्च तिमाही में बिड़ला कॉरपोरेशन का खर्च 3.4 प्रतिशत बढ़कर 2,496.57 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी की कुल आमदनी (अन्य आय मिलाकर) मार्च तिमाही में 6.82 प्रतिशत बढ़कर 2,863.14 करोड़ रुपये रही है। पिछले वित्त वर्ष (2024-25) के लिए कंपनी का शुद्ध लाभ 29.8 प्रतिशत घटकर 295.22 करोड़ रुपये रहा है, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 420.56 करोड़ रुपये था।

## 2031 संस्करण से 48 टीमों के साथ होगा महिला फीफा विश्व कप, फीफा ने दी मंजूरी

एजेंसी

नई दिल्ली। महिला फुटबॉल को वैश्विक स्तर पर और बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए फीफा ने शुक्रवार को घोषणा की कि 2031 से महिला विश्व कप में अब 32 के बजाय 48 टीमें हिस्सा लेंगी। फीफा परिषद ने वर्चुअल बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी। फीफा के अनुसार, 48 टीमों के इस नए फॉर्मेट में 12 ग्रुप बनाए जाएंगे और कुल मैचों की संख्या बढ़कर 104 हो जाएगी, जो पुरुष विश्व कप 2026 के समान है। टूर्नामेंट की अवधि भी एक सप्ताह तक बढ़ा दी जाएगी। फिलहाल 2027 महिला विश्व कप ब्राजील में आयोजित होगा, जिसमें 32 टीमें भाग लेंगी। 2023 में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में हुए विश्व कप में पहली बार 32 टीमों ने हिस्सा लिया था। फीफा अध्यक्ष





जियानी इन्फैन्टिनो ने कहा, ''यह सिर्फ 16 अतिरिक्त टीमों को जोड़ने की बात नहीं है, बल्कि महिला फुटबॉल के समग्र विकास की दिशा में अगला कदम है। इससे अधिक फीफा सदस्य देशों को महिला फुटबॉल के ढांचे को विकसित करने का अवसर मिलेगा। बताया जा रहा है कि अमेरिका 2031 महिला विश्व कप की मेज़बानी के लिए एकमात्र बोलीदाता है। अगर इसकी पुष्टि होती है तो यह तीसरी बार होगा जब अमेरिका इस टूर्नामेंट की मेज़बानी करेगा। इससे पहले वह 1999 और 2003 में यह कर चुका है। वहीं, 2035 विश्व कप की मेज़बानी के लिए अकेले यूनाइटेड किंगडम ने बोली लगाई है। हालांकि दोनों टूर्नामेंट की मेज़बानी पर अंतिम फैसला अभी नहीं हुआ है। 48 टीमों के शामिल होने से संभावित एकतरफा मैचों की आशंका को लेकर भी इन्फैन्टिनो ने सफाई दी। उन्होंने कहा, ''2023 विश्व कप ने दिखाया कि सभी कॉन्फ़ेडरेशन की टीमें अब प्रतिस्पर्धी बन चुकी हैं। पहली बार सभी कॉन्फ़ेडरेशन की टीमों ने कम से कम एक मैच जीता और पांच कॉन्फ़ेडरेशन की टीमें नॉकआउट चरण में पहुंचीं। फीफा का मानना है कि यह फैसला महिला फुटबॉल को विश्व स्तर पर नई ऊंचाइयों तक ले जाने में मददगार होगा।

## गूगल क्लाउड के लिए भारत सबसे तेजी से बढ़ते, रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बाजारों में से एक: एमडी बेदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। गूगल क्लाउड के उपाध्यक्ष और भारत में प्रबंध निदेशक (एमडी) बिक्रम सिंह बेदी ने कहा है कि एक विशाल उपभोक्ता बाजार और वैश्विक अर्थव्यवस्था के रूप में भारत की भूमिका इसे कंपनी के लिए सबसे तेजी से बढ़ते और रणनीतिक रूप से सबसे महत्वपूर्ण बाजारों में से एक बनाती है। बेदी ने कहा, हम भारत को दो आयामों वाले बाजार के रूप में देखते हैं। पहला आयाम उस पैमाने से जुड़ा है जिस पर हम काम करते हैं आपको इस पैमाने पर बहुत ज़्यादा देश नहीं मिलेंगे। उन्होंने कहा, भारत का एक दूसरा आयाम भी है एक निर्माता अर्थव्यवस्था के रूप में भारत विश्व के लिए निर्माण करता है, और गूगल क्लाउड में हम विश्व के लिए निर्माण करने के लिए कई कंपनियों के साथ मिलकर काम करते हैं। यह (भारत) स्पष्ट रूप से हमारे लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण बाजार है और गूगल क्लाउड के लिए सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक है। गूगल क्लाउड भारत में दो क्लाउड क्षेत्रों मुंबई और दिल्ली का संचालन करता है। दोनों को इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा प्रमाणित किया गया है। ये वित्तीय सेवाओं, स्वास्थ्य सेवा, ई-कॉमर्स और दूरसंचार सहित विभिन्न क्षेत्रों के ग्राहकों की एक विविध श्रेणी का समर्थन करते हैं। इसने भारत में लैंडिंग के साथ उप-सागरीय केबल परियोजनाओं में भी निवेश किया है, जिसमें रमन, मिस्ट और आईएएक्स शामिल हैं। भारत में गूगल क्लाउड की सेवा लेने वालों में एचडीएफसी समूह, आईसीआईसीआई बैंक, अपोलो 24/7, मणिपाल हॉस्पिटल्स, फ्लिपकार्ट, मीशो, अदाणी समूह, जियो और एयरटेल जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं।

## अमेरिका, चीन के अधिकारी शुल्क पर चर्चा के लिए जिनेवा में मिलेंगे

एजेंसी

जिनेवा। अमेरिका के वित्त मंत्री और अमेरिका के शीर्ष व्यापार वार्ताकार शुल्क पर चर्चा के लिए इस सप्ताहांत स्विट्जरलैंड में उच्च पदस्थ चीनी अधिकारियों से मिलेंगे। इस बातचीत का मकसद दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार को नुकसान पहुंचाने वाले विवाद को कम करना है। अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमीसन ग्रीर जिनेवा में चीन के अपने समकक्षों से मिलेंगे। आयात पर उच्च शुल्क लगाने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फैसले के बाद चीन ने भी जवाबी कदम उठाए और दोनों देशों के बीच व्यापार युद्ध जैसी स्थिति बन गई। ट्रंप के शुल्क लगाने के बाद अप्रैल में चीन ने भी जवाब में अमेरिका पर शुल्क लगाने की घोषणा की थी। अब चीन के खिलाफ अमेरिका का शुल्क 145 प्रतिशत है जबकि अमेरिका पर चीन ने 125 प्रतिशत शुल्क लगा रखा है। इससे पहले चीन ने कहा था कि वह शुल्क कम करने के लिए वार्ता संबंधी अमेरिकी प्रस्तावों पर विचार कर रहा है। यह कदम संभवतः दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच शुल्क युद्ध को कम कर सकता है। इसबीच ट्रंप ने शुक्रवार को चीन पर लगे ऊंचे सीमा शुल्क को घटाकर 80 प्रतिशत करने का प्रस्ताव रखा। इसे दोनों देशों के बीच छिड़े व्यापार युद्ध को शांत करने वाले कदम के रूप में देखा जा रहा है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया खाते पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा, चीन पर 80 प्रतिशत का सीमा शुल्क सही लगता है! इसके साथ ही ट्रंप ने चीन से अपने बाजार को अमेरिकी उत्पादों के लिए खोलने का अनुरोध भी किया। उन्होंने कहा, 'ऐसा करना उनके लिए काफी अच्छा होगा। बंद बाजार अब काम नहीं करते हैं।

## एएआई ने उत्तरी व पश्चिमी क्षेत्र के 32 हवाई अड्डों पर नागरिक उड़ान परिचालन अस्थायी रूप से निलंबित किया

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के मद्देनजर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने उत्तरी और पश्चिमी क्षेत्र के 32 हवाई अड्डों पर नागरिक उड़ान परिचालन अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। इसके अलावा नई दिल्ली और मुंबई उड़ान सूचना क्षेत्रों (एफआईआर) के भीतर हवाई यातायात सेवा (एटीएस) मार्गों के 25 खंडों के अस्थायी रूप से बंद रहने की अवधि को बढ़ा दिया गया है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में बताया कि एएआई ने उत्तरी और पश्चिमी क्षेत्र के 32 हवाई अड्डों पर नागरिक उड़ान परिचालन अस्थायी रूप से निलंबित किया है। परिचालन कारणों से इन हवाई अड्डों पर सभी नागरिक उड़ान संचालन 9 से 14 मई, 2025 तक निलंबित रहेंगे, जो

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

(15 मई 2025 को 0529 आईएसटी के अनुरूप है)। इसके अलावा एएआई ने दिल्ली और मुंबई उड़ान सूचना क्षेत्रों के भीतर एयर ट्रैफ़िक सेवा मार्गों के 25 खंड अस्थायी रूप से बंद किया है। ये 25 मार्ग खंड जमीनी स्तर से असीमित ऊंचाई तक सुलभ नहीं होंगे। देश के जिन 32 हवाई अड्डों को सभी तरह के नागरिक उड़ान संचालन के लिए अस्थायी रूप से बंद किया गया है, उनमें अधमपुर, अंबाला, अमृतसर, अवंतीपुर, बठिंडा, भुज, बीकानेर, चंडीगढ़, हलवारा, हिंडन, जैसलमेर, जम्मू, जामनगर, जोधपुर, कांडला, कांगड़ा, केशोद, किशनगढ़, कुल्लू मनाली, लेह, लुधियाना, मुंद्रा, नलिया, पठानकोट, पटियाला, पोरबंदर, राजकोट, सरसावा, शिमला, श्रीनगर, थोइस और उत्तरलाई शामिल है। मंत्रालय ने कहा कि इस अवधि के दौरान इन हवाई अड्डों पर सभी नागरिक उड़ान गतिविधियां बंद रहेंगी। वहीं, एयरलाइंस और फ्लाइट ऑपरेटरों को मौजूदा हवाई यातायात परामर्श के अनुसार वैकल्पिक रूटिंग की योजना बनाने की सलाह दी गई है। साथ ही सुरक्षा सुनिश्चित करने और व्यवधान को कम करने के लिए संबंधित एटीसी इकाइयों के समन्वय में अस्थायी बंद का प्रबंधन किया जा रहा है।

# स्त्री-पुरुष लिंगानुपात 899 से बढ़कर 913 पर

एजेंसी



नयी दिल्ली। केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत और अन्य स्वास्थ्य योजनाओं तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के कारण मातृ मृत्यु दर तथा शिशु मृत्यु दर वैश्विक औसत से बेहतर हो गयी है और देश में वर्ष 2021 तक लिंगानुपात 899 से बढ़कर 913 हो गया है।

भारतीय महापंजीयक (आरजीआई) की नमूना पंजीकरण प्रणाली (एसआरएस) रिपोर्ट वर्ष 2021 के अनुसार भारत में प्रमुख मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संकेतकों में उल्लेखनीय सुधार हो रहा है। देश के मातृ मृत्यु अनुपात (एमएमआर) में उल्लेखनीय कमी आई है। यह 2014-16 में प्रति लाख जन्मों पर 130 से 37 अंक घटकर 2019-21 में 93 हो गई है।देश की शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) 2014 में प्रति 1000 जन्मों पर 39 से घटकर 2021 में प्रति 1000 जन्मों पर 27 हो गई है। नवजात मृत्यु दर (एनएमआर) 2014 में प्रति 1000 जन्मों पर 26 से घटकर 2021 में प्रति 1000 जन्मों पर 19 हो गई है। पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर (यू5एमआर) 2014 में प्रति 1000 जन्मों पर 45 से घटकर 2021 में प्रति 1000 जन्मों पर 31 हो गई है। जन्म के समय लिंग अनुपात 2014 में 899 से सुधरकर 2021 में 913 हो गया है। कुल प्रजनन दर 2021 में 2.0 पर स्थिर है, जो 2014 में 2.3 से उल्लेखनीय सुधार है। यह रिपोर्ट शनिवार को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने यहां जारी की।

रिपोर्ट के अनुसार, आठ राज्य पहले ही एमएमआर का एसडीजी लक्ष्य प्राप्त कर चुके हैं। ये केरल (20), महाराष्ट्र (38), तेलंगाना (45), आंध्र प्रदेश (46), तमिलनाडु (49), झारखंड (51), गुजरात (53) और कर्नाटक (63) शामिल हैं। बारह राज्य और केंद्र शासित प्रदेश पहले ही यू5एमआर का एसडीजी लक्ष्य प्राप्त कर चुके हैं। इनमें केरल (8), दिल्ली (14), तमिलनाडु (14), जम्मू कश्मीर (16), महाराष्ट्र (16), पश्चिम बंगाल (20), कर्नाटक (21), पंजाब (22), तेलंगाना (22), हिमाचल प्रदेश (23), आंध्र प्रदेश (24) और गुजरात (24) हैं। इनके अलावा छह राज्य केरल (4), दिल्ली (8), तमिलनाडु (9), महाराष्ट्र (11), जम्मू और कश्मीर (12) और हिमाचल प्रदेश (12)एनएमआर का एसडीजी लक्ष्य प्राप्त कर चुके हैं। इसके अलावा, मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में भारत की प्रगति वैश्विक औसत से अधिक है।

संयुक्त राष्ट्र अंतर-एजेंसी बाल मृत्यु दर आकलन समूह की रिपोर्ट 2024 के अनुसार भारत में बाल मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी आई है। भारत बाल मृत्यु दर में कमी लाने वाले शीर्ष प्रदर्शन करने वाले देशों में से एक है। भारत में 1990 से 2023 तक पिछले 33 वर्षों में पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर में 78 प्रतिशत की कमी आई है जबकि वैश्विक स्तर पर 61 प्रतिशत की कमी आई है। नवजात शिशु मृत्यु दर में वैश्विक स्तर पर 54 प्रतिशत की तुलना में 70 प्रतिशत की कमी आई है और शिशु मृत्यु दर में वैश्विक स्तर पर 58 प्रतिशत की तुलना में 71 प्रतिशत की कमी आई है।

# 'किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है जम्मू-कश्मीर सरकार'

एजेंसी



जम्मू। जम्मू-कश्मीर सरकार ने पाकिस्तान की ओर से बढ़ते हमले के प्रयासों के बीच शनिवार को प्रदेश के लोगों से चिंता नहीं करने की अपील करते हुए कहा कि महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा बनाये रखने के लिए सभी आवश्यक उपाय किये जा रहे हैं तथा ड्रोन और मिसाइल हमलों से उत्पन्न किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी है।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया है, आम जनता से अनुरोध है कि वे शांत रहें और घबरायें नहीं। कृपया राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) और सरकार की ओर से जारी मानक संचालन प्रक्रियाओं का पालन करें। इसमें कहा गया है कि सोशल मीडिया पर प्रसारित गलत सूचना और असत्यापित दावे अनावश्यक रूप से घबराहट पैदा कर सकते हैं। स्थानीय लोगों को अफवाहों में शामिल होने या उन्हें फैलाने से बचने की सख्त सलाह दी गयी है और कहा गया है कि सटीक जानकारी के लिए केवल विश्वसनीय समाचार चैनलों और सरकारी संचार पर ही भरोसा करें। बयान में कहा गया है कि सरकार किसी भी तरह की आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है और स्थिति पर लगातार नजर रख रही है। साथ ही,स्वास्थ्य विभाग ने अपने आपातकालीन प्रोटोकॉल को पूरी तरह सक्रिय कर दिया है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस दौरान शांति और अनुशासन बनाये रखने में जनता का सहयोग बहुत जरूरी है। सरकार के प्रवक्ता ने कहा कि आम जनता और खास तौर पर मीडियाकर्मियों से अनुरोध है कि वे जानकारी साझा करने में जिम्मेदारी बरतें और सरकार की ओर से जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। अपडेट केवल आधिकारिक सरकारी चैनलों के जरिये ही साझा किये जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार हर नागरिक की सुरक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है और इस कठिन समय में अपने लोगों के साथ खड़ी है। सतर्क रहें, जानकारी रखें और अपने महान राष्ट्र की सुरक्षा और स्थिरता को बनाये रखने के लिए मिलकर काम करें।

# जम्मू-कश्मीर समेत उत्तर-पश्चिमी इलाकों में स्थित तकनीकी और वैज्ञानिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा बढ़ाई जाएगी: डॉ जितेंद्र

एजेंसी



नई दिल्ली। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर, पंजाब, चंडीगढ़ और राजस्थान तथा गुजरात के उत्तर-पश्चिमी इलाकों में स्थित तकनीकी और वैज्ञानिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा बढ़ाई जाएगी। इसके अलावा, श्रीनगर और लेह में महत्वपूर्ण आईएमडी प्रतिष्ठानों की सुरक्षा बढ़ाई जाएगी।

शनिवार को मौजूदा सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर देशभर में तकनीकी और वैज्ञानिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों और वैज्ञानिक एवं तकनीकी विभागों के प्रमुख मौजूद रहे।

डॉ जितेंद्र सिंह ने विशेष रूप से सीएसआईआर-भारतीय एकीकृत चिकित्सा संस्थान (आईआईआईएम), जम्मू; सीएसआईआर-केंद्रीय वैज्ञानिक उपकरण संगठन (सीएसआईओ), चंडीगढ़; सीएसआईआर-केंद्रीय चमड़ा अनुसंधान संस्थान (सीएलआरआई), जालंधर; सीएसआईआर-सूक्ष्मजीव प्रौद्योगिकी संस्थान (आईएमटेक), चंडीगढ़; डीबीटी-बायोटेक अनुसंधान नवाचार परिषद (ब्रिक) - राष्ट्रीय कृषि-खाद्य और जैव विनिर्माण संस्थान (एनएबीआई), मोहाली; श्रीनगर और अन्य प्रमुख क्षेत्रों में भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) प्रतिष्ठान; लद्दाख और आसपास के क्षेत्रों में पृथ्वी विज्ञान अनुसंधान स्टेशनों की तैयारियों और सुरक्षा तंत्र की समीक्षा की।

डॉ जितेंद्र सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि वैज्ञानिक सुविधाएं, विशेष रूप से वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी), भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तहत आने वाली सुविधाएं राष्ट्रीय बुनियादी ढांचे के प्रमुख स्तंभ हैं। उन्होंने सभी वैज्ञानिक संस्थानों को मौजूदा स्थिति के मद्देनजर अपने मौजूदा सुरक्षा प्रोटोकॉल की समीक्षा करने और उसे बढ़ाने का निर्देश दिया गया है।

# स्थायी कमिशन पर कोर्ट के फैसले से बढेगा महिला अधिकारियों का मनोबल : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने सेना में महिलाओं के स्थायी कमीशन पर उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए शनिवार को कहा कि देश के वर्तमान माहौल को देखते हुए यह फैसला महिला अधिकारियों का मनोबल बढ़ाएगा।

विंग कमांडर सेवानिवृत्त अनुमा आचार्य ने आज यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा सेना की महिला अधिकारियों के स्थायी कमीशन को लेकर उच्चतम न्यायालय का शुक्रवार को एक निर्णय आया है जो बहुत राहत देने वाला है और आज जो देश का माहौल है, उसमें इस फैसले से महिला अधिकारियों का मनोबल बढ़ाता है। वर्तमान में देश की जो स्थिति है, उसमें सेनाओं के प्रति हम अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं और उनके शौर्य और साहस को सलाम करते हैं। उन्होंने कहा, अब उच्चतम न्यायालय का निर्णय आया है कि महिला अधिकारियों को तब तक बहाल रखा जाए, जब तक अगली सुनवाई अगस्त में नहीं होती। हम सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का स्वागत करते हैं और हम देश की सेनाओं के साथ खड़ें हैं। हम हर सैन्यकर्मी के शौर्य को हमारा सलाम है। पूर्व सेना अधिकारी ने कहा, नौ मई को उच्चतम न्यायालय ने शॉर्ट सर्विस कमीशन महिला अधिकारियों की याचिका पर अगली सुनवाई तक उनकी सेवाएं बहाल करने के निर्देश दिये हैं। न्यायालय ने कहा कि ऐसे समय में महिला अधिकारियों का मनोबल बढ़ा रहना चाहिए। हमारी महिला अधिकारी प्रतिभाशाली हैं। इस पर केंद्र सरकार की तरफ से कहा गया था कि हर वर्ष केवल 250 शॉर्ट सर्विस कमीशन अधिकारियों को ही परमानेंट कमीशन दिया जा सकता है। सेना में अधिकारियों का युवा काडर होना बहुत जरूरी है। इस पर उच्चतम न्यायायल ने कहा कि जो अनुभवी महिला अधिकारी हैं, वे भी युवा सैनिकों के मार्गदर्शन और मानसिक संबल के लिए बहुत आवश्यक हैं। न्यायालय का यह फैसला महिला अधिकारियों के लिए उम्मीद की किरण है। उन्होंने कहा, मैं ख़ुद इस केस की एक लाभार्थी रही हूं। साल 1992 में पहली बार महिला अधिकारियों की एंट्री शुरू हुई और वायु सेना ने रक्षा मंत्रालय की तरफ से एक सर्कुलर 25 नवंबर 1991 को जारी कर कहा था कि एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में महिला अधिकारियों को लिया जाएगा। अगर प्रयोग सफल होता है, तो आने वाले छह साल के लिए उन्हें सेवा विस्तार दिया जाएगा। फिर 11 वर्ष बाद महिला अधिकारियों से पूछा जाएगा कि क्या वे पेंशन वाली सेवा में शामिल होना चाहती हैं। साल 1999 से 2004 के बीच में जब बाकी सरकारी नौकरियों में ओपीएस खत्म हुआ तो उसी समय महिला अधिकारियों की पेंशन के लिए विकल्प देने की बात थी, वो भी खत्म हुआ। आगे चल कर 2007 में विंग कमांडर अनुपमा जोशी और स्कॉर्डन लीडर रुखसान हक ने पहले यह केस कोर्ट में दायर किया। बाद में थल सेना की भी महिला अधिकारियों ने इस मामले को आगे बढ़ाया और 2009 आते-आते सारे केस क्लब करते हुए 14 दिसंबर 2009 को दिल्ली की हाई कोर्ट ने यह केस फैसले के लिए सुरक्षित कर लिया गया। बारह मार्च 2010 को कोर्ट का महिला अधिकारियों के पक्ष में फैसला आया और वायु सेना की महिला अधिकारियों के मामले में रक्षा मंत्रालय का एक नीतिगत पत्र जारी हुआ तो मेरे जैसी 23 महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन मिल गया।

## विश्व की सबसे बड़ी ग्राउण्ड वॉटर रिचार्ज 'ताप्ती बेसिन मेगा परियोजना' के लिए मप्र और महाराष्ट्र के बीच हुआ एमओयू

**भोपाल।** विश्व की सबसे बड़ी ग्राउंड वॉटर रिचार्ज परियोजनाओं में शामिल 'ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज परियोजना' के लिए शनिवार को मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र की सरकारों के बीच ऐतिहासिक एमओयू हस्ताक्षर हुए। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की उपस्थिति में राजधानी भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में इस एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। यह एमओयू मप्र-महाराष्ट्र अंतरराज्यीय नियंत्रण मंडल की 28वीं बैठक में हुआ। दोनों राज्यों ने ताप्ती बेसिन परियोजना को लेकर हुआ करार भूजल संरक्षण और वर्षा जल संचयन के क्षेत्र में एक मील का पत्थर माना जा रहा है। यह परियोजना जल प्रबंधन की दिशा में दो राज्यों की साझी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने ताप्ती बेसिन परियोजना पर एमपी-महाराष्ट्र समझौते के दौरान कहा कि 25 साल बाद दोनों राज्यों की बोर्ड बैठक हुई है। पिछली बैठक साल 2000 में हुई थी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के आने के बाद ही राज्यों के बीच जल समझौते दोबारा शुरू हुए हैं, जिससे न सिर्फ परियोजनाएं आगे बढ़ीं, बल्कि जल संकट से निपटने के प्रयास भी तेज हुए। उन्होंने कहा कि ताप्ती बेसिन परियोजना से मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र, दोनों राज्यों को बड़ा फायदा मिलेगा। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र के अकोला, अमरावती सहित तीन जिलों में जहां खारा पानी है, वहां अब स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि अब दोनों राज्यों के मुख्यमंत्री केंद्र सरकार से इस परियोजना के लिए 'केंद्रित योजना' की तर्ज पर विशेष सहयोग का आग्रह करेंगे। उन्होंने ताप्ती बेसिन परियोजना पर एमओयू साइन करने के साथ ही बैठक में कुछ अन्य अहम मुद्दों पर भी चर्चा हुई। जामघाट परियोजना पर वर्ष 1998 में बातचीत शुरू हुई थी और अब वर्षों बाद फिर से इस परियोजना पर चर्चा की गई है। अक्टूबर में मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के जल बोर्ड की अगली बैठक प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में विभिन्न क्षेत्रों में समन्वय के साथ काम कर विकास को गति दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि ताप्ती बेसिन परियोजना के साथ ही दोनों राज्यों के बीच एक नए अध्याय की शुरुआत हो रही है। मध्य प्रदेश नदियों का मायका है। यहां 247 नदियां बहती हैं और अब गोदावरी और ताप्ती से जुड़े प्रोजेक्ट्स पर मिलकर काम किया।

## ईडी ने ज्ञानराधा मल्टीस्टेट को-ऑपरेटिव सोसाइटी की 188.41 करोड़ की सम्पत्ति की कुर्क

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मुंबई जोनल कार्यालय ने ज्ञानराधा मल्टीस्टेट को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड (डीएमसीएसएल) और सुरेश कुटे तथा अन्य के विरुद्ध एक मामले में लगभग 188.41 करोड़ रुपये मूल्य की अचल और चल संपत्तियां कुर्क की हैं। ईडी ने शनिवार को बताया कि यह कार्रवाई नौ मई को की गयी । इन सम्पत्तियों को अभी अस्थायी तौर पर कुर्क किया गया है। अपराध के धन के शोधन के मामलों का पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत जांच की गयी इस कार्रवाई में कुर्क डीएमसीएसएल की सम्पत्तियों में महाराष्ट्र के बीड जिले में स्थित कुटे ग्रुप ऑफ कंपनीज की विभिन्न संस्थाओं की भूमि, भवन, संयंत्र और मशीनरी शामिल हैं। इस मामले में अब तक कुल लगभग1621.89 करोड़ रुपये की सम्पत्तियां जब्त की जा चुकी हैं।इससे पहले, ईडी ने इस मामले में नौ अगस्त 2024, 20 सितंबर 2024 और 14 अक्टूबर 2024 को तलाशी अभियान चलाए थे। इन अभियानों में 24 सितंबर 2024 को 85.88 करोड़ रुपये, नौ अक्टूबर 2024 को 1,002.79 करोड़ रुपये की और पांच नवंबर 2024 को 333.82 करोड़ रुपये की संपत्तियों की अनंतिम कुर्की आदेश जारी किए थे।

## पटनायक ने की आतंकवाद के खिलाफ भारत के अडिग रुख की सराहना

**नयी दिल्ली।** बीजू जनता दल (बीजद) अध्यक्ष एवं ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के फैसले का स्वागत करते हुए आतंकवाद के खिलाफ भारत के अडिग रुख की सराहना की है। श्री पटनायक ने शनिवार को सोश मीडिया मंच एक्स पर लिखा,ळ्भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम की घोषणा का स्वागत करते हुए आतंकवाद के खिलाफ भारत के अडिग रुख की सराहना करें। भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों और आतंकवाद को समर्थन देने वाले बुनियादी ढांचे को नष्ट करने में शानदार काम किया है। हमारे सशस्त्र बलों को बधाई। जय हिंद।

# सीमावर्ती जिलों के किसानों की खेती एवं उपलब्ध खाद-बीज पर शिवराज ने की अहम समीक्षा बैठक

एजेंसी



नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को गुजरात, राजस्थान, पंजाब और जम्मू-कश्मीर राज्यों के सीमावर्ती जिलों के किसानों की खेती एवं उनके लिए उपलब्ध खाद-बीज और अन्य संसाधनों के संबंध में समीक्षा की। समीक्षा बैठक में शिवराज सिंह ने इन जिलों के किसानों के कृषि संबंधी कार्यों की समुचित व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस बैठक में शिवराज सिंह ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्र के हर राज्य के किसान चाहें वो पंजाब के हों, राजस्थान के हों, जम्मू-कश्मीर के हों, अन्य प्रांतों के हों, उनकी खेती सुरक्षित रखना मंत्रालय की जिम्मेदारी है।

शिवराज सिंह ने आला अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि अभी की परिस्थितियों में सीमावर्ती राज्यों के किसानों को हर प्रकार विशेषकर खरीफ की फसल के लिए, प्लांटिंग मटेरियल की आवश्यकता का आंकलन कर उन्हें तुरंत राहत पहुंचाएं। यूरिया जैसे पेट्रोकेमिकल आधारित इनपुट्स और डीजल की आपूर्ति की समीक्षा की जाएगी, हालांकि देश में इनकी अभी कोई कमी नहीं है। आवश्यक वस्तुओं की बफर स्टॉक की उपलब्धता और अन्य उठाए गए मुद्दों की भी समीक्षा की जाएगी। संबंधित मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों से बात करके यह जाना जाएगा कि उन्हें कृषि या ग्रामीण विकास विभाग से किस प्रकार का सहयोग चाहिए।

शिवराज सिंह ने अधिकारियों से कहा है कि सीमा के 10-15 किलोमीटर की पट्टी में आने वाले गांवों की पहचान करें और वहां कितनी खेती योग्य जमीन है, इसका आकलन किया जाए। इन गांवों में खरीफ की कौन-कौन सी फसलें बोई जाती हैं, इसका डेटा पंजाब, हरियाणा, गुजरात, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश के लिए जुटाएं और जिन किसानों की खेतों तक पहुंच नहीं है, उनकी मदद कैसे की जाए, इसकी योजना राज्य सरकारों के साथ मिलकर बनाएं। खरीफ की बोनी प्रभावित न हो, इसके लिए किसानों से संपर्क कर उनकी सहायता की जाएगी। बैठक में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने अधिकारियों से कहा कि विस्थापित किसान की संख्या जुटा कर उन्हें सहायता दी जाए।

# पेज एक का शेष

## पाकिस्तानी रक्षा...

सरगोधा और भोलारी को भारी नुकसान हुआ है। इसके अलावा, एडी हथियार प्रणाली और रडार के नुकसान ने पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र की सुरक्षा को अस्थिर बना दिया है। विंग कमांडर सिंह ने कहा कि नियंत्रण रेखा के पार, सैन्य बुनियादी ढांचे, कमांड कंट्रोल सेंटर और लॉजिस्टिक प्रतिष्ठानों को व्यापक और सटीक नुकसान पहुँचा है, इसके अलावा, दो सैन्य कर्मियों की मौत ने इसकी रक्षात्मक और आक्रामक क्षमता और पाकिस्तानी मनोबल को पूरी तरह से तोड़ दिया है। कमोडोर रघु आर नायर ने कहा, ळ्हम भारतीय सेना, भारतीय नौसेना और भारतीय वायु सेना के बीच बनी सहमति का पालन करेंगे, हम मातृभूमि की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के लिए पूरी तरह से तैयार और सतर्क और प्रतिबद्ध हैं। पाकिस्तान के हर दुस्साहस का जवाब ताकत से दिया गया है। भविष्य में हर उकसावा एक निर्णायक जवाब को आमंत्रित करेगा। हम राष्ट्र की रक्षा के लिए जो भी कार्रवाई आवश्यक हो उसे शुरू करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए कोई शर्त नहीं लगायी गयी है और यह सहमति बिना किसी पूर्व या बाद की शर्तों के हुई है। सूत्रों ने कहा कि सिंधु जल संधि स्थगित रहेगी, अटारी-वाघा सीमा चौकी बंद रहेगी, नागरिकों की आवाजाही सहित अन्य सभी पाबंदियां भी लागू रहेंगी। उन्होंने कहा कि आतंकवाद पर भारत का दृष्टिकोण पहले जैसा ही है और उसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देशों के बीच किसी तीसरे पक्ष के साथ कहीं तीसरी जगह पर बातचीत की भी कोई शर्त नहीं रखी गयी है।

## सात मई के ऑपरेशन...

मोहम्मद यूसुफ अजहर उर्फ उस्ताद जी उर्फ मोहम्मद सलीम उर्फ घोसी साहब है। यह भी मौलाना मसूद अजहर का साला और जैश-ए-मोहम्मद के लिए हथियारों के प्रशिक्षण का काम देखता था। यह जम्मू-कश्मीर में कई आतंकवादी हमलों में शामिल था। इस आतंकवादी की कंधार विमान अपहरण मामले में भी तलाश थी। हमलों में मारा जाने वाला चौथा आतंकवादी लश्कर-ए-तैयबा का खालिद उर्फ अबू अकाशा था जो जम्मू-कश्मीर में कई आतंकवादी हमलों में शामिल था। यह अफगानिस्तान से हथियारों की तस्करी में शामिल था। इसका अंतिम संस्कार फ़ैसलाबाद में किया गया। इसमें पाकिस्तानी सेना के वरिष्ठ अधिकारी और फ़ैसलाबाद के डिप्टी कमिश्नर शामिल हुए। पांचवां आतंकवादी जैश-ए-मोहम्मद का मोहम्मद हसन खान था। वह मुफ़्ती असगर खान कश्मीरी का बेटा था जो पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में जैश का ऑपरेशनल कमांडर था। इसने जम्मू और कश्मीर में आतंकवादी हमलों के समन्वय में अहम भूमिका निभाई।

## सरकारी माध्यमिक...

10 रुपये प्रति महीने था और अब यह 25 रुपये होगा। ऐसे ही क्रीड़ा शुल्क को पांच रुपये से बढ़ाकर 20 रुपये और रेडक्रास शुल्क को एक रुपये से बढ़ाकर 10 रुपये प्रति महीने किया गया है। माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से शुल्क में बढ़ोत्तरी को तत्काल प्रभाव से लागू किए जाने के निर्देश सभी शिक्षण संस्थानों को निर्देश दिए गए हैं। फिलहाल फीस बढ़ोत्तरी से सरकारी माध्यमिक स्कूलों को बड़ी राहत मिलेगी। विद्यालयों में छात्रों के लिए सुविधाएं बढ़ाई जा सकेंगी। उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ (चंदेल गुट) के प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी कहते हैं कि सरकारी स्कूलों में 15 साल बाद फीस बढ़ोतरी होने से बड़ी राहत मिलेगी। छात्रों के लिए सुविधाएं बढ़ाई जा सकेंगी। वहीं उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेशीय उपाध्यक्ष डा. आरपी मिश्रा ने फीस बढ़ोत्तरी के साथ ही सरकारी अनुदान भी बढ़ाने की मांग की है। कक्षा नौ व हाईस्कूल की फीस शुल्क का मद देय अवधि वर्तमान शुल्क (रुपये में) अब शुल्क (रुपये में) विकास मासिक 10 25 क्रीड़ा मासिक 5 10 विज्ञान मासिक 5 20 स्काउटिंग मासिक 210 रेडक्रास मासिक 110 पंखा वार्षिक 10 30 निर्धन शुल्क वार्षिक 10 20 जलपान वार्षिक 10 20 वाचनालय वार्षिक 12 25 श्रव्य दृश्य वार्षिक 2 10 कला वार्षिक 2 10 पत्रिका वार्षिक 20 30 प्रगति पत्र वार्षिक 5 10 पुनः प्रवेश वार्षिक 10 20 छात्र पंजीकरण वार्षिक 10 20 विलंब दंड प्रत्येक बार 110 अनुपस्थित दंड प्रत्येक बार 1 10 गृह परीक्षा वार्षिक 25 35 कक्षा 11 व इंटरमीडिएट की फीस शुल्क का मद देय अवधि वर्तमान शुल्क (रुपये में) अब शुल्क (रुपये में) विकास मासिक 15 35 क्रीड़ा मासिक 5 10 विज्ञान मासिक 5 20 स्काउटिंग मासिक 210 रेडक्रास मासिक 1 10 पंखा वार्षिक 20 30 निर्धन शुल्क वार्षिक 10 20 जलपान वार्षिक 10 20 वाचनालय वार्षिक 12 25 श्रव्य दृश्य वार्षिक 210 कला वार्षिक पत्रिका वार्षिक 20 30 प्रगति पत्र वार्षिक 5 10 पुनः प्रवेश वार्षिक 10 20 छात्र पंजीकरण वार्षिक 10 20 विलंब दंड प्रत्येक बार 110 अनुपस्थित दंड प्रत्येक बार 1 10 गृह परीक्षा वार्षिक 25 50 शामिल है।

## शिक्षा केवल अच्छे अंकों ...

दिवस हो या गणतंत्र दिवस) में अग्रणी भूमिका निभाता है। सीएमएस के बच्चे जब विधान भवन के सामने झांकियों में भाग लेते हैं, तब उनके पीछे डॉक्टर भारती गांधी का उत्साह देखने को मिलता है। इस उम्र में भी वे जिस समर्पण और ऊर्जा से कार्य कर रही हैं, वह अनुकरणीय है। मुख्यमंत्री ने छात्रों की प्रस्तुति 'आदि योगी' नाट्य मंचन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां बच्चों को इतिहास, परंपरा और मूल्यों से जोड़ती हैं। उन्होंने इस मंचन को महाकुंभ की ओर बढ़ते भारत के सांस्कृतिक स्वरूप से जोड़ते हुए कहा कि हमारी पौराणिक कथाएं केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि जीवन के मूल्य सिखाने का माध्यम है। आज की पीढ़ी को अपने अतीत से जोड़ने के लिए ऐसे प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं। कार्यक्रम में सीएमएस की संस्थापिका डॉक्टर भारती गांधी, सीएमएस की प्रबंधक प्रो. गीता गांधी, सीएमएस की प्रेसिडेंट डॉ. रोजर किंगडम, कोषाध्यक्ष विनय गांधी, पूर्व डीजीपी विक्रम सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल आदि मौजूद रहे।

## उत्तर प्रदेश के आठ...

है। सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान से कुल 11,13,783 बच्चों को लाभ मिलने की उम्मीद है, जिसका प्रस्तावित बजट 254.83 करोड़ रुपये है, जो प्रति बच्चा प्रति दिन 44 रुपये है। उन्होंने कहा ळ्र योगी सरकार ने अधिकतम प्रभाव सुनिश्चित करने के लिए अभियान के त्वरित कार्यान्वयन और करीबी निगरानी के महत्व को रेखांकित किया है। परिणामों को मापने और वास्तविक समय में आवश्यक समायोजन करने के लिए स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा नियमित मूल्यांकन किया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि इस पहल के साथ, राज्य एक स्वस्थ, मजबूत और अधिक लचीली पीढ़ी बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम उठा रहा है। उन्होंने कहा सीएम योगी ने दोहराया है कि बाल पोषण केवल एक कल्याणकारी उपाय नहीं है, बल्कि यूपी के भविष्य में एक आधारभूत निवेश है।

# आपातकालीन तैयारियों की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने की उच्चस्तरीय समीक्षा

■ गृह व पुलिस विभाग को परिचालन तत्परता और जल-विद्युत आपूर्ति की सुरक्षा बनाए रखने के दिए आदेश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के मद्देनजर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को दिल्ली सचिवालय में सभी विभागाध्यक्षों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए सभी विभागों की तैयारी की समीक्षा हुई। मुख्यमंत्री ने बिजली विभाग को बिजली जाने की स्थिति में तैयारी रखने और आवश्यक सेवाओं के लिए बैकअप बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने गृह व पुलिस विभाग को परिचालन तत्परता और जल-विद्युत आपूर्ति की सुरक्षा बनाए रखने के आदेश दिए गए। मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग, दिल्ली नगर निगम,नई दिल्ली नगर पालिक आदि को आपात स्थिति में अवसंरचना निर्माण के लिए ठेकेदारों व मशीनरी की सूची तैयार रखने के निर्देश दिए। उन्होंने दिल्ली परिवहन निगम व दिल्ली मेट्रो रेल कार्पोरेशन को आपात योजना व निकासी के लिए रूट मैप्स व फ्लीट प्रबंधन तैयार करने को कहा। दमकल विभाग को अलर्ट स्थिति में रहने के निर्देश दिए गए। दिल्ली सरकार ने आठ मई को आदेश जारी कर सभी अधिकारियों की छुट्टियां रद्द कर दीं। इसके साथ ही अगले आदेश तक किसी भी अधिकारी और कर्मचारी को छुट्टी देने पर रोक लगा दी गई है। दिल्ली में नागरिकों की सुरक्षा और आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों को और मजबूत बनाने के लिए दिल्ली लोक निर्माण विभाग ने नागरिक सुरक्षा निदेशालय के साथ मिलकर 09 मई की दोपहर आईटीओ स्थित पीडब्ल्यूडी मुख्यालय की बहुमंजिला इमारत पर एयर रेड अलर्ट सायरन का परीक्षण किया। दिल्ली के लोक निर्माण मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने बताया कि शहर की प्रमुख बहुमंजिला इमारतों पर 40 से 50 एयर रेड अलर्ट सायरन लगाए जाएंगे। आपात स्थिति में यह सायरन चेतावनी देने का काम करेंगे। सभी सायरनों को एक केंद्रीय कमांड सेंटर से नियंत्रित किया जाएगा और इनका संचालन राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अधीन होगा।

# एसजीपीसी ने सीमावर्ती गांवों के 50 गुरुद्वारों से गुरु ग्रंथ सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाए

कैनविज टाइमस संवाददाता



चंडीगढ़। भारत-पाक तनाव के चलते शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने सीमावर्ती क्षेत्र के गांवों में स्थापित गुरुद्वारा साहिबानों से गुरू ग्रंथ साहिब के पावन स्वरूपों को सुरिक्षत अमृतसर पहुंचा दिया है। एसजीपीसी के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने शुक्रवार को बैठक के दौरान यह निर्देश जारी किए थे। इसके बाद एसजीपीसी के अधिकारी तथा दरबार साहिब के धार्मिक कर्मचारियों ने पंजाब के सीमावर्ती जिलों का दौरा किया और वहां से गुरु ग्रंथ साहिब के पावन स्वरूपों को अमृतसर स्थित गुरुद्वारा साहिबानों में पहुंचाया गया। एसजीपीसी प्रवक्ता के अनुसार सेना द्वारा सीमावर्ती गांवों को खाली करवाया जा रहा है। जिसके चलते स्थापित गुरुद्वारा साहिबानों से गुरुग्रंथ साहिब के स्वरूपों की सुरक्षा बेहद जरूरी है। शुक्रवार को अमृतसर व तरनतारन जिलों से गुरु ग्रंथ साहिब के स्वरूपों को अमृतसर पहुंचाया गया। एसजीपीसी द्वारा शनिवार सुबह तक नौशहरा ढाला, हवेलियां, राजोके, भूरा कोहना समेत अन्य कई सीमावर्ती गांवों में स्थित गुरुद्वारा साहिबानों ने करीब 50 स्वरूपों को मर्यादा के साथ सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया है। एसजीपीसी द्वारा यह सेवा गाडिय़ों के माध्यम से की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### खानपुर विधायक उमेश कुमार और पूर्व विधायक कुंवर प्रणव के बीच विवाद में दर्ज हुए मुकदमे

**हरिद्वार।** खानपुर विधायक उमेश कुमार और पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह के बीच शुक्रवार को हुए विवाद के मामले में विधायक और पूर्व विधायक समेत दोनों पक्षों के एक दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है कि बीते रोज लंढौरा के समीप एक बार फिर से खानपुर विधायक उमेश कुमार और पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह चैंपियन के बीच विवाद हो गया था। जहां उमेश कुमार ने पूर्व विधायक पर उनके काफिले में अपने काफिले की गाड़ियां घुसाकर साइड मारने और अभद्रता करने का आरोप लगाया था। वहीं पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह चैंपियन ने उमेश कुमार पर उनके ऊपर हमला करवाने का आरोप लगाया था। अब इस मामले में दोनों जनप्रतिनिधियों के चालकों की ओर से तहरीर दी गई है। लक्सर थाने में विधायक उमेश कुमार के चालक सागर की ओर से दी तहरीर में बताया गया कि वह लक्सर से लौट रहे थे, तभी कुंवर प्रणव सिंह अपने काफिले को लेकर वहां आए और उनकी गाड़ियों को साइड मारते हुए गाड़ियों को पलटने का प्रयास किया। आरोप है कि गाली गलौज और अभद्रता भी की गई। मामले में पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह चैंपियन समेत आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह चैंपियन के चालक प्रभात कुमार ने मंगलौर कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि विधायक उमेश कुमार ने लंढौरा में उनकी गाड़ी को टक्कर मारी और लाठी डंडे व तमंचे लहराते हुए उनके ऊपर हमला किया। विधायक पर जाती सूचक शब्द कहने के आरोप भी विधायक पर लगाए हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मंगलौर सीओ विवेक कुमार ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है जांच की जा रही है।

### हत्या व दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने 17 साल से फरार चल रहे अपराधी को महाराष्ट्र के जलगांव से एक चलती ट्रेन में गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान मोहम्मद आलम के रूप में हुई है। यह बिहार के मुजफ्फरपुर में 2008 में हुए हत्या के एक मामले में वांछित था। इसके अलावा वह दिल्ली के लक्ष्मी नगर थाने में दर्ज बलात्कार और पॉक्सो एक्ट के एक मामले में भी वांछित था। क्राइम ब्रांच की डीसीपी अपूर्व गुप्ता ने शनिवार को बताया कि 28 अक्टूबर 2008 को दीपावली के दिन आरोपित मोहम्मद आलम ने अपने पांच साथियों के साथ मिलकर मुजफ्फरपुर (बिहार) निवासी तोकीर खान की चाकू से गोदकर हत्या कर दी थी। इस संबंध में थाना टाउन, मुजफ्फरपुर में हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ। वारदात के बाद से आरोपित फरार चल रहा था और बिहार पुलिस को कोई सुराग नहीं मिल रहा था। डीसीपी के अलावा इसके अलावा आरोपित के खिलाफ दिल्ली के लक्ष्मी नगर थाने में आरोपित की बेटी ने ही उस पर बलात्कार और पॉक्सो एक्ट के तहत गंभीर आरोप लगाए थे। इस मामले में आरोपित को गिरफ्तार किया गया था और चार्जशीट भी दायर की थी। लेकिन अदालत से 15 दिन की अंतरिम जमानत मिलने के बाद आरोपी 28 फरवरी 2023 को फरार हो गया। जिस के बाद अदालतने 12 दिसंबर 2023 को उसे भ्गोड़ा घोषित कर दिया। डीसीपी के अनुसार क्राइम ब्रांच की टीम लगातार भगोड़े बदमाशों को पकड़ने का काम कर रही है। उक्त मामले की जांच के दौरान क्राइम ब्रांच कीटीम को सूचना मिली कि आरोपित श्रमिक एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 19052) में सवार होकर बिहार से महाराष्ट्र की ओर जा रहा है। टीम में शामिल एसआई प्रमोद कुमार ने तुरंत कार्रवाई करते हुए एक टीम को रवाना किया। पुलिस टीम ने ट्रेन में सवार होकर 3S4 घंटे तक कोच में तलाशी अभियान चलाया और आखिरकार जलगांव जंक्शन (महाराष्ट्र) के पास आरोपित को गिरफ्तार किया।पूछताछ में आरोपित ने खुलासा कि वह पिछले कई वर्षों से लगातार अपने हुलिए, पते और मोबाइल नंबर बदलता रहा ताकि पुलिस उसे पकड़ न सके।

### लूटपाट के मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की साइबर सेल यूनिट ने लूटपाट के मामले में फरार अपराधी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान फैज़ान बेग उर्फ राजा (25) के रूप में हुई है। वह पिछले कई महीनों से फरार था और अदालत ने उसे भगोड़ा घोषित किया हुआ था। साइबर सेल यूनिट ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपित को विजय पार्क मौजपुर से गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी आदित्य गौतम ने बताया कि 6 अक्टूबर 2023 की दोपहर करीब 4:20 बजे फैज़ान बेग उर्फ राजा अपने साथी महमूद उर्फ दूधिया के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर तिमारपुर मार्केट में एक महिला से पर्स और मोबाइल छीनकर फरार हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने पीछा कर महमूद को दबोच लिया। जबकि फैज़ान भीड़ का फायदा उठाकर भाग निकला था।

### युवक पर जानलेवा हमला, अपने ही तमंचे से चली गोली से घायल हुआ बदमाश

**हरिद्वार।** शहर के सबसे व्यस्त चौराहे चंद्राचार्य चौक पर देर रात एक फिल्मी दृश्य जैसा वाकया सामने आया, जिसमें हमला करने आया युवक ही अपने तमंचे से चली गोली से घायल हो गया। मामला आपसी रंजिश का बताया जा रहा है। दरअसल, घायल युवक सुमित चौधरी के साथ मनीष राठी और एक महिला भी थे। ये लोग एक दूसरे युवक अभिनव चौधरी से मारपीट कर रहे थे। उन्होंने पहले युवक को स्कार्पियो के अंदर मारा, फिर युवक को स्कॉर्पियो कार से खींचकर निकाल लिया और उसके साथ मारपीट करने लगे। इसी दौरान एक हमलावर सुमित चौधरी ने तमंचे की बट से वार करने का प्रयास किया और इसी दौरान तमंचे से गोली चल गई और हमलावर सुमित चौधरी अपने ही तमंचे से चली गोली लगने से घायल हो गया। वहीं अभिनव चौधरी को भी चोट आई। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी प्रदीप बिष्ट ने बताया कि गोली हमलावर के असलहे से चली और खुद उसी के पैर में जा लगी, जिससे वह घायल हो गया, जिसके बाद स्थानीय कारोबारी ने उसे पकड़ लिया। पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। बताया कि प्राथमिक जांच में मामला आपसी रंजिश से जुड़ा नजर आ रहा है। चौक क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि फरार युवक की पहचान की जा सके।

# एसएमजेएन कॉलेज में कुलसचिव प्रो. दिनेश चन्द्र का निरीक्षण

## 13 मई से प्रारंभ होने वाली परीक्षाओं को लेकर निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, टिहरी गढ़वाल के कुलसचिव प्रो. दिनेश चन्द्र ने आगामी 13 मई से शुरू हो रही स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षाओं की तैयारियों को लेकर एसएमजेएन कॉलेज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा नियंत्रण कक्ष, अध्ययन कक्ष, मूल्यांकन केन्द्र और संग्रहण केन्द्र की व्यवस्था का जायजा लिया। जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सुनील बत्रा ने बताया कि महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय से सम्बन्धित समस्याओं से कुलसचिव को अवगत कराया गया, जिस पर कुलसचिव ने शीघ्र समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. दिनेश चन्द्रा ने महाविद्यालय प्रबन्धन, विशेषतौर पर प्राचार्य प्रो. सुनील कुमार बत्रा के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि प्रो. सुनील कुमार बत्रा के कुशल दिशा निर्देशन में एसएमजेएन कॉलेज में छात्र-छात्राओं के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि प्रो. सुनील कुमार बत्रा की कार्यकुशलता के चलते विश्वविद्यालय द्वारा एसएमजेएन कॉलेज को निरन्तर मूल्यांकन केन्द्र व संग्रहण केन्द्र बनाया जा रहा है। कुलसचिव प्रो. चन्द्रा ने कहा कि महाविद्यालय को और अधिक संरक्षित, समृद्ध व सुव्यवस्थित कर शैक्षणिक माहौल को स्तरीयता प्रदान करना उनकी प्राथमिकता है तथा निरीक्षण इसी अभियान का हिस्सा है। इस अवसर पर मुख्य परीक्षा प्रभारी डॉ. मन मोहन गुप्ता, सह परीक्षा प्रभारी प्रो. जगदीश चन्द्र आर्य, डॉ. संजय कुमार माहेश्वरी, विनय थपलियाल, डॉ. मनोज कुमार सोही, डॉ. शिवकुमार चौहान, वैभव बत्रा, एमसी पांडेय, रुचिता सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

# जबरन वसूली और अपहरण के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की उत्तरी रेंज टीम ने जबरन वसूली और अपहरण के गंभीर मामले में फरार चल रहे दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान राहुल और रवि उर्फ कालू के रूप में हुई है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी आदित्य गौतम ने शनिवार को बताया कि 20 जून 2024 को उत्तम नगर इलाके में संपत्ति विवाद को लेकर एक महिला के दो बेटों का अपहरण कर लिया गया था। पीड़िता और उनके भाई का एक प्लॉट को लेकर अपने पड़ोसी राजेन्द्र उर्फ डॉक्टर के साथ विवाद था। उसी दिन राजेन्द्र ने अपने साथियों के साथ पीड़िता के घर में जबरन घुसकर उनके दो बेटों का अपहरण कर लिया और उन्हें हरियाणा के पानीपत जिले के गांव चुलकाना ले जाया गया। स्थानीय पुलिस ने मामला दर्ज किया। जांच के दौरान यह सामने आया कि अपहरण के पीछे का मकसद पीड़िता से फिरौती की मांग और उत्तम नगर के पंचशील कॉलोनी स्थित एक प्लॉट को खाली कराना था।

# पीजीआई चंडीगढ़ के डाक्टरों की टीम जम्मू में देगी सेवाएं

चंडीगढ़। भारत-पाकिस्तान सैन्य टकराव के दौरान घायल होने वाले सामान्य नागरिकों व सैनिकों के इलाज के लिए पीजीआई चंडीगढ़ के डॉक्टर्स की टीम अब जम्मू में सेवाएं देगी। डॉक्टर्स का एक दल शुक्रवार की रात चंडीगढ़ से जम्मू रवाना हुआ। जम्मू में टीम का नेतृत्व जीएमसी जम्मू के प्रिंसिपल-कम-डीन डॉ. आशुतोष गुप्ता करेंगे। पीजीआई के निदेशक डॉ.विवेक लाल ने बताया कि टीम में डॉक्टर्स, नर्सिंग ऑफिसर्स और ट्रांसपोर्ट सपोर्ट स्टाफ शामिल हैं। यह टीम आपात स्थिति में घायलों की मदद और चिकित्सा सेवाएं देने के लिए भेजी गई है। प्राथमिकता मरीजों की जान बचाने और इमरजेंसी को प्रभावी ढंग से संभालने की है। उन्होंने कहा कि अस्पताल के भीतर भी सभी आपात सुविधाओं को हाई अलर्ट पर रखा गया है। एडवांस ट्रॉमा सेंटर में विशेष तैयारियां की गई हैं। एनेस्थीसिया विभाग,सर्जरी विभाग,ऑर्थोपेडिक्स, प्लास्टिक सर्जरी,नर्सिंग स्टाफ को जम्मू में विशेष डयूटी पर भेजा गया है। डॉ. विवेक लाल ने बताया कि आज उन्होंने यहां बनाए गए एडवांस ट्रॉमा सेंटर का निरीक्षण किया है। अस्पताल में डिजास्टर वार्ड को एक्टिव कर दिया गया है। मरीजों को अन्य वार्डों में शिफ्ट किया जा रहा है। सभी विभागों को अलर्ट किया गया है और आईसीयू, वेंटिलेटर, बैड और जरूरी दवाइयों का स्टॉक सुनिश्चित किया गया है। भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर हुई एयर स्ट्राइक के दौरान पुंछ में घायल हुई महिला का चंडीगढ़ पीजीआई में सफल आपरेशन किया गया है। इसके अलावा अन्य मरीजों की हालत भी सामान्य है।

# उत्तराखंड चारधाम यात्रा के लिए दोपहर बाद फिर से शुरू हुई हेलीकाप्टर सेवा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

■ एटीसी से क्लिरेंस मिलने के बाद दोपहर सवा बारह बजे से फिर शुरू हुई हेलिकॉप्टर सेवा

रुद्रप्रयाग। उत्तराखंड की चारधाम यात्रा के लिए दो घंटे तक हेलीकॉप्टर सेवा बंद रहने के बाद दोबारा से शुरू हो गई है। एटीसी से क्लिरेंस मिलने के बाद आज दोपहर सवा बारह बजे से हेलिकॉप्टर सेवा पुनः सुचारु हो गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि चारधाम यात्रा पर आने वाले यात्रियों की सुगम यात्रा के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के चलते शनिवार को सुबह 10 बजे केंद्रीय एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने चारधाम में हेलिकॉप्टर सेवा को अग्रिम आदेश तक रोक दिया था। इस दौरान बहुत से यात्री मायूस हो गये थे। इसको लेकर केदारनाथ यात्रा पर आये कई यात्री हेली कंपनियों के कार्यालय में जानकारी जुटाते रहे। वहीं, दोपहर 12.15 बजे एटीसी से क्लिरेंस मिलते ही हेलिकॉप्टर सेवा केसुचारु होने पर यात्रियों ने राहत की सांस ली। इधर, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी जारी संदेश में कहा है कि केदारनाथ सहित चारधाम यात्रा के लिए हेलिकॉप्टर सेवा सुचारु है। उन्होंने कहा कि सरकार यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं की सुलभ यात्रा के लिए प्रतिबद्ध है। 30 अप्रैल से शुरू हुई चारधाम यात्रा में अभी तक चार लाख श्रद्धालु गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ और बदरीनाथ धाम के दर्शन कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालु किसी भी अफवाह पर ध्यान नहीं दें। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड शासन एक-एक यात्री और पर्यटक की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। दूसरी तरफ यूकाडा की सीईओ मोनिका ने बताया कि शनिवार को सुबह भारत-पाक के तनाव के मद्देनजर उत्तराखंड में हेली सर्विसेज को एनओसी नहीं मिल रही थी, जिसकी वजह से चारधाम यात्रा में लगी हेलीकॉप्टर सर्विसेज बाधित हो गई थीं।


# राज्यपाल ने नवविवाहिता द्वारा सैनिक पति की विदाई को मां जानकी का प्रेरणाश्रोत दिया करार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतामढ़ी। बिहार में सीतामढ़ी जिले के पुनौराधाम श्री जानकी जन्म स्थान स्थित सीता प्रेक्षागृह में आयोजित सीता महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने वैसी वीरांगना की सराहना की,जिन्होंने दो चार दिन पहले शादी हुए नवविवाहिता अपने वीर सैनिक पति को सरहद की सुरक्षा के लिए भेज रही है। उन्होंने इस अदम्य साहस के लिए मां जानकी की प्रेरणा करार दिया। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि सैनिक सुनिश्चित करते हैं कि देशवासी किस तरह सुरक्षित रहे।घर से वीर सैनिक की पत्नियां बहादुरी से अपने पति को विदा करती है।पति का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें उनके दायित्व का बोध कराती है।खुशी-खुशी अपने पति को विदा करती है।पत्नी अपने पति को साहस देती है कि वह उनके पीछे खड़ी है।उन्होंने कहा कि सैनिक भारत मां के ऐसे सपूत हैं,जो अपने जान को जोखिम में डालकर अपनी मां भारत मां को सुरक्षित रखने का काम करती है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने बताया कि देश आज जिस परिस्थिति से गुजर रहा है,उसको लेकर कल रविवार देश के सभी राजभवन में सर्वधर्म प्रार्थना सभा आयोजित होगी। उन्होंने कहा कि आतंकवाद से देशवासी आजीज हो चुके हैं।

मासूमों की काफी खून बह चुका है। आतंकवाद के खात्मे के लिए हरेक नागरिक आज देश के साथ खड़े हैं। मां जानकी को लेकर राज्यपाल ने मां सीता के रूप का वर्णन करते हुए कहा कि रावण क्या कभी मां सीता का हरण कर सकता।लेकिन मां सीता ने सबरी की उस पथरीली आंखों,विभीषण की राम राम की जाप और उसके दर्शन को तरस और हनुमान की वीरता को दिखवाने के लिए हरण हुई। यह मां जानकी की लीला थी। मां जानकी का जन्म विश्व कल्याण को लेकर प्राकट्य हुआ था। उन्होंने कहा कि उनका शौभाग्य है कि जिस जन्मभूमि पर मां जानकी ने जन्म लिए,उस राज्य के वह प्रथम नागरिक हैं।उन्होंने कहा कि हिन्दी प्रदेशों में ही नहीं सुदूरवर्ती दक्षिण के प्रदेशों में भी मां जानकी और भगवान श्री राम प्रेरणा के श्रोत हैं।

उन्होंने कहा कि मानव की एक प्रकृति है श्रद्धा और आदर।प्रेरणाश्रोत वे होते हैं,जिनसे लाभ प्राप्त होता है।बच्चों को संस्कार और सुधारने के लिए प्रेरणा पुरुषों के साथ नारी भी हैं। इसलिए भगवान श्री राम को मर्यादा पुरूषोतम कहा जाता है। मां सीता में तो धरती का गुण उत्पत्ति और स्थिति से है।उन्होंने कहा कि ज्ञानी पुरुष आत्मा को जानने की कोशिश करते हैं। ब्रह्म और आत्म ज्ञान से प्राप्त ज्ञानी पुरुष साधारण व्यक्ति से ज्यादा मेहनत करते हैं।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063